सूर्योदय 7:17 सूर्यास्त 5:25

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.0 न्यू | 19.0 अधि |
| धर्मशाला | 11.0 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,567 |
| निफ्टी | 26,172 |
| सोना 1,33,970 | चांदी 2,07,727 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 23 दिसंबर 2025 | 8 पौष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 357, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### पंजाब के पूर्व आईजी ने खुद को मारी गोली

**एजेंसी, पटियाला।** पंजाब के पटियाला में पूर्व इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (आईजी) अमर सिंह चहल ने घर में खुद को गोली मार ली। उन्होंने गोली सुरक्षाकर्मी के रिवॉल्वर से पेट में मारी। गोली लगने से वह घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें तुरंत पटियाला के पार्क अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चहल ने गोली मारने से पहले 12 पेज का सुसाइड नोट लिखा। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक सुसाइड नोट में 8.10 करोड़ रुपए के ऑनलाइन फ्रॉड का जिक्र है। उन्होंने कुछ लोगों से पैसे उधार लिए थे। चहल ने आगे लिखा कि परिवार को सुरक्षा दी जाए। उन्होंने पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव से एसआईटी या सीबीआई से मामले की जांच करवाने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

### शादी सिर्फ शारीरिक संतुष्टि नहीं : भागवत

**एजेंसी, कोलकाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का कहना है कि लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले लोग जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं हैं।



उन्होंने कहा कि परिवार, शादी, सिर्फ शारीरिक संतुष्टि का जरिया नहीं है। यह समाज की एक इकाई है। भागवत ने आगे कहा कि परिवार वह जगह है जहां एक व्यक्ति समाज में रहना सीखता है। लोगों के मूल्य वहीं से आते हैं। उन्होंने कोलकाता में संघ के कार्यक्रम में यह बात कही। परिवार के बारे बात करते हुए भागवत ने कहा कि शादी की उम्र तय करने का कोई फॉर्मूला नहीं है, लेकिन रिसर्च से पता चलता है कि शादी 19 से 25 साल की उम्र के बीच की जा सकती है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ेंगे अजित!

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर बड़े फेरबदल के संकेत मिल रहे हैं। सूत्रों के हवाले से खबर है कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी), जो फिलहाल सत्ताधारी 'महायुति' का हिस्सा है, वह पुणे नगर निगम (पीएमसी) चुनावों के लिए विपक्षी कांग्रेस के साथ हाथ मिलाने की संभावनाएं तलाश रही है। सूत्रों के मुताबिक, अजित पवार ने रविवार रात वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतेज पाटिल को टेलीफोन पर बातचीत के दौरान गठबंधन पर चर्चा का प्रस्ताव रखा। पाटिल ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस मुद्दे पर पार्टी के भीतर चर्चा के बाद ही कोई फैसला लिया जा सकता है, क्योंकि कांग्रेस 165 सदस्यीय निकाय में सम्मानजनक हिस्सेदारी चाहती है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- अतिक्रमण से सिकुड़ीं हमीरपुर जिले की सड़कें -पेज 2
- शिक्षा की गुणवत्ता व समानता पर फोकस -पेज 3
- पराशर का मार्गदर्शन बना निहारिका के जीवन की पतवार -पेज 5
- कुटलैहड़ में जनाक्रोश रैली में वीरेंद्र कंवर का शक्ति प्रदर्शन -पेज 10
- सोलन में फसलों पर सूखे की मार, 30 प्रतिशत फसलें प्रभावित -पेज 12


# भारत–न्यूजीलैंड में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट

## समझौते से दोनों देशों में वस्तुओं व निवेश में द्विपक्षीय व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और न्यूजीलैंड ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर साइन कर दिए हैं। सोमवार को इसकी घोषणा की गई। इसका उद्देश्य वस्तुओं और निवेश में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देना है। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने भारत के साथ एफटीए पर वार्ता पूरी होने की जानकारी दी। इस समझौते पर बातचीत इस वर्ष मई में शुरू हुई थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत और न्यूजीलैंड ने एक व्यापक, संतुलित और भविष्योन्मुखी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) किया है, जो इंडो–पैसिफिक क्षेत्र के साथ भारत के जुड़ाव में एक बड़ा आर्थिक और रणनीतिक मील का पत्थर है। इस समझौते पर तीन महीने में हस्ताक्षर होने की संभावना है। मंत्रालय ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौता विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह किसी विकसित देश के साथ भारत के सबसे तेजी से पूरे किए गए मुक्त व्यापार समझौते में से एक है। इसका मकसद वस्तुओं तथा निवेश में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देना है। एफटीए पर वार्ता इस साल मई में शुरू हुई थी। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री लक्सन की मार्च 2025 की भारत यात्रा के दौरान शुरू हुई बातचीत को महज नौ महीनों में पूरा किया जाना दोनों देशों की साझा राजनीतिक इच्छाशक्ति और द्विपक्षीय संबंधों को गहराई देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह एफटीए व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने, बाजार पहुंच को मजबूत करने तथा रणनीतिक सहयोग को नई दिशा देने में सहायक होगा। साथ ही दोनों देशों के निवेशकों, उद्यमियों, किसानों, एमएसएमई, छात्रों और युवाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नए अवसर भी खोलेगा।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्पष्ट किया कि घरेलू हितों को ध्यान में रखते हुए भारत ने कुछ संवेदनशील क्षेत्रों को इस एफटीए से बाहर रखा है। इनमें डेयरी उत्पाद, चीनी, कॉफी, मसाले, खाद्य तेल, कीमती धातुएं जैसे सोना और चांदी, कीमती धातुओं का कबाड़, कॉपर कैथोड और रबर आधारित उत्पाद शामिल हैं। इसका उद्देश्य किसानों, एमएसएमई और घरेलू उद्योगों को संरक्षण देना है। (अनंत ज्ञान)



फाइल फोटो।

### पीएम मोदी ने बताया ऐतिहासिक उपलब्धि

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते को दोनों देशों के संबंधों में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह साझेदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। मोदी ने एक्स पर कहा, 'भारत-न्यूजीलैंड साझेदारी नई ऊंचाइयों पर पहुंचने वाली है। एफटीए अगले पांच सालों में दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करने का रास्ता तैयार करता है। भारत न्यूजीलैंड से अलग-अलग सेक्टर में 20 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा के निवेश का स्वागत करता है। हमारे प्रतिभाशाली युवा, मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र और सुधार-आधारित अर्थव्यवस्था नवाचार और दीर्घकालिक साझेदारी के लिए एक मजबूत नींव देते हैं।

### समझौते की मुख्य बातें

- **भारत** ने 70 फीसदी श्रेणियों में शुल्क उदारीकरण की पेशकश की है, जिसके दायरे में भारत-न्यूजीलैंड द्विपक्षीय व्यापार का 95 फीसदी हिस्सा आता है।
- **यह** समझौता भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों जैसे वस्त्र, परिधान, चमड़ा, जूते, समुद्री उत्पाद, रत्न एवं आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरिंग सामान तथा मोटर वाहन की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाता है।
- **5,000** पेशेवरों के लिए अस्थायी रोजगार प्रवेश वीजा और 1,000 कार्य एवं अवकाश वीजा का कोटा।
- **न्यूजीलैंड** ने अगले 15 वर्ष में भारत में 20 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई है।
- **उत्पादकता** बढ़ाने के लिए न्यूजीलैंड द्वारा सेब, कीवी फल और शहद के लिए उत्कृष्टता केंद्रों के जरिए कृषि उत्पादकता साझेदारी की स्थापना।
- **आयुष,** संस्कृति, मत्स्य पालन, ऑडियो-विजुअल पर्यटन, वानिकी, बागवानी और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों में सहयोग पर सहमति बनी है। मुक्त व्यापार समझौते में बेहतर नियामक सहयोग के माध्यम से गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने के प्रावधान भी शामिल हैं।

# डिजिटल नवाचारों से सुशासन की ओर बढ़ा हिमाचल : सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नई दिल्ली में आयोजित गवर्नमेंट समिट को संबोधित करते सीएम सुक्खू।

नई दिल्ली में आयोजित आरोहण ग्रोथ विद इंपैक्ट, गवर्नमेंट समिट में हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिरकत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सूचना प्रौद्योगिकी आधारित नवाचारों के माध्यम से नागरिकों को सुलभ और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि डिजिटलाइजेशन से प्रशासनिक प्रक्रियाओं में दक्षता बढ़ी है और सेवाओं की समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदर्श सुशासन मॉडल अपनाकर सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र नागरिकों तक पहुंचाया जा रहा है। राज्य सरकार सभी क्षेत्रों में नवीनतम तकनीक के उपयोग से सेवा प्रणालियों के आधुनिकीकरण और उनकी परिचालन क्षमता में सुधार के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। हिम परिवार परियोजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस पहल से नागरिकों का सटीक डेटाबेस तैयार हुआ है, जिससे लाभार्थियों की पहचान आसान हुई है। हिम परिवार पोर्टल के जरिए लोग घर बैठे सेवाओं और योजनाओं तक पहुंच बना पा रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा, प्रधान सलाहकार गोकुल बुटेल, ओएसडी कर्नल केएस बांशटु सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

- **मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में गवर्नमेंट समिट में बताईं सरकारी योजनाएं**
- **बोले- हिम परिवार से योजनाओं की पहुंच और पारदर्शिता मजबूत**

# हाईकोर्ट में पंचायत चुनाव पर सुनवाई 30 तक टली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में पंचायत चुनाव में हो रही देरी को लेकर दायर जनहित याचिका पर सोमवार को उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। अदालत ने राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए मांगे गए अतिरिक्त समय को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई की तारीख 30 दिसंबर तय कर दी। इससे पहले अदालत सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी कर चुकी है और चुनाव में देरी को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। आज की सुनवाई में साफ हुआ कि प्रदेश में पंचायत चुनाव फिलहाल अदालत के फैसले पर निर्भर रहेंगे। सरकार की ओर से आपदा और प्रशासनिक कारणों का हवाला दिया जा रहा है, जबकि याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता ने समय पर चुनाव कराना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए आवश्यक बताया है। अदालत अब 30 दिसंबर को सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग के जवाबों के आधार पर अगला रुख तय करेगी। बता दें कि मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने बीते 8 अक्तूबर को डिजास्टर एक्ट का हवाला देते हुए आपदा से हालात सामान्य होने के बाद पंचायत चुनाव कराने की बात कही है। इसके बाद, कैबिनेट ने भी चुनाव की घोषणा से कुछ दिन पहले पंचायतों के पुनर्गठन का फैसला लिया है।

- **सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए मिला अतिरिक्त समय**

# आईजीएमसी में डॉक्टर ने मरीज को पीटा

## खाली बिस्तर पर लेटने पर कर दी मुक्कों की बौछार, आरोपी डॉक्टर सस्पेंड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) शिमला में सोमवार को एक ऐसी घटना सामने आई, जिसने डॉक्टरों की संवेदनशीलता और मानवीय व्यवहार पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। इलाज के लिए आए एक मरीज को सिर्फ इसलिए पीट दिया गया, क्योंकि वह एंडोस्कोपी जांच के बाद एक खाली बिस्तर पर लेट गया था। परिजनों के कड़े विरोध के बाद प्रशासन ने आरोपी डॉक्टर को सस्पेंड कर दिया है। इसकी पुष्टि मरीज के परिजन नरेश दास्टा ने की है।

पीड़ित मरीज अर्जुन पंवार के परिजनों ने बताया कि एंडोस्कोपी प्रक्रिया पूरी होने के बाद चिकित्सकों ने मरीज को कुछ देर आराम करने की सलाह दी थी। इसके बाद मरीज चेस्ट रोग विभाग के वार्ड में पहुंचा, जहां उसे एक बिस्तर खाली दिखा और वह वहां लेट गया। इसी दौरान वहां पहुंचे चिकित्सक राघव नरूला ने मरीज से अपमानजनक भाषा में सवाल–जवाब शुरू कर दिए।

मरीज का आरोप है कि जब उसने शालीनता से बात करने की अपील की, तो चिकित्सक और अधिक उग्र हो गया। देखते ही देखते बात हाथापाई तक पहुंच गई और चिकित्सक ने अपने साथियों की मदद से मरीज के साथ मारपीट की और उस पर मुक्कों की बौछार कर दी। मरीज ने किसी तरह खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान उसे शारीरिक और मानसिक रूप से गहरा आघात पहुंचा। घटना की जानकारी मिलते ही मरीज के परिजन भड़क उठे और अस्पताल परिसर में जोरदार हंगामा शुरू हो गया। हालात तनावपूर्ण होते देख अस्पताल प्रशासन और पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा।

प्रशासन ने परिजनों को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया, जिसके बाद स्थिति पर काबू पाया जा सका।

### मुख्यमंत्री के आदेश पर जांच कमेटी गठित

**आईजीएमसी** के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल रॉव ने कहा कि मुख्यमंत्री के इस मामले को लेकर आए आदेशों के बाद प्रारंभिक जांच के लिए चेस्ट एंड टीबी विभागाध्यक्ष डॉ. मलय सरकार की अध्यक्षता में जांच कमेटी बनाई गई है। इसमें डिप्टी एमएस डॉ. प्रवीण भाटिया और नर्सिंग अधीक्षक इसमें सदस्य है। जांच कमेटी की रिपोर्ट आने पर मामले में चिकित्सक को लेकर आगामी कार्रवाई तय की जाएगी।

### मरीज के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं: डॉ. शांडिल

**प्रदेश** सरकार में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने स्पष्ट कहा कि मरीज के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आरोपी चिकित्सक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और यदि जांच में आरोप सही पाए गए, तो उसकी सेवाएं समाप्त करने तक की कार्रवाई की जाएगी।

# नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया राहुल को नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड केस मामले की सोमवार सुनवाई करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी से जवाब मांगा है। ईडी ने सोनिया और राहुल के खिलाफ आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से इनकार करने वाले निचली अदालत के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। जस्टिस रविंद्र डुडेजा ने ईडी के 16 दिसंबर के ट्रायल कोर्ट के आदेश पर स्थगन की मांग वाली याचिका पर सोनिया और राहुल से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट में अब इस मामले की 12 मार्च 2026 को सुनवाई होगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ईडी की तरफ से दलील रखी जबकि सोनिया एवं राहुल की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और आर एस चीमा ने दलील दी। (अनंत ज्ञान)

# स्कूलों में नए साल से मोबाइल फोन सहित 6 उपकरणों के यूज पर रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के निरंतर प्रयोग के दुष्परिणामों से सबक लेते हुए हिमाचल सरकार के शिक्षा विभाग ने स्कूलों में इन पर कंप्लीट बैन लगा दिया है। पहली जनवरी, 2026 से स्कूल के छात्र मोबाइल फोन व पीईडीज यानी पर्सनल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को शिक्षण संस्थान में नहीं ला सकेंगे। मोबाइल के अलावा बच्चों पर स्मार्ट घड़ियों सहित कुल 6 उपकरणों को स्कूल में लाने पर पूर्ण रूप से बैन लगा दिया गया है।

इस आशय का इंस्ट्रक्शन लेटर सभी स्कूलों को जारी कर दिया गया है। शिक्षा सचिव की तरफ से जारी निर्देश पत्र में साफ कहा गया है कि स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में पैरेंट्स को स्पष्ट रूप से बता दिया जाए कि स्कूलों में मोबाइल व निजी गैजेट्स का प्रयोग करना पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। ऐसा करने पर न केवल छात्र, बल्कि सभी संबंधितों पर एक्शन होगा। स्कूलों में मोबाइल लाना केवल अपवाद स्वरूप मान्य होगा। यदि कोई छात्र बीमार रहता है या फिर किसी छात्र–छात्रा का कोई सुरक्षा का मसला है तो ऐसी स्थिति में स्कूल प्रबंधन व पैरेंट्स के बीच सहमति से छूट मिल सकती है।

इसके अलावा क्लास पढ़ाने के दौरान टीचर भी क्लास रूम में मोबाइल नहीं ला सकेंगे। अध्यापकों को सिर्फ अटेंडेंस, लर्निंग एप्स आदि के लिए ही इसे प्रयोग करने की अनुमति होगी। स्कूलों के मुख्य अध्यापक व प्रिंसिपल इन सभी निर्देशों का पालन करने के लिए जिम्मेदार और जवाबदेह होंगे।

# प्लेन का एक इंजन हवा में बंद दूसरे से की इमरजेंसी लैंडिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली से मुंबई जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट को 40 मिनट में ही इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बोइंग 777–300ईआर एआई 887 फ्लाइट का दाहिना इंजन टेक–ऑफ के बाद बंद हो गया। उसमें ऑइल प्रेशर जीरो हो गया था। इसके चलते उसे दिल्ली एयरपोर्ट लौटना पड़ा। प्लेन ने सुबह 6:10 बजे एआई 887 के रूप में मुंबई के लिए उड़ान भरी थी और 6.52 पर यह वापस आ गया। हालांकि 2 इंजन वाले प्लेन एक इंजन के जरिए भी सुरक्षित लैंड कर सकते हैं। इसलिए इसे तुरंत ही लौटाने का फैसला लिया गया। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के मुताबिक टेक–ऑफ के बाद लगभग एक घंटे तक हवा में थी। विमान में लगभग 335 लोग सवार थे। वहीं, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मामले में एयर इंडिया से एक डिटेल्ड रिपोर्ट मांगी है। (अनंत ज्ञान)

- **सिविल एविएशन मंत्रालय ने एयर इंडिया से मांगी रिपोर्ट**

# 'अरावली' बचाने के लिए भड़का आंदोलन

## राजस्थान के जोधपुर में लाठीचार्ज, कई शहरों में पुलिस-प्रदर्शनकारी भिड़े

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राजस्थान में अरावली पर्वत शृंखला को बचाने के लिए सोमवार को प्रदेशभर में कांग्रेस और सामाजिक संगठनों ने प्रदर्शन किया। उदयपुर कलेक्ट्रेट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का–मुक्की हुई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की।

यहां पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को अरेस्ट भी कर लिया। सीकर में 945 मीटर ऊंचाई पर स्थित हर्ष पर्वत पर प्रदर्शन किया। वहीं अलवर में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि राजस्थान के लिए अरावली फेफड़े के समान है। सुप्रीम कोर्ट को इस फैसले को वापस लेना होगा, नहीं तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। (अनंत ज्ञान)

### क्यों शुरू हुआ अरावली बचाओ अभियान ?

**सुप्रीम** कोर्ट के 20 नवंबर 2025 फैसले के अनुसार, जमीन से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली भू-आकृति को ही अरावली पहाड़ी माना जाएगा। इस मानक से अरावली की 90% से ज्यादा पहाड़ियां संरक्षण के दायरे से बाहर हो जाएगी। इस फैसले के बाद अरावली को बचाने की आवाजें तेज हो गई।



उदयपुर में कई संगठन कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर अरावली बचाने के लिए एकजुट हुए। कांग्रेस कार्यकर्ता, करणी सेना, फाइनेंस ग्रुप और कई समाजों के लोगों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को वापस लिया जाए।

# हसीना विरोधी एक और नेता पर हमला, घर में घुसकर गोली मारी

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना विरोधी एक और नेता पर हमला हुआ है। बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक खुलना में सोमवार दोपहर 12 बजे नेशनल सिटिजन्स पार्टी के नेता मोहम्मद मोतालेब शिकदर को घर में घुसकर गोली मार दी गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावरों ने सीधे मोतालेब के सिर को निशाना बनाकर फायरिंग की। वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें उठाकर खुलना मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस के मुताबिक, शुरुआत में उनकी हालत काफी नाजुक थी। डॉक्टरों ने बताया कि गोली उनके कान के एक तरफ से अंदर गई और फिर त्वचा को चीरते हुए कान की दूसरी तरफ से बाहर निकल गई। यानी गोली सिर के अंदर या दिमाग तक नहीं पहुंची, इसलिए गंभीर अंदरूनी चोट नहीं हुई। पुलिस अधिकारी अनिमेष मंडल ने कहा कि गनीमत रही कि गोली दिमाग तक नहीं पहुंची, जिससे उनकी जान बच गई। (अनंत ज्ञान)



- **कान के आर पार निकली हालत गंभीर**

## एनर्जी — सीएम ने बनाया ऊर्जा आत्मनिर्भरता का स्पष्ट रोडमैप, सौर ऊर्जा पर सबसे बड़ा फोकस

# हिमाचल में दो वर्ष में 500 मेगावाट सौर ऊर्जा का होगा दोहन

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश अब सिर्फ बिजली पैदा करने वाला राज्य नहीं, बल्कि स्वच्छ और हरित ऊर्जा का मजबूत उदाहरण बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पहाड़ों, नदियों और अब सूरज की ताकत के सहारे राज्य सरकार ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का सपना साकार करने में जुटी है। आम लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ऐसी नीतियां बना रही है, जिनसे पर्यावरण सुरक्षित रहे और गांव–गांव तक विकास पहुंचे।

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि मार्च 2026 तक राज्य की 90 प्रतिशत से अधिक बिजली जरूरत नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से पूरी की जाए। वर्तमान में हिमाचल की वार्षिक ऊर्जा खपत करीब 13 हजार मिलियन यूनिट है और इसे स्वच्छ ऊर्जा से पूरा करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार सौर ऊर्जा को भविष्य की सबसे बड़ी ताकत मानकर आगे बढ़ रही है। अगले दो वर्षों में 500 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए ग्रीन पंचायत कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसके तहत प्रदेश की पंचायतों में 500 किलोवाट क्षमता की ग्राउंड माउंटेड सौर परियोजनाएं लगाई जाएंगी। पहले चरण में 24 ग्राम पंचायतों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 16 पंचायतों में काम शुरू हो चुका है। इस योजना के जरिए 150 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य तय किया गया है। इन परियोजनाओं से होने वाली आमदनी का सामाजिक लाभ भी तय किया गया है। सौर परियोजनाओं से अर्जित राजस्व का 20 प्रतिशत हिस्सा अनाथ बच्चों और विधवाओं की सहायता पर खर्च किया जाएगा, ताकि विकास के साथ–साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी निभाई जा सके। इसके साथ ही राज्य सरकार ऊर्जा भंडारण (एनर्जी स्टोरेज) की दिशा में भी ठोस कदम उठा रही है, ताकि नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित बिजली का बेहतर उपयोग किया जा सके। बैटरी स्टोरेज सिस्टम और पंप स्टोरेज परियोजनाओं पर अध्ययन किया जा रहा है, जिससे अतिरिक्त बिजली को सुरक्षित रखकर जरूरत के समय इस्तेमाल किया जा सके। सरकार का मानना है कि इससे बिजली की आपूर्ति स्थिर रहेगी और बाहरी राज्यों पर निर्भरता कम होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं।



### वैकल्पिक ऊर्जा की ओर मजबूत कदम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सरकार सिर्फ सौर ऊर्जा तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रीन हाइड्रोजन, कंप्रेस्ड बायोगैस, भू-तापीय ऊर्जा और अन्य वैकल्पिक स्रोतों पर भी लगातार काम कर रही है। इन सभी प्रयासों का उद्देश्य साफ है कि वर्ष 2026 तक हिमाचल प्रदेश को देश के अग्रणी ग्रीन एनर्जी राज्य के रूप में स्थापित किया जाए, जहां विकास, पर्यावरण और समाज तीनों का संतुलन एक साथ दिखाई दे।

# एपस्टीन सेक्स स्कैंडल फाइल्स में ट्रंप की फोटो फिर अपलोड



**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट ने यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों में शामिल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की फोटो को फिर से जारी कर दिया है। इसमें मेलानिया ट्रंप की भी तस्वीर है। डिपार्टमेंट ने कहा है कि इस फोटो में एपस्टीन मामले के किसी भी पीड़ित को नहीं दिखाया गया है।

न्यूयॉर्क के सरकारी वकीलों ने पहले इस तस्वीर पर आपत्ति जताई थी, क्योंकि इससे पीड़ितों की पहचान उजागर होने का खतरा हो सकता था, इसलिए एहतियात के तौर पर इस तस्वीर समेत कुल 16 फाइलों को कल वेबसाइट से हटा दिया गया था। जांच के बाद ऐसा कोई खतरा नहीं मिला, इसलिए फोटो को बिना किसी बदलाव के दोबारा जारी कर दिया गया। इससे पहले सीएनएन ने बताया था कि एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों में से कई फाइलें वेबसाइट से हटा दी गई थीं। इनमें ट्रंप की यह फोटो भी शामिल थी। (अनंत ज्ञान)

# अतिक्रमण से सिकुड़ीं हमीरपुर की सड़कें

## नगर निगम बनने के बाद बिगड़े हालात, सिस्टम ने टेके घुटने व पैदल चलना भी हुआ दूभर

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**हमीरपुर।** अतिक्रमणकारियों ने हमीरपुर शहर की सभी सड़कों पर जिस अंदाज में 'मोटा कब्जा' कर लिया है, ऐसा लगता है कि 'सिस्टम' ने मुकम्मल तौर पर घुटने 'टेक' दिए हैं। हालात इतने विकट होते जा रहे हैं कि पैदल चलना भी 'दूभर' हो गया है। जब से इस शहर में एमसी का कब्जा हुआ है, हालात लगातार बेकाबू होते जा रहे हैं। अब तो हर कोई 'हाय-तौबा' कर रहा है।

अहम बात यह है कि ऐसा किस वजह से जारी है? यह किसी की समझ में नहीं आ रहा। शहर के हर हिस्से में अवैध कब्जों का यह सिलसिला बदस्तूर जारी है। इक्का-दुक्का मर्तबा दिखावे के लिए अतिक्रमण को हटाने का 'ढोंग' तो किया जाता है, लेकिन अगले ही पल पुरानी व्यवस्था परंपरा में बदल जाती है। क्या इन अतिक्रमणकारियों पर नियमों का अमल करवाने में प्रशासनिक व्यवस्था के हाथ बंधे हुए हैं? या फिर जानबूझकर ऐसा हो रहा है। जो भी हो, इस सारे मामले में हर कोई सिस्टम को दोषी ठहरा रहा है। क्योंकि अतिक्रमण के सिलसिले में रोजाना बढ़ोत्तरी का दौर बेरोक-टोक जारी है।

हालात मुख्य शहर के बीचों-बीच की सारी स्थिति खुद बयां कर रहे हैं। नगर निगम का जहां कार्यालय है, उसके बाहर की स्थिति का ही आंकलन कोई कर ले, तो फिर पूरे शहर का दौरा करने की जरूरत नहीं है। गलती से कोई बड़ा वाहन शहर में आ गया तो फिर क्या होगा खुद ही पता चल जाएगा। जिस बड़े आकार में अवैध कब्जों ने 'छज्जे' सड़क तक बढ़ाए हैं और उनके नीचे समान एक से डेढ़ मीटर तक आगे फैलाया हुआ है। यह स्थिति प्रशासकों की कार्य प्रणाली पर सवाल उठा रही है। पूरे बाजार की सड़कों पर यही स्थिति है। मसला चाहे सब्जी बेचने वालों का हो, या फिर दूसरा सामान बेचकर दुकानदारी चलाने का।



हमीरपुर की तमाप सड़कों पर इसी तरह से फैला सामान।

### बस स्टैंड मार्ग पर हर पल हादसे का खतरा

**यही** स्थिति बस स्टैंड से होकर गुजरने वाली मुख्य सड़क की भी है। वहां भी दो-तीन सब्जी बेचने वालों की ऐसी 'हेकड़ी' बिगड़ी हुई है। दोपहर तक उनकी सब्जी सड़क पर पड़ी रहती है और सड़क के पक्के गोले तक उन्होंने बेखौफ होकर सब्जी या फ्रूट रखा हुआ है। खरीदार जब आएगा, वह सड़क पर खड़ा होगा और वहां यातायात की स्थिति भी खराब हो जाती है। हर वक्त दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

### व्यवस्था बनाना प्रशासन की जिम्मेदारी: सुमित

**व्यापार** मंडल के अध्यक्ष सुमित ठाकुर कहते हैं कि सिस्टम तो प्रशासन और यातायात पुलिस को ही बनाना है। यदि नहीं बन रहा, तो यह उन्हीं की जवाब देही है। व्यापार मंडल हर वक्त इस तरह के अवैध कब्जों को हटाने के लिए तत्पर रहता है। लेकिन व्यवस्था तो प्रशासकों को ही बनानी है। निश्चित रूप में सड़कों पर सामान बेचना कोई तरीका नहीं है। व्यापार मंडल इसके लिए प्रशासन से कई मर्तबा गुहार लगा चुका है।

### रेहड़ी-फड़ी वालों को मिलेगी अलग जगह: शर्मा

**नगर** निगम के कमिश्नर राकेश शर्मा का कहना है कि समय-समय पर इस अतिक्रमण को हटाया जाता है। अब एकमुश्त काम हो रहा है। रेहडी-फड़ी वालों को अलग जगह अलॉट की जा रही है। इसके लिए संबंधित फाइल डीसी अमरजीत सिंह के ऑफिस भेजी गई है, वहां से स्वीकृति मिलते ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सड़कों से इन्हें हटा दिया जाएगा। थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा।

## उपरला कोटलू में तेंदुए की दहशत ग्रामीण सहमे

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल की ग्राम पंचायत नंदन के उपरला कोटलू गांव में तेंदुए की लगातार आवाजाही से ग्रामीण भयभीत हैं। तेंदुआ अब जंगल से निकलकर रिहायशी इलाकों में आ गया है और कई बार घरों के आंगन तक देखा गया है। लोग सुबह और शाम अकेले बाहर निकलने से डर रहे हैं, जबकि बच्चों और मवेशियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता है। ग्रामीणों के अनुसार तेंदुआ कई दिनों से आसपास ही घूम रहा है और घात लगाकर बैठता रहता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में तेंदुए को पकड़ने और सुरक्षित स्थान पर छोड़ने के लिए पिंजरा लगाने की अपील की है। डिप्टी रेंजर संदीप शर्मा ने कहा कि लोगों की शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और पिंजरा लगाने की व्यवस्था संभव होने पर की जाएगी। इसके लिए ग्रामीणों के सहयोग की आवश्यकता होगी। यह कदम लोगों को राहत देने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### भरेड़ी उपमंडल क्षेत्र में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** विद्युत उपमंडल भरेड़ी के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि 24 दिसंबर को सुबह 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक 11 केवी विद्युत लाइनों की मरम्मत एवं आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग ने बताया कि यह कार्य क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने, तकनीकी खामियों को दूर करने और भविष्य में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। सहायक अभियंता ई. संजय कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस अवधि में आवश्यक उपकरण पहले से तैयार रखें और विभाग को सहयोग प्रदान करें। कार्य सुरक्षित और शीघ्र पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा।

### हिमाचली जनहित महासभा में देव राज सम्मानित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** मोहाली-खरड़ में हिमाचली जनहित महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भोरंज की प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्था गरीब दास फाउंडेशन के चेयरमैन देव राज को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि देव राज शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रयास कर रहे हैं तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता और सामाजिक जागरूकता फैलाने में उनकी भूमिका सराहनीय है। उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य किया है। वक्ताओं ने बताया कि गरीब दास फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक, शैक्षणिक एवं जनहित कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश से जुड़े अनेक समाजसेवी, युवा प्रतिनिधि और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने देव राज को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 24 को होने वाले ड्राइविंग टेस्ट व पासिंग स्थगित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन में 24 दिसंबर को प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग फिलहाल स्थगित कर दी गई है। एसडीएम कार्यालय नादौन और पंजीकरण एवं लाइसेंस अधिकारी निशांत शर्मा ने बताया कि प्रशासनिक कारणों से यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि स्थगन केवल अस्थायी है और नए कार्यक्रम की तिथि जल्द ही घोषित कर दी जाएगी। वाहन मालिकों और आवेदकों से अपील की गई है कि वे नई तिथि की प्रतीक्षा करें और बिना अनुमति कार्यक्रम में उपस्थित न हों। प्रशासन ने यह भी कहा कि स्थगित टेस्ट और पासिंग के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क या जटिलता नहीं होगी और सभी आवेदन पहले की स्थिति के अनुसार ही मान्य रहेंगे।

### गणित से भय नहीं, मित्रता आवश्यक: रजनीश

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय (उत्कृष्ट) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस बड़े उत्साह और शैक्षणिक उद्देश्य के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि बढ़ाना और डर को दूर करना था। बच्चों के लिए गणित क्विज और अन्य रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने सक्रिय भाग लिया। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने कहा कि गणित जीवन में उपयोगी है और सही मार्गदर्शन व सकारात्मक सोच के साथ हर बच्चा इसे समझ सकता है। उन्होंने माता-पिता और शिक्षकों से अपील की कि बच्चे प्रश्न पूछें और गलतियों से सीखें। कार्यक्रम में शिक्षकों ने मार्गदर्शन किया और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया, जिससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और प्रेरणा बढ़ी।

### हमीरपुर तहसील में 30 जमीन इंतकाल तस्दीक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत तहसील हमीरपुर के विभिन्न पटवार वृत्तों में सोमवार को कुल 30 जमीन इंतकाल के मामले तस्दीक किए गए। सुबह पटवार वृत्त गांधीनगर में 9 वाका इंतकाल की प्रक्रिया पूरी की गई। वहीं दोपहर में पटवार वृत्त स्वाहल, बणी बजूरी और मोहीं में कुल 21 वाका इंतकाल तस्दीक किए गए। नायब तहसीलदार जगदीश ठाकुर ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आम जनता को इंतकाल संबंधी सेवाएं सीधे उनके गांव में उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के विशेष अभियान से लोगों का समय बचता है और प्रक्रिया सरल बनती है। इस अवसर पर संबंधित पटवार और स्थानीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### 12 जनसमस्याओं में से 3 मौके पर निपटाईं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** तहसील बमसन की ग्राम पंचायत उटपुर में सोमवार को 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत 8 ग्राम पंचायतों की जन समस्याओं की सुनवाई आयोजित की गई। एसडीएम संजीत सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में ग्राम पंचायत उटपुर, कक्कड़, उहल, भटेड़, लग-कढ़ियार, पुरली, चारियां दी धार और पौहंज के लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। मौके पर कई आवश्यक दस्तावेज और सर्टिफिकेट भी तैयार किए गए। एसडीएम ने बताया कि कुल 12 जनशिकायतों में से 3 का तत्काल निपटारा किया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी वैशाली शर्मा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की रचनात्मक प्रस्तुतियां

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन पर राष्ट्रीय गणित दिवस उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने की। इस अवसर पर कक्षा चौथी, छठी, सातवीं और दसवीं के विद्यार्थियों ने गणित से जुड़े विभिन्न रचनात्मक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों में भाग लिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य-नाटिका, भाषण और गीतों पर आधारित नृत्य ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रिंसिपल ने कहा कि राष्ट्रीय गणित दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि बढ़ाना और इसके महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है।

### पोस्टर मेकिंग में मोहित ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में गणित क्लब और गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों के लिए पोस्टर मेकिंग और रंगोली प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान मोहित (बीएससी प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान पलक और अजय (बीएससी द्वितीय वर्ष), तृतीय स्थान मनिका ठाकुर (बीएससी तृतीय वर्ष) रहा। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पलक, शैलजा, मणिका; द्वितीय स्थान मोहित और अजय; तृतीय स्थान अमृता, नैना, निकिता राणा, नेहा ठाकुर और अन्य छात्रों को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में छात्रों के लिए रामानुजन के जीवन और योगदान पर आधारित चलचित्र भी दिखाया गया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. प्रमोज शर्मा ने गणित के प्रति छात्रों को प्रोत्साहित किया। अंत में डॉ. दिव्या शर्मा और डॉ. राजीव भंडारी ने सभी का धन्यवाद किया।

## बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मोहा दर्शकों का मन




त्रिशा पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया।

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

त्रिशा पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह का आयोजन बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

रंगारंग प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस समारोह की मुख्य अतिथि मनोरमा शर्मा रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विद्यालय द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रयासों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम के दौरान नृत्य, संगीत, नाटक और अन्य मनोरंजक प्रस्तुतियां हुईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। पूरा वातावरण उत्साह और आनंद से भरा रहा। अंत में गेस्ट ऑफ ऑनर एनके शर्मा व वीना कहोल मैडम ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया व स्कूल कोऑर्डिनेटर अनुकृति वशिष्ठ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## खिलाड़ियों को चिट्टे का विरोध करने की दिलाई शपथ

### पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने किया इंटर कॉलेज खो-खो प्रतियोगिता का आगाज

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की पुरुषों की तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय खो-खो चैंपियनशिप सोमवार को यहां अणु स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय के मैदान में आरंभ हो गई। एसपी बलवीर सिंह ने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजन समिति और सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए एसपी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी होती हैं।

इनके माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है और वे नशे तथा अन्य बुराइयों से भी दूर रहते हैं। बलवीर सिंह ने खिलाड़ियों से कहा कि वे खेलों को कॅरियर के रूप में भी अपना सकते हैं। खिलाड़ियों के लिए सरकारी क्षेत्र में भी रोजगार का प्रावधान किया गया है। एसपी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने चिट्टे जैसे खतरनाक नशीले पदार्थ से युवा पीढ़ी को बचाने के लिए विशेष अभियान आरंभ किया है। सभी युवाओं को इस अभियान में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों और अन्य सभी लोगों को चिट्टे का विरोध करने की शपथ भी दिलाई।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. सतीश सोनी ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों और सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया तथा प्रतियोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि भारत का प्राचीन खेल खो-खो अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अलग पहचान बना चुका है। हाल ही में इसकी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है, जिसमें भारतीय टीम चैंपियन बनी थी। उदघाटन समारोह में धनेटा कालेज के प्रधानाचार्य जीसी राणा, आयोजन समिति की सचिव डॉ. मंजुला शर्मा, समन्वयक डॉ. पवन कुमार शर्मा, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी, मेजबान कालेज के पहले बैच के विद्यार्थी रहे कर्नल एडी शर्मा, पीटीए अध्यक्ष अजय पटियाल और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।



हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की पुरुष खो-खो चैंपियनशिप का उद्घाटन करते एसपी बलवीर सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. सतीश सोनी।

## शिक्षक डायरी से मुक्ति दिलाना सराहनीय निर्णय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय प्रशिक्षित कला स्नातक संघ ने 2 दिसंबर को प्रदेश शिक्षा सचिव को ज्ञापन भेजकर शिक्षक मैनुअल और डिजिटल डायरी लेखन बंद करने की मांग की थी। आज शिक्षा सचिव राकेश कंवर ने इस मांग को मान्यता देते हुए शिक्षा कोड की धारा 12.9 को हटा दिया।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष विजय बरवाल, महासचिव विजय हीर और अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान में शिक्षा सचिव का आभार जताते हुए इसे ऐतिहासिक सुधार बताया। इस कदम से शिक्षकों को दोहराव वाले अनावश्यक कागजी कार्य से मुक्ति मिली है। संघ ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षकों का समय पढ़ाई की तैयारी, विद्यार्थियों के मार्गदर्शन और सुधारात्मक शिक्षण में लगना चाहिए। इसके अलावा स्कूलों में विद्यार्थियों के मोबाइल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने को भी सराहनीय कदम बताया गया है।

## अनुराग ठाकुर ने 100 महिला उद्यमियों को 30 लाख की सामग्री की वितरित




गौतम कॉलेज में ऊंची उड़ान कार्यक्रम के तहत महिला उद्यमियों को वितरित किया सामान।

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

अनुराग सिंह ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर सांसद, ने हमीरपुर में स्थानीय महिलाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए 'ऊंची उड़ान' कार्यक्रम के तहत 100 महिलाओं को 30 लाख की लागत से उद्यमिता सामग्री वितरित की। कार्यक्रम गौतम कॉलेज में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज का विकास महिला शक्ति की स्थिति पर निर्भर करता है और महिलाएं आर्थिक व सामाजिक रूप से सबल होंगी तो समाज का समग्र विकास संभव होगा।

ऊंची उड़ान कार्यक्रम के माध्यम से हमीरपुर और नादौन ब्लॉक की 300 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया, जिनमें से 100 होनहार महिला उद्यमियों का चयन कर उन्हें आर्थिक मदद, मार्केट लिंकेज और उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने बताया कि संस्था अगले एक वर्ष तक इन महिलाओं का व्यवसाय बढ़ाने और उनके उत्पादों को बाज़ार तक पहुँचाने में सहयोग करेगी। यह हिमाचल प्रदेश में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए पहला ऐसा पहल है।

## फलदार पौधों को नुकसान मामले में धरने पर बैठा सतीश

**अनंत ज्ञान, नादौन।** कांगू कस्वा के मालग पंचायत के सतीश कुमार ने अपने फलदार पौधों को नुकसान पहुंचाने का आरोप राज कुमार और उनकी पत्नी पर लगाया। कार्रवाई न होने पर उन्होंने पंचायत घर बढेड़ा के परिसर में धरने पर बैठकर विरोध किया। पंचायत प्रधान वीना देवी और स्टाफ ने मामले को सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन सतीश कुमार समाचार लिखे जाने तक धरने पर बने रहे।

सतीश कुमार ने पुलिस थाना नादौन में शिकायत दर्ज कराई और अधिशाषी अभियंता को पत्र भेजकर उचित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि उनकी गैरहाजिरी में जेसीबी के जरिए फसल और पौधों को नुकसान पहुंचाया गया। पंचायत प्रधान ने बताया कि कार्यस्थल तक जाने के दौरान कुछ पौधों को क्षति हुई, लेकिन मुआवजे का प्रावधान किया गया। एसएचओ निर्मल सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर सभी संबंधितों के बयान लिए जा रहे हैं और जांच जारी है।

## दो युवाओं से 6.83 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** मंडप इलाके में पुलिस ने 6.83 ग्राम चिट्टा के साथ दो मोटरसाइकिल सवार युवाओं को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान पंकज कुमार (32) और हिमांशु (28) के रूप में हुई। दोनों के खिलाफ सदर थाना हमीरपुर में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 21, 25 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया। सोमवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया गया और 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया। एसपी बलबीर सिंह ने बताया कि चिट्टे के मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है और लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध जानकारी के बारे में तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## ढटवालिया ने बड़सर अस्पताल का किया निरीक्षण

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** सोमवार को कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया सिविल हॉस्पिटल बड़सर पहुंचे और अस्पताल में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपचाराधीन मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात की तथा उनकी सेहत की जानकारी प्राप्त की। ढटवलिया ने कहा कि हिमाचल सरकार मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि अब बड़सर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है, जिससे स्थानीय लोगों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधाएं मिल रही हैं। इस अवसर पर बीएमओ डॉक्टर अरविंद टंडन, सूह्र डॉक्टर चंद्रशेखर और कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## अध्यापकों ने बच्चों को बताया गणित का महत्व

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में राष्ट्रीय गणित दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में पांच टीमों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। नवमीं कक्षा के छात्रों ने ज्यामिति से जुड़े विभिन्न प्रकार जैसे वृत्त, त्रिभुज, षट्भुज और वर्ग को चार्ट और मॉडल के माध्यम से प्रस्तुत किया। अध्यापक जीवन कुमार और प्रियंका ने गणित के महत्व और राष्ट्रीय गणित दिवस के उद्देश्य पर अपने विचार साझा किए। प्रिंसिपल आरती कटोच ने बताया कि यह दिवस भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन, 22 दिसंबर 1887, के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उनका अतुलनीय योगदान गणित के क्षेत्र में प्रेरणादायक है और इसका उद्देश्य लोगों, विशेषकर छात्रों में गणित के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

## 10 में से 7 शिकायतों का मौके पर निपटारा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत सोमवार को नगर परिषद सुजानपुर में एसडीएम विकास शुक्ला की अध्यक्षता में शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान 10 जन शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 7 का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। शेष 3 शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजा गया और इनके शीघ्र निवारण के निर्देश दिए गए। तहसीलदार प्रवीण ठाकुर और अन्य अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। एसडीएम ने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को खुलकर साझा करें ताकि प्रशासन समय रहते उनका समाधान कर सके। यह पहल लोगों की सुविधा और शासन के प्रति विश्वास बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

## सिख समुदाय साहिबजादों का मनाएगा शहीदी दिवस

**अनंत ज्ञान, नादौन।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य डॉ. दलजीत सिंह भिंडर ने कहा कि कलगीधर पातशाह गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों का वीर बाल दिवस नहीं, बल्कि शहीदी दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने दिल्ली सरकार द्वारा इसे वीर बाल दिवस के रूप में पेश करने पर आपत्ति जताई और कहा कि साहिबजादों ने छोटी उम्र में धर्म की रक्षा के लिए अद्वितीय बलिदान दिया। डॉ. भिंडर ने सिख समुदाय से अपील की कि वे बच्चों को साहिबजादों की पवित्र शहादत, आदर्श और बलिदानों के बारे में बताएं। उनका कहना था कि साहिबजादों की अनोखी शहादत को सतनाम वाहेगुरु के जाप के साथ शांति और गंभीरता से याद करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

## मनरेगा कानून बहाली की मांग को लेकर प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी हमीरपुर ने मनरेगा कानून बदलने के विरोध में सचिवालय पर धरना प्रदर्शन किया और जिलाधीश के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने कहा कि मनरेगा गांव के लोगों को न्यूनतम आजीविका और रोजगार प्रदान करता था, जबकि नए बिल में केंद्र और राज्य की हिस्सेदारी बदल दी गई है और रोजगार की गारंटी खत्म कर दी गई है। प्रदर्शन में राज्य सचिव डॉ. कश्मीर ठाकुर, जिला सचिव प्रताप राणा और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सीटू ने कानून को बहाल करने की मांग दोहराई।

**सम्मान** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर में दीक्षांत समारोह धूमधाम से आयोजित, सांसद अनुराग ठाकुर रहे मुख्यातिथि

# एनआईटी में 1,299 छात्रों को प्रदान की डिग्रियां

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए 16वां दीक्षांत समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया। यह समारोह विद्यार्थियों के वर्षों के शैक्षणिक परिश्रम, समर्पण और उपलब्धियों का उत्सव रहा।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि, डॉ. प्रमोद कुमार सत्यावली, निदेशक, डिफेंस जियो इंफॉर्मेटिक्स रिसर्च एस्टैब्लिशमेंट डीआरडीओ, चंडीगढ़, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी हमीरपुर ने की। उन्होंने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान की शैक्षणिक, शोध एवं संस्थागत उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। दीक्षांत समारोह के दौरान कुल 1,299 उपाधियां प्रदान की गईं, इनमें 61 पीएचडी, 241 एमटेक, 06 एमआर्क, 60 एमएससी, 31 एमबीए, 847 बीटेक तथा 53 बीआर्क उपाधियां शामिल हैं। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए संस्थान द्वारा एक निदेशक पदक, 33 स्वर्ण पदक, 13 रजत पदक एवं 13 कांस्य पदक प्रदान किए गए। कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग की गुरकीरत कौर को सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित निदेशक पदक से सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में प्रो. एचएम सूर्यवंशी, निदेशक, एनआईटी हमीरपुर ने स्नातक विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. प्रमोद कुमार सत्यावली ने दीक्षांत समारोह को विद्यार्थियों के जीवन का एक निर्णायक पड़ाव बताते हुए कहा कि युवा अभियंता और वैज्ञानिक भारत के भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी, आपदा प्रबंधन और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में डीजीआरई जैसे संस्थानों के योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया। उन्होंने वर्तमान काल को भारत का स्वर्ण युग और विद्यार्थियों को स्वर्ण पीढ़ी बताते हुए आजीवन सीखने, ईमानदारी और दृढ़ता के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। समारोह का मुख्य आकर्षण उपाधियों एवं पदकों का वितरण रहा, जिसे मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर निदेशक पदक प्राप्तकर्ता गुरकीरत कौर के माता-पिता चरणजीत सिंह गिल एवं मनवीर कौर गिल को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। वर्ष 2000 बैच के पूर्व छात्र, जिनका प्रतिनिधित्व डॉ. सुनील शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, एनआईटी हमीरपुर ने किया, को संस्थान अतिथि गृह के नवीनीकरण हेतु उनके उदार योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, डीन अकादमिक, डॉ. अर्चना संतोष ननोटी, कुलसचिव, सहित अन्य अधिकारियों ने दीक्षांत समारोह को पूर्णतः सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।



निदेशक पदक प्राप्तकर्ता गुरकीरत कौर के माता-पिता चरणजीत सिंह गिल एवं मनवीर कौर गिल को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि सांसद अनुराग ठाकुर।

### अनुराग ने राष्ट्र सेवा में सक्रिय योगदान की अपील

**मुख्यातिथि** अनुराग ठाकुर ने डिग्री व उपाधियां लेने वाले छात्रों को बधाई दी सभी स्नातक विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे संस्थान के मूल्यों को आत्मसात कर राष्ट्र और समाज की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने संस्थान द्वारा स्किल इंडिया, पीएम-सेतु, पीएमकेवीवाई और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से युवाओं के सशक्तिकरण के लिए भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह वह अवसर है जब विद्यार्थी इन ऋणों को राष्ट्र सेवा व समाज सेवा के माध्यम से चुकाने के योग्य बनते हैं। उन्होंने इसे गुरु द्वारा शिष्यों को राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करने की प्रक्रिया बताते हुए छात्रों से विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

# शिक्षा की गुणवत्ता व समानता पर फोकस

## प्रदेश में 100 नए सीबीएसई स्कूल खोलने की तैयारी, 94 को मिली मान्यताः रोहित ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य सरकार का लक्ष्य केवल शिक्षा का विस्तार नहीं, बल्कि उसकी गुणवत्ता, समानता और व्यावहारिक उपयोगिता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को आधुनिक, प्रतिस्पर्धी और समग्र शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है और खेल गतिविधियों को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाया जा रहा है।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि सीबीएसई पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा का विस्तार सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। अगले शैक्षणिक सत्र से प्रदेश में 100 नए सीबीएसई स्कूल खोलने की योजना है, जिनमें से 94 स्कूलों को पहले ही मान्यता मिल चुकी है। शेष स्कूलों की मान्यता भी इस माह के अंत तक मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सीबीएसई स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार कर ली गई है, जिसे शीघ्र मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा। इसके साथ ही सीबीएसई शिक्षकों के लिए अलग सब-कैडर गठित करने का भी निर्णय लिया गया है।



शिमला में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

बैठक में 1427 जॉब ट्रेनी पदों के लिए लिमिटेड डायरेक्ट रिक्रूटमेंट परीक्षा 2025-26 की समीक्षा करते हुए मंत्री ने इसे समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। यह परीक्षा 22 फरवरी 2026 को आयोजित होगी। उन्होंने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्थापित किए जा रहे राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों की प्रगति की भी समीक्षा की, जिनके लिए 42 चिन्हित स्थलों पर 94.46 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इन विद्यालयों में

### सीबीएसई शिक्षकों के लिए अलग सब-कैडर व नियुक्ति प्रक्रिया जल्द

आधुनिक शैक्षणिक ढांचे के साथ उन्नत खेल सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, ताकि छात्रों का सर्वांगीण और भविष्योन्मुख विकास सुनिश्चित हो सके।

शिक्षा मंत्री ने खेल छात्रावासों में कोच के रिक्त पदों को प्राथमिकता से भरने, 389 सहायक प्रोफेसर पदों की भर्ती प्रक्रिया को तेज करने और शून्य नामांकन वाले स्कूलों के युक्तिकरण पर भी बल दिया। उन्होंने विज्ञान और गणित विषयों के शिक्षकों को अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाने के लिए विशेष कैप्सूल कोर्स शुरू करने, छात्र परिवहन नीति तैयार करने और सभी पदोन्नत मुख्याध्यापकों को 31 दिसंबर तक नए पदस्थापन स्थलों पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बागवानी को वोकेशनल विषय के रूप में लागू करने और जेबीटी, डीपीई, कंप्यूटर शिक्षक तथा शास्त्री पदों की लंबित भर्तियों को शीघ्र पूरा करने पर भी विशेष जोर दिया गया।

# पेयजल जांच किट का उपयोग अनिवार्यः उपायुक्त

## पेयजल योजनाओं की समीक्षा में डीसी सख्त, पंचायतों को गुणवत्ता जांच के निर्देश

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

शिमला। जिले में पेयजल आपूर्ति, गुणवत्ता और योजनाओं की प्रगति को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। इसी कड़ी में उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें सात डिवीजनों के अंतर्गत संचालित पेयजल योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक का उद्देश्य न केवल योजनाओं की प्रगति का आकलन करना रहा, बल्कि जमीनी स्तर पर पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और पंचायतों की भूमिका को और अधिक सक्रिय बनाना भी रहा। बैठक में सामने आया कि जिले में कुल 264 पेयजल योजनाएं, जिनमें से 203 योजनाएं भौतिक रूप से पूर्ण हो चुकी हैं और 114 योजनाएं वित्तीय रूप से भी पूरी की जा चुकी हैं, जबकि 61 योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बैठक में स्पष्ट कहा कि जिले की सभी पंचायतों को जल शक्ति विभाग की ओर से पानी की गुणवत्ता जांच के लिए किट उपलब्ध करवाई गई है, लेकिन इसके बावजूद इनका उपयोग नहीं किया जा रहा है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने पंचायतों को निर्देश दिए कि इन किटों के माध्यम से नियमित रूप से पेयजल की जांच की जाए और परंपरागत पेयजल स्रोतों की भी गुणवत्ता पर नजर रखी जाए। उपायुक्त ने यह भी कहा कि जिले के सभी स्कूलों को जल जांच किट उपलब्ध करवाई गई है, लेकिन वहां भी इसका प्रयोग नहीं हो रहा है।

इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि किट का उपयोग सुनिश्चित करवाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी।

### हर घर जल योजना के तहत 1621 गांव प्रमाणित

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि हर घर जल योजना के तहत जिले के 1621 गांव प्रमाणित किए जा चुके हैं, जबकि 2536 गांवों से रिपोर्ट प्राप्त हुई है, जिनमें से 915 गांवों की औपचारिकताएं अभी लंबित हैं। जिले में 3052 पेयजल स्रोतों से नियमित रूप से पानी के सैंपल लिए जा रहे हैं।

### क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं के प्रस्ताव जल्द भेजें

उपायुक्त ने सभी अधिशाषी अभियंताओं को निर्देश दिए कि आपदा के कारण क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं की मरम्मत के प्रस्ताव शीघ्र जिलाधीश कार्यालय को भेजे जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि दो लाख रुपये तक के मरम्मत कार्यों के प्रस्ताव राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत तुरंत बजट उपलब्ध करवाया जाएगा, साथ ही शेष 61 योजनाओं को इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण करने के लिए विशेष रणनीति तैयार की जाएगी।

### शिमला जिले में 264 पेयजल योजनाएं, 203 पूरी और 61 पर कार्य जारी

### स्कूलों और पंचायतों को नियमित जल गुणवत्ता जांच सुनिश्चित करने के आदेश

# जयराम ठाकुर बोले- मनरेगा को लेकर राजनीति कर रही कांग्रेस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस और सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार मनरेगा के नाम पर केवल राजनीति कर रही है, जबकि केंद्र सरकार ने गरीब, ग्रामीण और श्रमिक वर्ग के हित में विकसित भारत जी-राम जी जैसी प्रभावी और पारदर्शी योजना लागू की है। उन्होंने कहा कि यह योजना सिर्फ मजदूरी तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थायी आजीविका, कौशल विकास और आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण की दिशा में ठोस कदम है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि अगस्त के बाद से राज्य सरकार ने अपने हिस्से की दिहाड़ी का भुगतान नहीं किया, जिससे मजदूरों को केवल केंद्र की राशि ही मिल पा रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री पर आरोप लगाने से पहले कांग्रेस नेताओं को आंकड़ों पर नजर डालनी चाहिए। उन्होंने बताया कि 2006 में मनरेगा का बजट 11,300 करोड़ रुपये था, जिसे कांग्रेस शासन में 33,000 करोड़ तक ही बढ़ाया जा सका, जबकि नरेंद्र मोदी सरकार ने 2015-16 में इसे 41,000 करोड़ किया और कोविड काल में 1.10 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाया। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि बजट में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को बड़े पैमाने पर डीबीटी के माध्यम से सहायता दी गई है, जो सरकार की प्राथमिकताओं को दर्शाता है।

### ग्रामोदय की गांधीवादी सोच को साकार करने का दावा

जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस इस योजना का विरोध इसलिए कर रही है क्योंकि उसे विकास नहीं, राजनीति चाहिए। उन्होंने दावा किया कि विकसित भारत जी राम जी योजना महात्मा गांधी के रामराज और ग्रामोदय के सपने को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर है। उनके अनुसार यह योजना गांवों को सहायता पर निर्भर रखने के बजाय स्थायी रोजगार, कौशल और आत्मसम्मान से जोड़ती है, जिससे ग्रामीण भारत मजबूत और आत्मनिर्भर बनेगा।



## जिला शिमला के डिपुओं में खाद्य वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति पर प्रशासन सख्त

# फर्जी राशन कार्डों की जांच से बढ़ेगी पारदर्शिता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सुचारु और भरोसेमंद बनाने की दिशा में प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण प्रणाली समिति की समीक्षा बैठक में खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति, भंडारण और वितरण व्यवस्था की व्यापक पड़ताल की गई। बैठक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना रहा कि डिपुओं के माध्यम से जरूरतमंदों तक समय पर और गुणवत्तापूर्ण राशन पहुंचे तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश न रहे।

बैठक में यह स्पष्ट हुआ कि जिले में 624 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से राशन वितरण किया जा रहा है, जिनमें सहकारी सभाएं, व्यक्तिगत दुकानें, महिला मंडल, ग्राम पंचायतें और खाद्य आपूर्ति निगम की दुकानों का नेटवर्क शामिल है। हाल के महीनों में किए गए निरीक्षणों के दौरान कुछ दुकानों में अनियमितताएं सामने आईं, जिन पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया। साथ ही खाद्यान्न के नमूनों की जांच में असंतोषजनक रिपोर्ट मिलने पर गुणवत्ता नियंत्रण को और मजबूत करने की आवश्यकता रेखांकित की गई। ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में सुविधा बढ़ाने के लिए नारकंडा, ननखड़ी और ठियोग विकास खंड के अंतर्गत नए गांवों में उचित मूल्य की दुकानों के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। प्रशासन ने यह भी दोहराया कि आंगनवाड़ी केंद्रों सहित सभी माध्यमों से मिलने वाला राशन सुरक्षित भंडारण में रखा जाए और लाभार्थियों को पूरा व सही कोटा मिले। खराब या अमानक खाद्य वस्तुओं की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। जिले में अधिनियम के तहत तय लक्ष्य के मुकाबले चयन की स्थिति पर चर्चा हुई और बड़ी संख्या में राशन कार्ड लाभार्थियों के संदेहजनक पाए जाने का मुद्दा सामने आया। प्रशासन का मानना है कि इन मामलों की जांच पूरी होने के बाद ही पात्र परिवारों का सही चयन संभव हो पाएगा, जिससे व्यवस्था में पारदर्शिता और भरोसा दोनों बढ़ेंगे।



जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण प्रणाली समिति की बैठक में राशन वितरण, भंडारण और गुणवत्ता व्यवस्था की समीक्षा करते उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप।

# कोटखाई में अनियंत्रित होकर कार खाई में गिरी, एक की मौत, 5 घायल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले से शिमला जिला के ऊपरी पर्यटन स्थलों में घूमने आए युवाओं की एक कार कोटखाई क्षेत्र में दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई। रविवार देर रात कोटखाई के बाघी बाजार के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में कार सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य युवक-युवतियां घायल हो गए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कार में कुल छह लोग सवार थे, जिनमें तीन युवक और तीन युवतियां शामिल थीं। सभी सोलन जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं और हाटू पीक घूमने आए थे। घूमने के बाद रात के समय जब वे वापस लौट रहे थे, तभी बाघी बाजार के पास अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया और वाहन सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरा। हादसे की सूचना मिलते ही कोटखाई पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस ने राहत और बचाव कार्य शुरू करते हुए सभी घायलों और मृतक को खाई से बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को 108 एंबुलेंस की मदद से पहले सिविल अस्पताल ठियोग और फिर शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस हादसे में जान गंवाने वाले युवक की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है और वह सोलन जिले का रहने वाला है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है, जबकि अन्य घायलों की पहचान की जा रही है।

कोटखाई पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि कार का संतुलन बिगड़ने से यह हादसा हुआ, हालांकि वास्तविक कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा।

### सोलन जिले से हाटू पीक आए थे घूमने

## न्यूज़ ब्रीफ

### धाविका सीमा को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जिला चंबा के गांव रेटा की निवासी धाविका सीमा को कोलकाता में आयोजित विश्व स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने और 25 हजार मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने पर हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमा की यह शानदार उपलब्धि प्रदेश की खेल प्रतिभा, कठिन परिश्रम और लगन का प्रतीक है, जिसने पूरे देश में हिमाचल का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि सीमा की सफलता ग्रामीण अंचलों से उभर रहे खिलाड़ियों, खासकर बेटियों के लिए हौसला बढ़ाने वाली मिसाल है और यह आने वाली पीढ़ी को खेल के मैदान में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी।

### जी-राम-जी बिल का विरोध राजनीतिक ड्रामा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने जी-राम-जी बिल को लेकर कांग्रेस द्वारा किए जा रहे विरोध, धरने और भ्रूख हड़ताल को महज राजनीतिक ड्रामा बताया है। उन्होंने कहा कि यह हिमाचल की राजनीति में दुर्लभ घटना है, जब सत्ताधारी दल ही सड़कों पर बैठकर विरोध कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अब जनहित के बजाय केवल विरोध की राजनीति कर रही है। डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाया गया 'विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण गारंटी विधेयक 2025' ग्रामीण भारत के लिए एक सशक्त और पारदर्शी व्यवस्था है। इस कानून के तहत रोजगार के दिनों को 100 से बढ़ाकर 125 किया गया है। उन्होंने बताया कि 15 दिनों के भीतर काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता मिलेगा और भुगतान पूरी तरह ऑनलाइन व सीधे खाते में होगा। इससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगेगी और शिकायत निवारण की मजबूत व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

### केंद्रीकरण व वित्तीय बोझ पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। दिसंबर 2025 में प्रस्तावित वीबी-जी आरएएम जी योजना को लेकर राजनीतिक बहस तेज हो गई है। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने इस योजना का विरोध करते हुए कहा है कि यह महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के मूल उद्देश्य से भटकने की कोशिश है। संगठन का कहना है कि योजना के नाम से महात्मा गांधी का नाम हटाना न केवल राष्ट्रपिता का अपमान है, बल्कि उस विचारधारा को भी कमजोर करता है जिसके तहत ग्रामीण गरीबों को रोजगार का कानूनी अधिकार मिला था। एसएफआई ने यह भी आरोप लगाया कि नई व्यवस्था में फंडिंग के ढांचे को बदलकर राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है, जिससे कई राज्य गंभीर वित्तीय संकट में आ सकते हैं। संगठन के अनुसार निर्णय प्रक्रिया को ग्राम पंचायतों से हटाकर केंद्र के अधीन करने से लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण कमजोर होगा और रोजगार की गारंटी एक अधिकार के बजाय महज कल्याणकारी योजना बनकर रह जाएगी। एसएफआई ने इस प्रस्ताव को वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि ग्रामीण भारत के हितों से किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता।

### मरीज से मारपीट पर निष्पक्ष जांच की मांग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। राजधानी शिमला स्थित प्रदेश के सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में सामने आई एक कथित घटना ने स्वास्थ्य व्यवस्था की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने जारी बयान में कहा कि जुब्बल क्षेत्र से उपचार के लिए आए एक मरीज के साथ आईजीएमसी में एक डॉक्टर द्वारा मारपीट किए जाने की सूचना अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि अस्पताल वह स्थान है, जहां मरीज विश्वास और उम्मीद लेकर पहुंचता है, ऐसे में इस तरह की घटना मानवता और चिकित्सा पेशे की गरिमा के खिलाफ है। नैंसी अटल ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करती है और मांग करती है कि मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच करवाई जाए। यदि जांच में डॉक्टर दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि परिषद पीड़ित मरीज और उसके परिवार के साथ खड़ी है तथा मरीजों के सम्मानजनक व्यवहार और अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर आवाज उठाती रहेगी।

# मनरेगा में किए बदलाव के खिलाफ वामपंथी दलों का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

वामपंथी दलों के संयुक्त देशव्यापी आह्वान के तहत हिमाचल प्रदेश के जिला व ब्लॉक मुख्यालयों पर मनरेगा कानून में बदलाव और वीबी जी-राम-जी योजना के विरोध में प्रदर्शन किए गए। शिमला में उपायुक्त कार्यालय के बाहर आयोजित प्रदर्शन में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राज्य सचिव संजय चौहान, राकेश सिंघा, डॉ ओंकार शाद, डॉ कुलदीप सिंह तंवर सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।



शिमला में वामपंथी दल मनरेगा में बदलाव को लेकर प्रदर्शन के दौरान प्रतियां जलाते हुए।

वक्ताओं ने कहा कि यूपीए काल में वामपंथी दलों के दबाव से लागू हुआ महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम एक सार्वभौमिक, मांग-आधारित कानून है, जिसे नए प्रावधानों के जरिए कमजोर किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि नया वीबी जी-राम-जी कानून रोजगार के सीमित अधिकार को भी छीनता है, केंद्र की वित्तीय जवाबदेही कम करता है और 60:40 जैसे वित्तपोषण बदलावों से राज्यों पर असहनीय बोझ डालता है। कृषि के चरम मौसमों में रोजगार निलंबन, अनिवार्य डिजिटल उपस्थिति और कार्डों के तर्कसंगतीकरण से ग्रामीण परिवारों के बड़े हिस्से के बाहर होने का खतरा बताया गया।

उन्होंने कहा कि योजना का नाम बदलना महात्मा गांधी की विरासत का अपमान है और यह कदम भारतीय जनता पार्टी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नीतियों को दर्शाता है। मांग की गई कि वीबी जी-राम-जी विधेयक तुरंत वापस लिया जाए और मनरेगा को मजबूत कर कम से कम 200 दिनों के रोजगार के लिए पर्याप्त बजट सुनिश्चित किया जाए।

# सीएम ने युवा प्रतिभा को मंच देने के कदम को सराहा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। राजधानी में आयोजित नेशनल फैशन वीक शिमला के प्रतिभागियों और विजेताओं ने सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू से भेंट की। मुख्यमंत्री ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक मंच न केवल हुनर को तराशते हैं, बल्कि निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं। उन्होंने कहा कि फैशन, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति जैसे क्षेत्रों में भागीदारी से युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रूप से पहचान पाते हैं। यह कार्यक्रम लाइव टाइम्स टीवी द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिभागियों ने अपनी उपलब्धियां साझा कीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, विधायक मोहन लाल ब्राक्टा व अजय सोलंकी तथा लाइव टाइम्स टीवी के एडिटर-इन-चीफ पंकज सूद भी उपस्थित रहे। सीम ने विजेताओं व आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए ऐसे आयोजनों को युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया।

# एचपीएमसी की नई गाइडलाइन से बागवानों में रोष

## रोष प्रकट कर गुम्मा कार्यालय में बागवानों के साथ पहुंचे चेतन बरागटा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी फल सब्जी विपणन एवं प्रसंस्करण संघ यानी एचपीएमसी द्वारा एमआईएस के तहत खरीदे गए सेब के भुगतान को लेकर जारी नई गाइडलाइन ने सेब बागवानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। भाजपा नेता चेतन बरागटा ने इसे पहले से ही संकट में फंसे बागवानों पर एक और प्रहार बताया है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं और बाजार की अनिश्चितताओं से जूझ रहे बागवानों से अब उद्यान कार्ड, आधार कार्ड और जमाबंदी जैसे दस्तावेज मांगकर अतिरिक्त सत्यापन थोपा जा रहा है, जिससे भुगतान प्रक्रिया और अधिक धीमी हो गई है।

चेतन बरागटा सोमवार को बागवानों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ गुम्मा स्थित एचपीएमसी कार्यालय पहुंचे और नई गाइडलाइन को तत्काल वापस लेने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि यदि सरकार को एमआईएस के भुगतान में किसी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक दिक्कत है, तो उसका समाधान बागवानों से सीधी बातचीत कर निकाला जाना चाहिए। इस तरह कागजी औपचारिकताएं बढ़ाकर भुगतान में देरी करना न केवल अनुचित है, बल्कि बागवानों के साथ अन्याय भी है।



गुम्मा स्थित एचपीएमसी कार्यालय में बागवानों के साथ पहुंचे भाजपा नेता चेतन बरागटा।

### चेतन बरागटा ने आंदोलन की दी चेतावनी

चेतन बरागटा ने कहा कि प्रदेश का बागवान सरकार के इस रवैये को गंभीरता से देख रहा है। उन्होंने बागवानी से जुड़े अहम मुद्दे पर शिक्षा मंत्री की चुप्पी पर भी सवाल खड़े किए और कहा कि ऐसा प्रतीत होता है मानो बागवानों की समस्याओं से जानबूझकर मुंह मोड़ा जा रहा हो। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द ही यह गाइडलाइन वापस नहीं ली गई और बागवानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित नहीं हुआ, तो भाजपा बागवानों के हित में सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी।

## आत्मनिर्भर मशोबरा ब्लॉक की कई पंचायतों में कौशल विकास की पहल

# चीड़ की पत्तियों से आत्मनिर्भरता की राह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

महिलाओं को स्वावलंबी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से गैर सरकारी संस्था नेशनल स्किल्स फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा मशोबरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत पीरन, चलोग और कोटी पंचायत के शिलोग बाग में एक सप्ताह का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में लगभग 70 महिलाओं को चीड़ की पत्तियों से रोजमर्रा में उपयोग होने वाली वस्तुएं तैयार करने की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। संस्था के फील्ड एजीक्यूटिव राजपूत बंधु ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को स्थानीय संसाधनों के माध्यम से स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है, ताकि वे प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद अपना छोटा कारोबार शुरू कर सकें।

एनएसएफआई के सीईओ साईं कृष्णा नंदोरी ने बताया कि संस्था द्वारा मशोबरा ब्लॉक की 15 पंचायतों में चीड़ की पत्तियों से उत्पाद तैयार करने का प्रोजेक्ट लागू किया जा रहा है, जिसके तहत 350 महिलाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक लगभग 50 प्रतिशत महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में जुन्गा में कार्यालय स्थापित करने के बाद प्रारंभिक चरण में मधुमक्खी पालन, बैग निर्माण और डेयरी फार्मिंग जैसे क्षेत्रों में भी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें कई महिलाओं को आवश्यक सामग्री और संसाधन उपलब्ध करवाए गए।

वर्तमान प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को भोजन व जलपान की सुविधा दी जा रही है, प्रशिक्षण उपरांत परीक्षा लेकर प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे तथा तैयार किए गए उत्पाद संस्था द्वारा स्वयं खरीदे जाएंगे। इसके साथ ही प्रशिक्षण पूर्ण होने पर महिलाओं को सामग्री किट भी दी जाएगी।



पीरन पंचायत में चीड़ की पत्तियों से वस्तुएं बनाना सीखती प्रशिक्षणार्थी महिलाएं।

### एनएसएफआई का फ्री प्रशिक्षण बना आजीविका का मजबूत आधार

# आपदा न्यूनीकरण के तहत 6 परियोजनाओं को मिली मंजूरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

जिला में आपदा जोखिम को कम करने और संवेदनशील क्षेत्रों में संभावित नुकसान को रोकने के उद्देश्य से आपदा न्यूनीकरण के तहत छह महत्वपूर्ण परियोजनाओं को जिला स्तर पर स्वीकृति दे दी गई है। उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इन प्रस्तावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सभी प्रस्तावों को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से मंजूरी प्रदान की गई है और अब इन्हें अंतिम स्वीकृति के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भेजा जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि कार्ट रोड से अन्नाडेल तक सड़क मरम्मत के लिए लगभग 8.55 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया गया है। कसुम्पटी क्षेत्र में ग्याना के समीप स्लोप प्रोटेक्शन के लिए करीब 1.48 करोड़ रुपये की लागत से कार्य प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त कुमारसैन के अंतर्गत मंगसू मार्ग पर भूस्खलन रोकने के लिए 1.50 करोड़ रुपये तथा पंडार कैंची चटोग क्षेत्र में करीब 1.99 करोड़ रुपये से राहत एवं सुरक्षा कार्यों का प्रस्ताव बनाया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि रामचंद्रा चौक से हेनाल्ट पब्लिक स्कूल तथा रामचंद्रा चौक से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जाखू क्षेत्र में सिंकिंग जोन के लिए लगभग 8.63 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के समीप भूस्खलन की रोकथाम के लिए 10.74 करोड़ रुपये की योजना बनाई गई है। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त दिव्यांशु सिंघल और एडीएम प्रोटोकॉल ज्योति राणा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### अंतिम स्वीकृति के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भेजा प्रस्ताव

### अन्नाडेल तक सड़क मरम्मत के लिए 8.55 करोड़ का प्रस्ताव तैयार

अविनाशि तु तद्विद्धि येन सर्वमिदंततम्। विनाशमव्ययस्यास्य न कश्चित्कर्तुमर्हति ॥

नाश रहित तो तू उसको जान, जिससे यह संपूर्ण जगत दृश्यवर्ग व्याप्त है। इस अविनाशी का विनाश करने में कोई भी समर्थ नहीं है॥

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 23 दिसंबर 2025

# आस्था का प्रतीक
# मां विंध्यावासिनी मंदिर


*हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी प्रदेश का नाम सुनते ही हर किसी व्यक्ति के मन में जो एक आलौकिक आनंद की अनुभूति होती है वह किसी मैदानी प्रदेश के नाम को सुन कर नहीं होती है। हिमालय की गोद में बसे हिमाचल को देवी-देवताओं की भूमि के नाम से भी जाना जाता है। कांगड़ा जिले के पालमपुर में एक मंदिर है माता विंध्यावासिनी का मंदिर। मां विंध्यावासिनी देष के 51 शक्तिपीठों में से एक है। विंध्याचल की देवी मां विंध्यावासिनी विंध्याचल की पहाड़ियों में से गंगा जैसी पवित्र धारा की कल-कल करती आवाजों, कुदरत की अनोखी छटा बिखेरती है। शिव पुराण में मां विंध्यावासिनी को सती का रूप माना गया है। मां विंध्यावासिनी का मंदिर जिला कांगडा की तहसील पालमपुर से तकरीबन 5 किलोमीटर की दूरी पर धौलाधार घाटियों के ठीक नीचे है।*



**मान्यता** है कि यह मंदिर 500 साल पुराना है। यहां की ऐसी भी मान्यता है कि कुछ माह को छोड़कर यहां पर बूंद-बूंद बारिश होती है। इसलिए इस जगह जहां यह मंदिर है, का नाम बंदला पड़ा। मंदिर में मां एक पिंडी के रूप में विराजमान है। जन श्रुतियों के अनुसार, कई साल पहले यहां पर भांति-भांति के पेड़ पौधों से भरा जंगल हुआ करता था। यहां गद्दी भेड़-बकरियों को चराने आते थे। एक रात गद्दी को छोटी सी लड़की सपने में आई और उसने वहां पर मंदिर बनाने को बोला। साथ ही उस लड़की ने वहां पत्थर के नीचे दबी पिंडी को मंदिर में रखने को बोला और पूजा-पाठ करने को कहा। कन्या ने बोला कि इससे तेरे कुल की रक्षा होगी, पैसे, इज्जत की कोई कमी नहीं रहेगी। उसे कन्या की बात पर विश्वास नहीं आया और उसकी बात को अनदेखा कर दिया। इसके बाद फिर कन्या ने उसको सपने में दर्शन दिए, उसने अगली सुबह नहा-धोकर उस स्थान पर जा कर झाड़ियों से कन्या रूपी माता की दिखाई पिंडी उठाई और एक साफ जगह पर रख दी और पूजा-पाठ करना शुरू कर दिया। मन में मंदिर बनाने का विचार करने लगा। इसके बाद विंध्यावासिनी उनकी आराध्य माता बन गई। उसने वहां माता का मंदिर बनवाया। दूर-दूर से लोग माता के दर्शन करने आने लगे। एक तरफ पहाड़, जहां बर्फ का नजारा देखते ही बनता और एक तरफ न्यूगल खड्ड कल-कल करती बहती है। गर्मियों में यहां ज्यादा गर्मी नहीं होती है। यह स्थल आस्था, विष्वास और आवोहवा की एक अनूठी मिसाल है। होली में यहां से झाकियां निकलती हैं, जो पालमपुर होते हुए घुग्गर तक जाती हैं। यह झांकियां छोटी होली से तीन दिन यानी बड़ी होली तक निकलती हैं, जिनको देखते ही माहौल भक्तिमय हो जाता है। जो भी लोग विंध्यावासिनी मंदिर में माता के दर्शन करने आते हैं और माता के आगे नत मस्तक होते हैं। उनके सारे दुख-दर्द भूल जाताा है, उनके मन को जो शांति मिलती है, वह कहीं ओर नहीं मिलती। मंदिर में हर रोज भजन कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहता है।



अश्वनी कौंडल
खलेठ, पालमपुर



# खालसा के जनक गुरु गोबिंद सिंह जी

**गुरु** गोबिंद सिंह हिंदू धर्म की रक्षा के लिए विशेष पहचान रखते हैं, क्योंकि इन्हीं के पिता नौवें गुरु तेगबहादुर, खुद दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी व इनके चारों बेटों ने अपने धर्म की खातिर बलिदान दे दिया था। परिवार के इतने बड़े बलिदान के बारे में भला कोई सोच भी सकता है? गुरु गोबिंद सिंह का जन्म माता गुजरी व पिता गुरु तेगबहादुर के यहां 22 दिसंबर, 1666 को पटना में उस समय हुआ था, जब पिता गुरु तेगबहादुर अपने धर्म के प्रचार में असम क्षेत्र की ओर गए हुए थे। तब इनका नाम गोबिंद राव रखा गया था। पटना से बालक गोबिंद राव के साथ समस्त परिवार वर्ष 1670 में पंजाब पहुंच गया और फिर आगे निकलते हुए पहाड़ी क्षेत्र में चक्क नानकी जो कि अब आनंदपुर नाम से प्रसिद्ध है, वर्ष 1672 में यहां पहुंच गए। यहीं पर गोबिंद की सारी शिक्षा दीक्षा (संस्कृत व फारसी में) योग्य विद्वानों व शिक्षकों की देख रेख में की गई। यहीं पर घुड़सवारी, तीरंदाजी, तलवारबाजी व युद्ध के तौर तरीकों आदि को अभ्यास के साथ सिखाया गया। साथ ही साथ धार्मिक आचार व्यवहार और आध्यात्मिक शिक्षा भी चलती रही। इसी मध्य जब गुरु गोबिंद अभी 9 वर्ष के थे तो इनके पिता गुरु तेग बहादुर जी के पास कुछ कश्मीरी पंडित मुगलों के विरुद्ध शिकायत लेकर पहुंच गए, जो कि उनको धर्म परिवर्तन को प्रेरित कर रहे थे। गोबिंद उस समय अपने पिता तेगबहादुर के पास ही थे और पिता से कश्मीरी पंडितों की सहायता करने को कह दिया। गुरु तेगबहादुर ने औरंगजेब से मिलकर बात करने का आश्वाशन देकर पंडितों को वापस भेज दिया। उधर औरंगजेब को इसकी सारी जानकारी पहुंच गई और गुरु तेग बहादुर जी को दिल्ली पहुंचने से पूर्व ही गिरफ्तार कर लिया गया। फिर उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए कहा गया, जिस पर उन्होंने मरना कबूल कर लिया, लेकिन अपने धर्म पर अडिग रहे। औरंगजेब ने 11 नवंबर 1675 को आदेश देकर गुरु तेग बहादुर जी का सिर धड़ से अलग करवा दिया। गुरु तेग बहादुर जी के इस बलिदान के पश्चात उनके बेटे गोबिंद सिंह को 29 मार्च, 1676 को 10वें गुरु के रूप में गद्दी पर बैठा दिया और उनकी शिक्षा दीक्षा भी साथ चलती रही। गुरु गोविंद सिंह जी के तीन विवाह हुए थे।



डॉ. कमल के प्यासा
परुथी, मंडी, हिमाचल प्रदेश



पहला विवाह उनकी 10 वर्ष की उम्र में आनंदपुर के निकट के गांव बसंतपुर की जीतो नाम की लड़की से हुआ था, जिससे उनके तीन बेटे, जिनका नाम जुझार सिंह, जोरावर सिंह तथा फतेह सिंह था। दूसरी शादी 4अप्रैल ,1684 को 17 वर्ष की आयु में आनंदपुर की सुंदरी नामक कन्या से हुई थी। जिससे केवल एक बेटा अजीत सिंह पैदा हुआ था। इसी तरह से तीसरी शादी 33 वर्ष की आयु में देवन नामक लड़की से 15 अप्रैल, 1700 में हुई थी और इनसे गुरु जी की कोई औलाद नहीं थी।

गुरु गोबिंद सिंह हमेशा प्रेम, सदाचार,भाईचारे का संदेश मधुर वाणी के साथ देते रहते थे, फलस्वरूप उनके पास सभी तरह के लोग बिना किसी भेद भाव के हमेशा चले ही रहते थे। गुरु जी अक्सर कहा करते थे-

***'भैं काहू को देत नहि,***
***नहि भय मानत आन।'***

*अर्थात न तो तुम किसी से डरो और न ही किसी को डराओ। हमेश धर्म और सत्य के मार्ग पर चलो। गुरु जी को अनेकों नामों से जाना जाता था अर्थात कालगी वाले, दशमेश, बाजां वाले आदि।*

**वर्ष 1685** में बिलासपुर के राजा भीम चंद से कुछ मत भेद हो जाने व सिरमौर के शासक मत प्रकाश के आग्रह पर वह पहले टोका और फिर पावंटा पहुंच गए। यहीं पर गुरु जी द्वारा एक किले का निर्माण भी करवाया गया, लेकिन यहां गुरु जी केवल तीन साल ही रहे। वर्ष 1687 में पहाड़ी राजाओं के सहयोग से मुगल अलिफ खान को बुरी तरह से पछाड़ने में सफल रहे। फिर 1688 में बिलासपुर की रानी चंपा के बार-बार कहने पर वापस आनंदपुर आ गए। यहीं पर वर्ष 1699 में वैशाखी के अवसर पर खालसा पंथ की स्थापना करते हुए पांच प्यारों का चयन करके उन्हें अमृत छकाया गया और पांच कक्कों (केश, कंघा, कड़ा, किरपाण व कच्छे) के महत्व बताए गए। उधर, सरहंद के नवाब वजीर खान ने 27 दिसंबर, 1704 को गुरु गोबिंद सिंह के दो बेटों जोरावर सिंह व फतेह सिंह को जिंदा दीवार में चिनवा दिया तो इसके पश्चात 8 मई,1705 को मुक्तसर के युद्ध में मुगलों को बुरी तरह से परास्त करके गुरु जी ने बदला ले लिया। औरंगजेब की मृत्यु के पश्चात गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रयासों से बहादुर शाह को गद्दी पर बैठाया गया। बहादुर शाह के साथ गुरु जी की अच्छी मित्रता थी, जिससे सरहंद का नवाब (वजीर खान) गुरु जी व बहादुर शाह की निकटता से घबरा गया और फिर उसने गुरु जी को खत्म करने के लिए दो पठानों को नियुक्त कर दिया। 7 अक्तूबर,1708 को नादेड साहिब में गुरु जी इस संसार को छोड़ कर चले गए। अंतिम समय उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब को शीश झुकाकर प्रणाम करते हुए व आगे का गुरु ग्रन्थ साहिब सबके लिए कहकर दिव्य ज्योति में लीन हो गए। इसके पश्चात गुरु जी के शिष्य बंदासिंह बहादुर द्वारा सरहंद के मुगल दुश्मनों पर हमला बोल कर उनके छक्के छुड़ा दिए। गुरु गोबिंद सिंह सिखों के प्रथम गुरु, एक अच्छे कवि व साहित्यकार भी थे, उनकी लिखित कृतियों में शामिल हैं-

***1.वचित्र नाटक, 2. जप साहिब, 3.अकाल स्तुति, 4. चंडी चरित्र, 5. चंडी दी वार, 6.ज्ञान पर बोध, 7.चौबीस अवतार 8.जफरनामा, 9.खालसा महिमा, 10. अथपखयां चरित्र लि ख्याते आदि।***

गुरु गोबिंद सिंह जी का यह समस्त साहित्य, ब्रज भाषा, फारसी व संस्कृत में लिखा गया था और गुरु जी कई भाषाएं जानते थे। तभी तो उनके दरबार में कहते हैं कि 52 विद्वानों को संरक्षण मिला हुआ था। गुरु जी मुगलों के खिलाफ सभी पहाड़ी राजाओं को एक सूत्र में बंधने के लिए मंडी रियासत के रिवालसर नामक तीर्थ स्थल भी पधारे थे और पहाड़ी राजाओं की बैठक का आयोजन भी किया था।

***हिमाचल प्रदेश की देव संस्कृति में लोक देवताओं का विशेष स्थान है। इन्हीं पूज्य लोक देवताओं में बाबा नाहर सिंह जी का नाम श्रद्धा से लिया जाता है। मान्यता है कि जब केहलूर रियासत के राजा ने कुल्लू क्षेत्र से विवाह किया, तब राजकुमारी अपने कुल देवता बाबा नाहर सिंह जी को पालकी सहित अपने साथ बिलासपुर लाई थीं। इसी समय से बाबा जी की गद्दी केहलूर क्षेत्र में स्थापित हुई और उनकी पूजा-अर्चना की परंपरा आरंभ हुई। बाबा नाहर सिंह जी की स्थापना के बाद धीरे-धीरे उनकी मान्यता पूरे क्षेत्र में फैलती गई। राजपरिवार से शुरू हुई यह आस्था समय के साथ आम जनमानस की श्रद्धा बन गई। आज बाबा जी को बिलासपुर क्षेत्र में लोकदेवता के रूप में पूजा जाता है और उनके प्रति लोगों की अटूट आस्था है।***



# बाबा नाहर सिंह जी
## के आशीर्वाद से मिलती रोगों से मुक्ति

**'जाता'** बाबा जी के प्रति सामूहिक श्रद्धा का प्रतीक है। इसमें पालकी, ध्वजा, झंडा और भोग शामिल होता है। कई बार यह यात्रा एक या दो दिन तक चलती है। महिलाएं रास्ते भर बाबा जी के भजन और लोकगीत गाती हैं। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर बाबा जी के नाम का भोग लगाया जाता है और फिर यात्रा आगे बढ़ती है। कुछ क्षेत्रों में बाबा नाहर सिंह जी के दरबार में 'छेलू' चढ़ाने की परंपरा भी रही है। इसे श्रद्धा-स्वरूप नैवेद्य माना जाता है। बलि से पहले विधिवत पूजा और देव भाषा में आह्वान किया जाता है। हालांकि, समय के साथ कई स्थानों पर यह परंपरा प्रतीकात्मक रह गई है और अनेक गांवों में इसे बंद भी कर दिया गया है। बिलासपुर क्षेत्र में बाबा जी की कई स्थानीय गद्दियां और थान हैं, लेकिन मुख्य स्थान पर लगने वाला मेला विशेष महत्व रखता है। इस मेले में लोकगीत, जगराते, देव संवाद और स्थानीय संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है। आज भी श्रद्धालु मानते हैं कि बाबा नाहर सिंह जी की शरण में जाने से रोगों से मुक्ति, संतान सुख और कार्यों में सफलता प्राप्त होती है। अनेक परिवार आज भी बाबा जी को अपना कुलदेवता मानकर उनकी पूजा करते हैं। बाबा नाहर सिंह जी केवल एक लोक देवता नहीं, बल्कि बिलासपुर की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा के संरक्षक हैं। उनका मेला और जाता हिमाचल की देव संस्कृति को जीवंत बनाए हुए हैं। 'जय बाबा नाहर सिंह जी की'-यह शब्द नहीं, बल्कि आस्था और विश्वास की अभिव्यक्ति है।

**'जाता' बाबा जी के प्रति सामूहिक श्रद्धा का प्रतीक**

### मेलों की सबसे विशेष परंपरा जेठ मास के मंगलवारों से जुड़ी

**बाबा** नाहर सिंह जी के मेलों की सबसे विशेष परंपरा जेठ मास के मंगलवारों से जुड़ी है। इस दौरान चार से पांच मंगलवारों तक लगातार मेले आयोजित होते हैं। इन मेलों में दूरदराज के गांवों से श्रद्धालु 'जाता' लेकर बाबा जी के दरबार में पहुंचते हैं। बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और करनाल की गूंज के साथ जब जाता मंदिर परिसर में प्रवेश करता है, तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठता है। देवगुरु, देवकुमार और भक्तजन विशेष वेशभूषा में देवनृत्य करते हुए बाबा जी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

*प्रस्तुतिः*
*अरुण डोगरा रीतू*
*अनंत ज्ञान ब्यूरो*
*बिलासपुर*



# मार्तण्ड सप्तमी का महत्व, पूजा और व्रत विधि

**मार्तण्ड** सप्तमी का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। सूर्य भगवान आदि देव हैं। अतः इन्हें आदित्य कहा जाता है। इसके अतिरिक्त माता अदिति के पुत्र के रूप में जन्म लेने के कारण भी सूर्य देव इस नाम से प्रसिद्ध हुए। सूर्य देव का यह मार्तण्ड स्वरूप अत्यंत तेजस्वी माना जाता है, जो अशुभता और पापों का नाश कर उत्तम फल प्रदान करने वाला है। इस दिन सूर्य देव की पूजा करने से सुख, सौभाग्य एवं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है। मार्तण्ड सप्तमी की कथा के अनुसार, दक्ष प्रजापति की पुत्री अदिति का विवाह महर्षि कश्यप से हुआ था। अदिति ने कई पुत्रों को जन्म दिया, जो देव कहलाए, जबकि अदिति की बहन दिति के पुत्र असुर कहलाए। असुर देवताओं से वैर भाव रखते थे और उन्हें समाप्त कर स्वर्ग पर अधिकार प्राप्त करना चाहते थे। अपनी शक्ति के बल पर असुरों ने देवताओं को पराजित कर स्वर्ग पर अधिकार कर लिया। अपने पुत्रों को संकट में देखकर देव माता अदिति अत्यंत दुःखी हुईं और उन्होंने सर्वशक्तिमान सूर्य देव की उपासना करने का संकल्प लिया। देवी अदिति की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर सूर्य देव ने उन्हें दर्शन दिए और वरदान मांगने को कहा। तब अदिति ने प्रार्थना की कि यदि आप मुझ पर प्रसन्न हैं तो मेरे पुत्रों की रक्षा के लिए आप मेरे पुत्र के रूप में जन्म लें और अपने भाइयों की रक्षा करें। सूर्य देव के वरदान से उनका अंश अदिति के गर्भ में प्रविष्ट हुआ। गर्भावस्था के दौरान देवी अदिति निरंतर तप और व्रत में लीन रहीं, जिससे उनका शरीर दुर्बल होने लगा। महर्षि कश्यप के बहुत समझाने पर भी जब देवी ने तपस्या नहीं छोड़ी तो क्रोधवश उन्होंने कह दिया कि तुम इस गर्भ को मार डालोगी क्या। यह सुनकर देवी अदिति को अत्यंत दुःख हुआ, किंतु उन्होंने समझाया कि यह कोई सामान्य गर्भ नहीं बल्कि प्रभु का अंश है, इसलिए चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। इसके बाद में जब महर्षि कश्यप को सत्य का ज्ञान हुआ, तो उन्होंने सूर्य देव की वंदना की। वंदना से प्रसन्न होकर सूर्य देव ने उन्हें क्षमा प्रदान की और उसी समय एक अत्यंत तेजस्वी पुरुष का जन्म हुआ, जो मार्तण्ड कहलाया। सूर्य के इसी स्वरूप की उपासना मार्तण्ड सप्तमी के दिन की जाती है। सूर्य अदिति के गर्भ से जन्म लेने के कारण आदित्य कहलाए। मार्तण्ड सप्तमी के व्रत में व्यक्ति को सात्विक आचरण अपनाना चाहिए। प्रातः स्नान करके सूर्य देव की पूजा की जाती है और परिवार के स्वास्थ्य तथा कल्याण की कामना की जाती है। पूजा के पश्चात सप्तमी कथा का पाठ किया जाता है। शास्त्रों में इस व्रत को आरोग्यदायक बताया गया है, क्योंकि सूर्य के इस स्वरूप की उपासना से रोगों का शमन होता है और व्यक्ति स्वस्थ, तेजस्वी एवं कांतिमय बनता है।





# धर्मशाला का चिन्मय तपोवन
## प्रकृति, अध्यात्म व शांति का संगम

***हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जनपद का उपमंडल धर्मशाला पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर क्षेत्र है। देश-विदेश से आने वाले सैलानियों के लिए यह स्थान आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। धर्मशाला में विश्वविख्यात धर्मगुरु दलाई लामा का निवास होने के कारण यहां तिब्बती संस्कृति की झलक देखने को मिलती है, इसी कारण यह क्षेत्र 'मिनी ल्हासा' के नाम से भी प्रसिद्ध है। धर्मशाला की पर्वत शृंखलाओं के बीच सिद्धबाड़ी में स्थित चिन्मय तपोवन ट्रस्ट संदीपनी हिमालय एक विश्वविख्यात धार्मिक और आध्यात्मिक स्थल है, जिसे तपोवन आश्रम के नाम से जाना जाता है। यह स्थान न केवल श्रद्धालुओं बल्कि प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों के लिए भी अत्यंत सुकूनदायक है।***

**कहा** जाता है कि जब स्वामी चिन्मयानंद जी 1977 में यहां आए थे, तब यह क्षेत्र बंजर और वीरान था, किंतु उनके अथक प्रयासों से आज यह आस्था, श्रद्धा और अध्यात्म का प्रमुख केंद्र बन गया है। चीड़ के घने वृक्षों से घिरा यह आश्रम प्रकृति की अनुपम छटा प्रस्तुत करता है। यहां से बर्फ से ढकी धौलाधार पर्वतमालाएं, हरी-भरी घाटियां और विस्तृत वादियों के मनमोहक दृश्य दिखाई देते हैं। आश्रम परिसर में स्थापित विशाल हनुमान जी की प्रतिमा दर्शकों को विस्मित कर देती है। इसके अतिरिक्त भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर भी यहां स्थित है, जहां श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की अलौकिक मूर्तियां दिव्यता का अनुभव कराती हैं। मंदिर की दीवारों पर रामायण के प्रसंगों को दर्शाते कलात्मक भित्ति चित्र श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से भर देते हैं।

**चिन्मय** तपोवन में प्रतिदिन प्रातः और सायंकाल आरती होती है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठता है। यहां योग, ध्यान और वेदांत अध्ययन का भी विशेष प्रबंध है। आश्रम में संचालित शैक्षणिक केंद्र में देश के विभिन्न राज्यों से आए विद्यार्थी आध्यात्मिक शिक्षा प्राप्त करते हैं। साथ ही सामाजिक और सेवा कार्यों के माध्यम से चिन्मय मिशन का योगदान निरंतर बढ़ रहा है। आश्रम परिसर में विशाल पुस्तकालय भी है, जहां धार्मिक और दार्शनिक पुस्तकों का समृद्ध संग्रह उपलब्ध है। स्थानीय महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, शॉल, वस्त्र आदि भी यहां उचित मूल्य पर मिल जाते हैं। आश्रम से सटे हिमाचल प्रदेश विधानसभा परिसर की भव्यता भी देखने योग्य है। वर्षभर सुखद मौसम के कारण यहां कभी भी भ्रमण किया जा सकता है, हालांकि अप्रैल से जून और अक्तूबर से दिसंबर का समय विशेष रूप से अनुकूल माना जाता है। कुल मिलाकर, चिन्मय तपोवन आश्रम धर्मशाला आने वाले हर पर्यटक और श्रद्धालु को शांति, सुकून और आध्यात्मिक आनंद का अद्भुत अनुभव प्रदान करता है। एक बार यहां आकर प्रकृति और अध्यात्म के इस अनुपम संगम का अनुभव अवश्य करना चाहिए।



तुलसी राम डोगरा,पालमपुर





## न्यूज ब्रीफ

### प्रिंसिपल कविता को 'शिक्षा भूषण' सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल भटोली फकोरियां की प्रिंसिपल कविता कुमारी को शूलिनी यूनिवर्सिटी की ओर से प्रिंसिपल कॉन्क्लेव कांगड़ा में शिक्षा भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कांगड़ा में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. दिनकर बुराथोकी सेवानिवृत्त निदेशक उच्च शिक्षा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में कविता को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षा भूषण अवॉर्ड से नवाजा गया।

### एसपी शर्मा अध्यक्ष, उदय दोबारा महासचिव बने



**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज।** लाइफ इंश्योरेंस एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की धर्मशाला इकाई के चुनाव सोमवार को सर्वसम्मति से संपन्न हुए। शिमला मंडल अध्यक्ष आरएस चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित चुनाव में एसपी शर्मा को अध्यक्ष, उदय जम्वाल को पुनः महासचिव, रजनी गुप्ता को पुनः कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उपस्थित सदस्यों द्वारा बधाई दी गई।

### 11 को मनाई जाएगी काऊंट सीजर मैट्टी की जयंती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक काउंट सीजर मैट्टी की 217वीं जयंती धर्मशाला स्थित सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी बगली में 11 जनवरी को मनाई जाएगी। कार्यक्रम में कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। प्रदेश इलेक्ट्रो होम्योपैथिक डॉक्टर्ज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ उत्तम चंद कौंडल ने बताया कि सभी जिलों के पदाधिकारी एवं छात्र वर्ग उपस्थित रहेंगे। राज्य में प्रैक्टिस कर रहे चिकित्सकों को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

### थुरल कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय थुरल में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि जागृत करना और महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के योगदान को स्मरण करना था। प्राचार्या प्रो. राका शर्मा ने गणित के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. विशाल वालिया ने रामानुजन के जीवन पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। क्विज प्रतियोगिता में लवीश वालिया तथा वंशिका प्रथम, पलक तथा अंशिका दूसरे और आदित्य तथा शिवम मेहरा तृतीय स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अंशिका प्रथम, पलक दूसरे और शब्बू तीसरे स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में ऋषभ प्रथम, दिवांश दूसरे और स्नेहा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### पांच साल में जनता का मिला पूरा सहयोग : अनीता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** ब्लॉक पंचरुखी की लदोह पंचायत विकास कार्यों में अपने ब्लॉक में नंबर एक रही है। पंचायत प्रधान अनीता कुमारी ने बताया कि पांच वर्षों में पंचायत में लगभग तीन करोड़ रुपए के विकास कार्य करवाए गए। उन्होंने सभी वार्डों में बिना राजनीतिक भेदभाव के समान विकास किया। मनरेगा के तहत मजदूरों को हर वर्ष सौ से अधिक दिन का रोजगार दिया गया। बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए पांच लाख की लागत से पुस्तकालय बनाया गया। पंचायत भवन में मीटिंग हॉल, कोर्ट रूम व मैदान भी बने। पंचायत प्रतिनिधियों, कर्मचारियों और स्थानीय विधायक के सहयोग से पंचायत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया गया।

### न्यूगल स्कूल भवारना में करवाई फेंसिंग स्पर्धा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** भवारना स्थित न्यूगल पब्लिक स्कूल में फेंसिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न वर्गों में 38 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें 21 खिलाड़ियों ने पदक जीते। अलग-अलग वर्गों में तनिषा, नियति, मानसी, आकाश कुमार, अंशुल मंडोतिया व पंकज ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता मैड़ी-उन्ना में तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता ओडिशा के कटक में आयोजित होगी। अंत में विद्यालय चेयरमैन अंकुर कटोच ने आयोजन से जुड़े सभी लोगों का धन्यवाद किया।

### स्टूडेंट्स को दी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला के सड़क सुरक्षा क्लब ने प्राचार्य डॉ. युवराज सिंह पठानिया के मार्गदर्शन में सोमवार को जागरुकता व्याख्यान का आयोजन किया। व्याख्यान में संजय कुमार, एसएचओ धर्मशाला ने छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा व वाहन फिटनेस के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने शराब पीकर वाहन चलाने से बचने और नाबालिगों को वाहन चलाने से रोकने पर जोर दिया। प्राचार्य डॉ. पठानिया ने परिसर में सुरक्षा नियमों का पालन करने के संबंध में छात्रों और कर्मचारियों को संबोधित किया। क्लब के प्रभारी प्रो. युगराज सिंह ने बताया कि यह गतिविधि हिमाचल सरकार के निर्देशानुसार भविष्य के शिक्षकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित की गई।

### विधायक किशोरी ने सम्मानित किए विद्यार्थी

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विधायक किशोरी लाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्मार्ट कक्षाओं, कंप्यूटर लैब, डिजिटल सामग्री, खेल मैदान और छात्रवृत्ति योजनाओं के विकास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक उत्कृष्टता दिखवाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और विद्यालय को 11 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। प्रधानाचार्या नीलम डोगरा ने वर्षभर की उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। एनएसएस यूनिट द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 18 हजार रुपए का चेक भेंट किया गया, जिसे विधायक ने सामाजिक सरोकार का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लूटी वाहवाही

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चड़ी के आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए अनिवार्य है। समारोह में वर्षभर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विधायक ने क्षेत्र में पेयजल, विद्युत, सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने नशे के खिलाफ अभियान एवं आगामी रैली का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन से हुआ और विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

# 4 जिले : 8 माह, 2235 चालान

## ऊना में पांच दिन में कटे 117 चालान, निजी वाहनों में सवारियां ढोने पर भी कार्रवाई

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**धर्मशाला।** प्रदेश के चार जिलों में आठ माह के दौरान 2235 चालान काटे गए और 84 लाख 74 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। चालान का यह आंकड़ा कमर्शियल वाहनों का है, जिनमें नियमों की अवहेलना पर कार्रवाई की गई है। यही नहीं निजी वाहनों में सवारियां व कमर्शियल यूज का सामान ढोने वाले वाहनों पर भी शिकंजा कसा गया है।

धर्मशाला स्थित आरटीओ फ्लाइंग स्क्वायड की ओर से यह कार्रवाई की गई है। आरटीओ फ्लाइंग स्क्वायड के तहत जिला कांगड़ा, चंबा, ऊना व हमीरपुर आते हैं। विभाग द्वारा परमिट एक्सपायर, इंश्योरेंस, पाल्यूशन व फिटनेस न होने के चलते चालान काटे जाते हैं। विभाग की ओर से समय-समय पर वाहन चालकों को यातायात नियमों बारे जागरूक भी किया जाता है। साथ ही वाहन संबंधी आवश्यक दस्तावेज भी साथ रखने की बात कही जाती है।

हाल ही में आरटीओ फ्लाइंग स्क्वायड ने जिला ऊना का दौरा कर नियमों के विपरीत वाहन दौड़ाने वालों पर शिकंजा कसा। इस दौरान करीब 117 वाहनों के चालान काटे गए।

इसके अलावा निजी वाहनों में सवारियां और कमर्शियल यूज वाले सामान ढोने पर 8 वाहनों के चालान काटे गए। इनमें से दो वाहन ऐसे थे, जो कि पंजाब से संबंधित थे और उन पर अप्लाइड फॉर अंकित था। इस पर जब विभाग की टीम ने वाहन चालकों से सवारियों बारे पूछा तो परिवार सदस्य बताया गया। वहीं, टीम ने सवारियों से पूछा तो संतोषजनक जवाब न मिलने पर उन दोनों वाहनों के चालान किए गए।

> अप्रैल से नवंबर माह तक 2235 चालान काटे गए हैं और 84 लाख 74 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। अधिकतर कमर्शियल वाहनों के चालान किए गए, जिनके परमिट एक्सपायर थे, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन या फिर फिटनेस नहीं थी। हाल ही में ऊना में निजी वाहनों में सवारियां व कमर्शियल यूज का सामान ढोने पर 8 वाहनों के चालान किए गए, जिनमें दो वाहन पंजाब से संबंधित थे।
>
> 
>
> **असीम सूद, आरटीओ फ्लाइंग स्क्वायड जिला कांगड़ा स्थित धर्मशाला**

# अधिकारों को छीन रही केंद्र सरकार : लांबा

## कहा- मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने की कोशिश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**अखिल** भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने धर्मशाला में केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में केंद्र की सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है। संविधान से मिले अधिकारों को छीना जा रहा है और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने की कोशिश की जा रही है। आरएसएस की विचारधारा ने महात्मा गांधी को खत्म किया और अब यह सोच रही है कि मनरेगा का नाम बदलकर गांधी की विचारधारा को समाप्त कर देगी, जो कभी संभव नहीं है। अलका लांबा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा लेकर आई थी, ताकि ग्रामीण भारत में रोजगार मिले, पलायन रुके और गांवों का समग्र विकास हो। पंचायतों को ताकत देने का काम भी कांग्रेस ने ही किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद मनरेगा को कमजोर किया गया।



अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने धर्मशाला में की प्रेसवार्ता।

### भाजपा में राहुल का डर, पूंजीपतियों की है सरकार

**कांग्रेस** नेता अलका लांबा ने भाजपा द्वारा राहुल गांधी पर की जा रही टिप्पणियों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का डर पूरी भाजपा में है और यह सरकार केवल पूंजीपतियों के हित में काम कर रही है, जबकि गरीबों के अधिकारों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अग्निपथ भर्ती योजना का विरोध कर रही है और केंद्र सरकार श्रमिकों के बजाय पूंजीपतियों को मजबूत कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब राहुल गांधी जनगणना और जाति जनगणना की मांग करते हैं, तो भाजपा उन्हें निशाना बनाती है। आयकर विभाग और ईडी को उनके पीछे लगाया गया, लेकिन दस साल में भी कुछ साबित नहीं हुआ। अदालत ने चार्जशीट में भी कोई दम नहीं पाया। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर अलका लांबा ने कहा कि भाजपा की राजधानी में तीन-चार स्तर की सरकार होने के बावजूद कोई ठोस विजन नहीं है। हवा जहरीली हो चुकी है और लोगों का दम घुट रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने संसद में लाल किले पर हुए आतंकी हमले और वायु प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा की मांग की, लेकिन केंद्र सरकार उनसे भागती रही। इस विफलता का खामियाजा दिल्ली की तीन करोड़ जनता भुगत रही है।

अब केंद्र सरकार यह कह रही है कि वह मनरेगा के खर्च का केवल साठ प्रतिशत ही वहन करेगी। उन्होंने कहा कि इससे सिर्फ महात्मा गांधी का नाम नहीं हटाया जा रहा, बल्कि गरीबों से रोजगार का अधिकार भी छीना जा रहा है और ग्रामीण भारत को कमजोर किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी मनरेगा को लेकर लोगों को जागरूक करेगी।

### पदोन्नत अधिकारियों के कंधों पर सजे सितारे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश वन विभाग के धर्मशाला सर्किल के अंतर्गत सोमवार को वन विश्राम गृह परिसर कांगड़ा में पिपिंग समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बसु कौशल, अरण्यपाल धर्मशाला सर्किल ने की। बसु कौशल ने नवनियुक्त रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर और डिप्टी रेंजरों के कंधों पर पदोन्नति के सितारे लगाकर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने सभी पदोन्नत अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नई जिम्मेदारी के साथ अब समाज और पर्यावरण के प्रति उनका कर्तव्य और भी बढ़ गया है। इस अवसर पर वन विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी संजीव शर्मा डीसीएफ पालमपुर, अमित शर्मा डीसीएफ नूरपुर और दिनेश शर्मा डीसीएफ धर्मशाला, ओम प्रकाश एसीएफ पालमपुर और दौलत राम एसीएफ धर्मशाला उपस्थित रहे। एसीएफ पालमपुर ने अधिकारियों को वन्यजीवों के संरक्षण, अवैध शिकार को रोकने के कानूनी पहलुओं और अपराध की जांच के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, ताकि क्षेत्र में वन्यजीव संरक्षण को और सुदृढ़ किया जा सके।

### पीजीआई चंडीगढ़ में डीएम ट्रामा की पढ़ाई करेंगे डॉ. माधव वर्मा

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर के रहने वाले डॉक्टर माधव वर्मा डीएम ट्रामा की पढ़ाई पीजीआई चंडीगढ़ से करेंगे। वर्तमान में वह पालमपुर के सिविल अस्पताल में मेडिकल स्पेशलिस्ट एनेस्थीसिया के तौर पर सेवाएं दे रहे थे। डॉ. माधव के पिता डॉ. आरके वर्मा मेडिकल कॉलेज टांडा से प्रोफेसर पद से रिटायर हुए हैं और उनकी माता प्रिंसिपल कन्हैयालाल बुटेल कॉलेज पालमपुर में बतौर प्राचार्य कार्यरत है और उनकी पत्नी युक्ति महाजन टांडा मेडिकल कॉलेज में अपनी सेवाएं दे रही है, जबकि उनकी बहन मानसी वर्मा पीजी आई चंडीगढ़ में असिस्टेंट प्रोफेसर के तौर पर सेवाएं दे रही हैं। डॉ माधव ने अपनी सफलता का श्रेय गुरु विशुद्धानंद सरस्वती महाराज और माता-पिता अपने दादा-दादी और नाना नानी को दिया है।



## हैप्पी बर्थडे



धुंदला (ऊना) के अनमोल शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



दलचेहड़ा (हमीरपुर) की गौरी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### कृषि मंत्री आज करेंगे होनहारों को सम्मानित

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा सूरियां में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में समारोह शामिल होकर प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स को सम्मानित करेंगे। प्रधानाचार्य हरभजन सिंह सोहल ने यह जानकारी दी।

### डीएवी स्कूल नगरोटा सूरियां में मनाया गणित दिवस

**अनंत ज्ञान, देहरा।** भारतवर्ष के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में डीएवी नगरोटा सूरियां विद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य शेखर मोदगिल ने गणित के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। गणित विभाग द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी, क्विज, पहेलियां और मॉडल प्रदर्शनी आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने नाटक, नृत्य और प्रस्तुतियों के माध्यम से गणित के महत्व को प्रभावी ढंग से दर्शाया।

### अमलेला स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, देहरा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अमलेला में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का सोमवार को समापन हुआ। समापन समारोह में प्रधानाचार्या कमलेश धीमान मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने स्वयंसेवियों को समाज और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी संजय सिहोल व नीशा कुमारी ने शिविर के दौरान की गई स्वच्छता, पेयजल स्रोत सफाई, सड़क सुरक्षा और नशा निवारण जैसी गतिविधियों की जानकारी दी। स्वयंसेवियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को प्रभावित किया।

### डॉ. युवराज ने संभाला प्राचार्य पद का कार्यभार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** डॉ. युवराज सिंह पठानिया ने राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में प्राचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ ने उनका स्वागत किया। इससे पूर्व वे राजकीय महाविद्यालय, रिडकुमार में प्राचार्य पद पर सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने छात्र हित, शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन, नवाचार और सहयोगात्मक कार्य संस्कृति को सुदृढ़ करने पर बल दिया। महाविद्यालय परिवार ने उनके नेतृत्व में प्रगति की आशा जताई।

### डाडासीबा पुलिस को मिली नई पेट्रोलिंग कार

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा क्षेत्र में कानून व्यवस्था और यातायात नियंत्रण को सुदृढ़ करने के लिए पुलिस थाना को नई 112 पेट्रोलिंग कार उपलब्ध करवाई गई है। इस आधुनिक, बिजली से चार्ज होने वाली गाड़ी से रात्रि गश्त और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। इससे पुलिस की निगरानी क्षमता और रिस्पॉन्स टाइम में सुधार होगा। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री सुक्खू और कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया का आभार जताते हुए इसे क्षेत्र की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया।

### बैजनाथ कॉलेज में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर गणित विभाग द्वारा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रदीप कौंडल रहे। कार्यक्रम के विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की और विजेताओं को पुरस्कृत तथा स्किट में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा स्वरूप टोकन ऑफ एप्रिसिएशन प्रदान किए गए।

### आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** लाला लाजपत राय जिला एवं मुक्त कारागार धर्मशाला में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक कैदी की बीमारी के चलते टांडा अस्पताल में मौत हो गई है। मृतक की पहचान सुरजीत (57) पुत्र गरीब दास, निवासी जिला हमीरपुर के रूप में हुई है। कारागार के सुपरिंटेंडेंट विकास भटनागर ने बताया कि साल 2010 से यह कैदी जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। उन्होंने बताया कि पांव में पस के चलते करीब डेढ़ माह पहले कैदी टांडा अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इमृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

### हिम एसोसिएशन ने किया मिलन समारोह आयोजित

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** हिम भलाइ एसोसिएशन (चंडीगढ़) किशनगढ़-मनीमाजरा की ओर से मुनि मंदिर, सेक्टर-23 में मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम की मेजबानी हिमाचल के प्रसिद्ध राजपाल डोगरा ने की। समारोह के समापन पर अध्यक्ष करम चंद डोगरा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### कांगड़ा कार्निवाल से पहले डीसी ने इंद्रुनाग मंदिर में की पूजा-अर्चना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा कार्निवाल 2025 के शुभारंभ से पहले उपायुक्त हेमराज बैरवा ने धर्मशाला स्थित इंद्रुनाग मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने कांगड़ा कार्निवाल के सफल आयोजन की कामना की। उपायुक्त ने 24 से 31 दिसंबर तक मौसम साफ रहने की भी प्रार्थना की, ताकि कार्निवाल के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं खेल प्रतियोगिता आयोजन बिना किसी बाधा के सुचारु रूप से संपन्न हो सके। 24 दिसंबर को कार्निवाल का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री करेंगे। उन्होंने बताया कि शुभारंभ के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा कांगड़ा कार्निवाल के दौरान मैराथन, फुटबाल स्पर्धा, लिटफेस्ट, साइकिल राइड, मिस एंड मिसेज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही धर्मशाला के प्रमुख स्थलों पर पुलिस और होमगार्ड के बैंड अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही सांस्कृतिक संध्याओं के दौरान नामी कलाकार भाग लेंगे।

# पराशर का मार्गदर्शन बना निहारिका के जीवन की पतवार

## चंबा जिले के भरमौर की बेटी लिखेगी समुद्र पर सफलता की नई कहानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**चंबा** जिले के भरमौर क्षेत्र की पहाड़ियों से उठकर एक युवती का सपना अब समुद्र की अथाह गहराइयों तक पहुंचने को तैयार है। गद्दी समुदाय से संबंध रखने वाली दुर्गेठी गांव की निवासी निहारिका की कहानी एक चयन की नहीं, हौसले, मार्गदर्शन और भरोसे की वह मिसाल है, जो बताती है कि सही समय पर मिला एक सच्चा मार्गदर्शक किसी का भी जीवन बदल सकता है।

कैप्टन संजय पराशर के सानिध्य और मार्गदर्शन ने निहारिका के लिए वह रास्ता खोला, जिसकी कल्पना इस बेटी ने कभी अपने पहाड़ी गांव की सीमाओं से बाहर शायद ही की हो। निहारिका का चयन डीएनएस (डिप्लोमा इन नॉटिकल साइंस) के लिए हुआ है। यह चयन उस संघर्ष का प्रतिफल है, जिसमें सीमित संसाधनों, सामाजिक दायरों और भौगोलिक दूरियों के बावजूद उस युवती ने अपने सपनों को जीवित रखा। एक वर्ष का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद निहारिका मर्चेंट नेवी में अपनी सेवाएं देगी और जहाज पर कार्य करते हुए देश-दुनिया के समुद्रों में प्रतिनिधित्व करेगी। निहारिका को नौकरी की स्पांसरशिप सोमवार को संजय पराशर ने अपने मुंबई स्थित प्रधान कार्यालय में दी। भरमौर जैसे क्षेत्र, जहां आज भी जीवन प्रकृति की कठिन शर्तों पर चलता है, वहां से निकलकर मर्चेंट नेवी तक का सफर आसान नहीं होता है। निहारिका के पिता किसान हैं, जिनकी आय खेती पर निर्भर है और माता एक गृहिणी हैं। निहारिका बताती है कि उसे कैप्टन संजय पराशर के बारे में जानकारी इंटरनेट के माध्यम से मिली। जब उसने संजय पराशर से संपर्क किया तो किसी औपचारिकता या दूरी के बजाय उसे स्नेह, सहयोग और मार्गदर्शन मिला। निहारिका को पराशर ने मर्चेंट नेवी से जुड़े हर पहलू को धैर्यपूर्वक समझाया कि यह क्षेत्र क्या है, इसमें अवसर कैसे मिलते हैं, प्रवेश की प्रक्रिया क्या है, किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और भविष्य की संभावनाएं कैसी होती हैं। पराशर ने जानकारी देने के साथ निहारिका के मन में बैठे डर और संकोच को भी दूर किया। निहारिका कहती है कि महज 19 वर्ष की आयु में संजय पराशर ने उसके जीवन की दिशा और दशा बदल दी है।



संजय पराशर ने मुंबई प्रधान कार्यालय में निहारिका को नौकरी की स्पांसरशिप दी।

### 10वीं और 12वीं कक्षा के व्यावसायिक विषयों के स्टूडेंट्स का प्रायोगिक मूल्यांकन फरवरी में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी दी कि मार्च 2025-26 की वार्षिक परीक्षा के अंतर्गत 10वीं और 12वीं कक्षा के नियमित विद्यार्थियों के व्यावसायिक विषयों का प्रायोगिक मूल्यांकन फरवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य व्यावसायिक शिक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों का समयबद्ध और पारदर्शी मूल्यांकन सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि समर क्लोजिंग स्कूलों में यह प्रायोगिक मूल्यांकन 2 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित होगा, जबकि विंटर क्लोजिंग स्कूलों के लिए यह प्रक्रिया 12 फरवरी से 28 फरवरी तक पूरी की जाएगी। बोर्ड ने राज्य परियोजना निदेशक शिमला, सेक्टर स्किल काउंसिल्स और सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं मुख्याध्यापकों को आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन के तीन माह के पाठ्यक्रम के तहत प्रायोगिक मूल्यांकन भी इसी अवधि में आयोजित किया जा सकता है।

# रूबिक क्यूब प्रतियोगिता में काजल ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**गोस्वामी** गणेश दत्त सनातन धर्म (जीजीडीएसडी) कॉलेज राजपुर में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को स्मरण करते हुए महाविद्यालय के विद्यार्थियों में गणित के प्रति तार्किक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कॉलेज के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को सच्ची श्रद्धांजलि हैं तथा विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं।

**जीजीडीएसडी कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस**

गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक सुकांत अवस्थी, मंजू कुमारी एवं डॉ. राधिका ठाकुर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में निर्णायकों की भूमिका महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक सुमन कुमार, डॉ. ध्रुव देव शर्मा, सहायक प्राध्यापक विनीत ठाकुर, अनुराग शर्मा, वनीत राणा, डॉ. अनिता पटियाल, अनीश कुमार, सुकांत अवस्थी, डॉ. अदिति शर्मा, डॉ. राधिका ठाकुर और सहायक प्राध्यापक मंजू कुमारी ने निभाई। मैथमैटिकल रंगोली प्रतियोगिता में बीसीए विभाग, बीए और बीएससी मेडिकल, मैथमैटिकल मॉडल प्रदर्शनी में बीसीए विभाग से कनिष्का, सारिका और अंश, बीएससी नॉन मेडिकल से साहिल और राहुल और बीएससी नॉन मेडिकल से अंशुल चौधरी और अंशुल कपूर, रिमेम्बर एंड राइट पाई प्रतियोगिता में बीबीए विभाग से कनिष्का पटियाल, बीएससी नॉन मेडिकल से विशाखा और बीबीए से सुजल, रूबिक क्यूब प्रतियोगिता में बीएससी मेडिकल से काजल, बीएससी नॉन मेडिकल से साहिल और बीबीए से सुजल, गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बीकॉम, बीएससी नॉन मेडिकल और बीसीए क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।

# कस्बा नरवाणा में शराब ठेके के विरोध में महिला मंडलों ने दिया धरना



नरवाना पंचायत में शराब ठेका खोलने का विरोध करती महिलाएं।

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**

**योल।** धर्मशाला विकास खंड की कस्बा नरवाना पंचायत में शराब का ठेका खोले जाने के विरोध में सोमवार को पंचायत की अगुवाई में महिला मंडलों ने धरना दिया।

धरने में महिला मंडल खिड़कू, महिला मंडल कस्बा नरवाना, महिला मंडल वाडग सहित साईं स्कूल के प्रधानाचार्य तथा गांव की करीब 50 महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने गांव में शराब ठेका खोले जाने का विरोध करते हुए इसे सामाजिक माहौल के लिए घातक बताया। पंचायत प्रधान सरिता देवी ने कहा कि पंचायत की अनुमति के बिना गांव में शराब का ठेका खोला गया है, जो पूरी तरह से गलत है। उन्होंने बताया कि धरने के बाद सभी महिला मंडलों की ओर से उपायुक्त कांगड़ा को ज्ञापन सौंपकर ठेका न खोलने की मांग की गई है। महिलाओं का कहना है कि शराब ठेका खुलने से गांव का शांत वातावरण खराब होगा और इसका सीधा असर युवाओं व परिवारों पर पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शराब ठेके को तुरंत बंद किया जाए।

### कृषि विवि में पशु चिकित्सा स्नातकों के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

# पशु चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स का स्टाइपेंड बढ़ाने के लिए होगी उचित कार्रवाई : चंद्र

**अनंत ज्ञान, अजय पाल**

**पालमपुर।** पशु चिकित्सक का पेशा चुनौतीपूर्ण है। चिकित्सकों को पशुओं की बीमारियों के लक्षण मात्र से इलाज करना पड़ता है। ऐसे में पशु चिकित्सक की भूमिका अहम हो जाती है। यह बात कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने बतौर मुख्यातिथि चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के डॉक्टर जीसी नेगी पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय में पशु चिकित्सा स्नातकों के 35वें बैच के लिए शपथ ग्रहण समारोह में कही। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सकों पर ग्रामीण आर्थिकी को सुदृढ़ करने का जिम्मा है।

उन्होंने पास आउट पशु चिकित्सकों से आग्रह करते हुए कहा कि वह लगन के साथ इस पेशे में आगे बढ़े। देश की जीडीपी का सबसे बड़ा हिस्सा खेती किसानी और पशुपालन का है। इसके चलते चिकित्सकों को देश की रीढ़ कहने जाने वाले किसानों के बीच अनुसंधान आधारित कार्य करना चाहिए।

स्नातकों को संबोधित करते हुए मंत्री ने पशुधन स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और किसानों की आजीविका को मजबूत करने में पशु चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने पशु चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले छात्रों का स्टाइपेंड बढ़ाने के लिए उचित कार्रवाई करने का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अवसर पर 59 नए पशु चिकित्सकों ने शपथ ली। इसके साथ ही वह औपचारिक रूप से पशु चिकित्सा पेशे में शामिल हो गए। वहीं, मंत्री ने तीन भवनों को जोड़ने वाले पैदल गलियारे का भूमिपूजन भी किया। इस पर करीब 15 लाख की लागत से तैयार किया जाना है। पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में शिरकत की। उन्होंने विश्वविद्यालय की विभिन्न समस्याओं से भी मंत्री को अवगत करवाया।



कृषि विवि में पशु चिकित्सा स्नातकों के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित।

## न्यूज ब्रीफ

### नशा मुक्ति अभियान को गति देने पर जोर

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडलीय अधिकारी (एसडीएम) अर्शिया शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को झंडूता में सभी विभागों के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विकास खंड अधिकारी संजीव पूरी और तहसील कल्याण अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। एसडीएम अर्शिया शर्मा ने बताया कि बैठक में लगभग सभी विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुख्य एजेंडे में तीन प्रमुख बिंदु शामिल थे, जिनमें विशेष रूप से नशा मुक्ति अभियान पर जोर दिया गया। इसके अलावा विभिन्न विकासात्मक एवं प्रशासनिक मुद्दों पर सभी विभागों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक क्षेत्र में नशे की बढ़ती समस्या को नियंत्रित करने और समन्वित प्रयासों को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। अधिकारियों ने नशा मुक्ति के लिए संयुक्त रणनीति बनाने पर सहमति जताई। बैठक में अन्य मुद्दों जैसे जन कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन और स्थानीय समस्याओं के समाधान पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस तरह की बैठकों से प्रशासनिक समन्वय मजबूत होने की उम्मीद है, जिससे क्षेत्र के विकास और जनसेवा में सुधार आएगा।

### ग्रामीणों को दी वित्तीय, डिजिटल लेनदेन की जानकारी

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक नम्होल द्वारा सोसन गांव में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को वित्तीय और डिजिटल लेन देन की जानकारी दी गई। इस दौरान बैंक के प्रबंधक तिलक राज शुक्ला ने बताया कि तकनीकी युग में फ्रॉड अधिक हो रहे हैं, इसलिए जागरूकता और सतर्कता की जरूरत है। अपने आधार कार्ड और पेन कार्ड का नंबर किसी अनजान कॉल पर शेयर न करें। ओटीपी शेयर न करें। मोबाइल पर आए हुए किसी भी लिंक पर न जाएं। अपना एटीएम कार्ड किसी से शेयर न करें। इसके साथ उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की जानकारी दी। आरबीआई के निर्देशों के अनुसार री-केवाईसी करवाने बारे अवगत कराया। आप डेटिड आधार कार्ड और पेन कार्ड की फोटो कॉपी लेकर अपने नजदीकी बैंक शाखा में जाकर रीकेवाईसी अवश्य करवाएं। इस शिविर में बैंक सहायक राम लाल, नम्होल सहकारी सभा सचिव रमेश कुमार व ग्रामीण देश राज, अमर नाथ, गीता देवी, अंजू देवी , सरोज देवी, कलाशी देवी आदि उपस्थित रहे।

### सरस्वती स्कूल भटेड़ में मनाया वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भटेड़ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। समारोह में दधोल के प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी राम चंद बरूर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कांगड़ा कोऑपरेटिव बैंक के सेवानिवृत्त प्रबंधक जोगिंदर शर्मा ने की। वार्षिक उत्सव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह बिलासपुर विभाग नीरज कुमार बतौर मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। प्रधानाचार्य रामपाल नड्डा ने मुख्यातिथि को शाल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान खेलकूद, सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मुख्यातिथि राम चंद बरूर ने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भटेड़ लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने धार्मिक एवं देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

### कायकिंग एवं केनोइंग एसोसिएशन ने की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश कायकिंग एवं केनोइंग एसोसिएशन की बैठक सोमवार को प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश वालिया की अध्यक्षता में बिलासपुर में आयोजित की गई। इसमें प्रदेश महासचिव डॉ. पदम सिंह गुलेरिया, जिला अध्यक्ष कमल गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष बिल्लाल शाह, प्रदेश के पदाधिकारी नवीन, राहुल, ओम प्रकाश, जमना ठाकुर, कमल धीमन, सोम नाथ, कृष्ण ठाकुर, श्याम लाल, चमन, बिंदिया, सरोज, सहित सभी जिला एसोसिएशन के अध्यक्ष व पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक में एसोसिएशन की वार्षिक एवं वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक में आगामी नेशनल चैंपियनशिप के लिए ट्रायल व कैंप की तैयारियों की समीक्षा भी की गई। बैठक में वाटर स्पोर्ट्स के माध्यम से कोटा लेकर प्रदेश के विभिन्न विभागों में जॉब पाने वाले 42 खिलाड़ियों को बधाई दी गई। प्रदेश बैठक में आगामी कॉमन वेल्थ गेम्स व ओलंपिक खेलों के मद्देनजर प्रदेश से अच्छे खिलाड़ी तैयार करने व उन्हीं मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने की बात की गई।

# 'चिट्टा मुक्त हिमाचल' एक संकल्प : धर्माणी

## तकनीकी शिक्षा मंत्री ने बचत भवन बिलासपुर में की वॉकथॉन की तैयारियों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

चिट्टे के विरुद्ध प्रदेश सरकार की व्यापक और सशक्त मुहिम चिट्टा मुक्त हिमाचल– एक संकल्प, एक दिशा के अंतर्गत 26 दिसंबर को बिलासपुर शहर में आयोजित की जा रही वॉकथॉन की तैयारियों को लेकर जिला मुख्यालय के बचत भवन में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने की। धर्माणी ने कहा कि यह कार्यक्रम नशे के विरुद्ध प्रदेश सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 26 दिसंबर को बिलासपुर में महा वॉकथॉन कि अध्यक्षता करेंगे।

उन्होंने बताया कि शिमला, धर्मशाला और हमीरपुर के बाद जिला बिलासपुर में यह चौथा बड़ा आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के



वॉकथॉन की तैयारियों को लेकर बचत भवन बिलासपुर में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी।

दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह वॉकथॉन केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन नहीं है, बल्कि नशे के खिलाफ सामाजिक चेतना को मजबूत बनाने व चिट्टा मुक्त हिमाचल का एक संकल्प है।

मंत्री ने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले के सभी शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं की इस महा वॉकथॉन में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विद्यार्थियों के कार्यक्रम स्थल तक आवागमन के लिए पर्याप्त परिवहन व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त राहुल कुमार ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि महा वॉकथॉन में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी की सुरक्षा और संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखी जाए। कार्यक्रम को सफल, सुरक्षित और अनुशासित बनाने के लिए सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता और तत्परता से निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा वॉकथॉन में 15 हजार से अधिक लोगों की भागीदारी का अनुमान लगाया गया है, जिसमें विशेष रूप से नशे के प्रति संवेदनशील माने जा रहे रेड जोन की पंचायतों के जनप्रतिनिधि, स्कूली बच्चे, आशा वर्कर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी सक्रिय रूप से शामिल होंगे, ताकि नशा विरोधी संदेश समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने बताया कि महा वॉकथॉन का शुभारंभ बॉयज स्कूल बिलासपुर से होगा, जहां सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रतिभागियों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई जाएगी।

### संवेदनशील स्थानों पर तैनात हो अतिरिक्त पुलिस बल

**मंत्री** ने यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि वॉकथॉन के दौरान निर्धारित मार्गों पर वाहनों की आवाजाही को चरणबद्ध तरीके से नियंत्रित किया जाए तथा वैकल्पिक यातायात मार्गों को पूर्व से अधिसूचित किया जाए। उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, कार्यक्रम स्थल एवं वॉकथॉन मार्ग पर सीसीटीवी निगरानी, पर्याप्त बैरिकेडिंग, स्वयंसेवकों की तैनाती, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल गठित करने के निर्देश दिए, ताकि आयोजन पूर्णतः सुरक्षित और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

# स्वारघाट में 60 ग्राम चिट्टे संग युवक काबू

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** पुलिस थाना स्वारघाट की टीम ने गश्त व नाकाबंदी के दौरान फोरलेन पर संदिग्ध अवस्था में बैठे एक युवक को देखा। पुलिस वाहन रुकते ही युवक ने पुलिस कर्मियों को वर्दी में देखकर घबराहट में अपनी काली लोअर से एक वस्तु निकालकर पैरों के नीचे फेंक दी। संदेह होने पर पुलिस ने युवक से पूछताछ की, जिसमें वह काफी घबराया हुआ नजर आया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम रणवीर सिंह पुत्र जोगिंद्र सिंह, निवासी गांव कुलाड़ी, डाकघर कालीबाड़ी, तहसील नालागढ़, जिला सोलन उम्र 22 वर्ष बताई। युवक द्वारा फेंकी गई वस्तु को जब पुलिस ने उठाकर जांचा तो उसके भीतर मटमैले रंग का गट्टीनुमा व चूर्णनुमा पदार्थ पाया गया, जो जांच में हेरोइन (चिट्टा) निकला। बरामद नशीले पदार्थ का वजन करने पर यह कुल 60 ग्राम पाया गया। इस पर पुलिस थाना स्वारघाट में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले में आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# डाइट जुखाला में मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) जुखाला में राष्ट्रीय गणित दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा उपनिदेशक (गुणवत्ता) एवं जिला परियोजना अधिकारी निशा गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने डीएलएड प्रशिक्षुओं को गुरु शिष्य परंपरा के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रशिक्षण को पूरी निष्ठा से पूर्ण करने तथा दक्षता प्राप्त करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान में चार शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रथम गतिविधि के रूप में गणित (मैथमेटिक्स) क्विज आयोजित की गई, जिसमें प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। द्वितीय गतिविधि के अंतर्गत डाइट के प्रधानाचार्य श्री राकेश मनकोटिया द्वारा गेस्ट लेक्चर दिया गया। उन्होंने कहा कि गणित कोई कठिन विषय नहीं है, बल्कि निरंतर अभ्यास और सकारात्मक दृष्टिकोण से इसे सरल बनाया जा सकता है।

# भदरोग में व्यापारियों ने पकड़ी बिना बिल के सामान की गाड़ी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं के साथ लगते भदरोग में स्थानीय व्यापारियों द्वारा बिना बिल की गाड़ी पकड़े जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, व्यापारियों को सूचना मिली थी कि एक वाहन में बिना वैध बिल के सामान लाया जा रहा है। इसी के चलते व्यापारियों ने तत्परता दिखाते हुए उक्त गाड़ी को रोककर जांच की। मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष भी उपस्थित रहे और पूरे मामले की जानकारी ली।

जांच के दौरान गाड़ी में मौजूद सामान के संबंध में कोई भी वैध बिल प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके बाद व्यापारियों ने संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। इस दौरान व्यापार मण्डल अध्यक्ष हेमराज संख्यान, व्यापारी शुभम मदान, अश्विनी, लक्की, भारत,




प्रवीण, विशाल नड्डा एवं अजीत विशेष रूप से मौजूद रहे। व्यापारियों ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां स्थानीय व्यापार को नुकसान पहुंचाती हैं और आगे भी ऐसे मामलों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। व्यापार मंडल ने प्रशासन से मांग की है कि बिना बिल के सामान की आवाजाही पर सख्त निगरानी रखी जाए, ताकि ईमानदार व्यापारियों के हितों की रक्षा हो सके।

# पंगा में तेंदुए ने बकरे को बनाया निवाला

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** ग्राम पंचायत मंझेड़ के गांव पंगा में तेंदुए के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। शनिवार शाम करीब चार बजे तेंदुए ने सुरेंद्र कुमार के एक बकरे को अपना शिकार बना लिया। इस घटना से पीड़ित परिवार को करीब 25 से 30 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने बताया कि वह शनिवार को अपने घर से सटी अपनी मलकीयती भूमि में बकरियों को चरा रहा था। इसी दौरान अचानक तेंदुए ने बकरियों पर हमला कर दिया और एक बकरे को अपना शिकार बना लिया। पीड़ित परिवार ने सरकार से उचित मुआवजा देने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह तेंदुआ आसपास के कई गांवों में आतंक का पर्याय बन चुका है। अब तक कई पालतू कुत्तों और पशुओं को अपना शिकार बना चुका है। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि इस खूंखार तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़कर चिड़ियाघर में भेजा जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके ।

# बेरोजगारों से परीक्षा फीस के नाम पर करोड़ों ऐंठ रही सरकार : कुलवंत

**अनंत ज्ञान, बरठीं**

भारतीय जवान किसान पार्टी के राज्य अध्यक्ष कुलवंत सिंह पटियाल ने तलाई विश्राम गृह में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि आज वक्त आ गया है कि आमजन को सरकारों के रवैये को समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अब लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों से हिसाब लेने का समय आ गया है।

उन्होंने सरकारों पर बेरोजगार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने के आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारों द्वारा पढ़े-लिखे युवाओं से कमीशन अप्लाई के लिए हजार रुपए फॉर्म भरने के लिए जाते हैं तथा बाद में पेपर लीक होने की बात कह कर उन्हें रद्द किया जाता है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारों को नौकरी देना तो दूर उनसे एक हजार रुपए प्रति फार्म फीस ऐंठी जा रही है। इस प्रकार सरकार करोड़ों रुपए बेरोजगार युवाओं से कमा रही है। भाजपा व कांग्रेस के विधायक अपने वेतन में 30 प्रतिशत तक वृद्धि कर रहे हैं तथा लाखों रुपए खर्च कर डिग्रियां प्राप्त करने वाले बेरोजगार नौजवानों की बात तक नहीं सुनी जा रही है। उल्टा पेपर भरने के नाम पर उनसे उगाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को समय पर सही सूचना मुहैया नहीं करवाई जाती है, जिसके कारण परीक्षार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि लोगों को सरकारों की ऐसी व्यवस्थाओं का स्वयं ध्यान रखना पड़ेगा तथा देश व समाज की सेवा में दिल से काम करने वाले लोगों को आगे लाना पड़ेगा, तभी जाकर भारत फिर से सोने की चिड़िया कहलाएगा।

# एम्स बिलासपुर में जटिल सर्जरी होगी और सटीक

## 2डी, 3डी और एचडी तकनीक से और मजबूत होंगी अस्पताल की क्षमताएं

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक ऐतिहासिक बदलाव की नींव पड़ चुकी है। एम्स बिलासपुर में अब अत्याधुनिक हाई एंड लेप्रोस्कोपी सर्जरी सिस्टम (2डी, 3डी और एचडी तकनीक) के माध्यम से जटिल सर्जरी को नई तकनीकी ऊंचाइयों पर ले जाया जाएगा। अस्पताल प्रशासन ने इस आधुनिक प्रणाली की खरीद प्रक्रिया को औपचारिक रूप देते हुए टेंडर जारी कर दिए हैं, जिनकी बिड इसी माह के अंत तक खोली जाएगी। यह पहल न केवल एम्स बिलासपुर की क्षमताओं को मजबूत करेगी, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के मरीजों के लिए वरदान साबित होगी। पहाड़ी और दूरदराज़ क्षेत्रों के मरीजों को अब जटिल सर्जरी के लिए चंडीगढ़, दिल्ली या अन्य राज्यों के बड़े अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। एम्स बिलासपुर में हाई-एंड लेप्रोस्कोपी सिस्टम के शामिल होने से पेट, पित्ताशय, अपेंडिक्स, हर्निया सहित कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की सर्जरी अब कम जोखिम और अधिक सफलता दर के साथ की जा सकेगी। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार यह प्रणाली न केवल सर्जरी




### टेंडर के बाद 45 दिन में होगी इंस्टॉलेशन

**चयनित** कंपनी को टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद 45 दिनों के भीतर उपकरण की आपूर्ति, इंस्टॉलेशन और कमीशनिंग करनी होगी। साथ ही एम्स बिलासपुर के डॉक्टरों और तकनीकी स्टाफ को नई प्रणाली के संचालन का विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि तकनीक का अधिकतम लाभ मरीजों तक पहुंच सके।

की गुणवत्ता बढ़ाएगी, बल्कि पोस्ट-ऑपरेटिव जटिलताओं को भी काफी हद तक कम करेगी।

**कम चीरा, कम दर्द, तेज रिकवरी**
हाई एंड लेप्रोस्कोपी तकनीक से की जाने वाली सर्जरी में छोटे चीरे लगाए जाते हैं। इसके चलते मरीज को ऑपरेशन के बाद कम दर्द होता है, खून का नुकसान न्यूनतम रहता है और संक्रमण का खतरा भी काफी कम हो जाता है। मरीज अपेक्षाकृत जल्दी स्वस्थ होकर घर लौट सकता है।

### आखिर क्यों खास है 2डी 3डी-एचडी तकनीक ?

**नई** लेप्रोस्कोपी प्रणाली में तीन अत्याधुनिक तकनीकों का समावेश होगा। 2डी (टू-डायमेंशनल) तकनीक में सर्जन को शरीर के अंदरूनी अंगों की स्पष्ट, लेकिन सपाट तस्वीर मिलती है। यह पारंपरिक तकनीक की तुलना में अधिक उन्नत होती है और सामान्य जटिल सर्जरी में सटीकता प्रदान करती है। वहीं, 3डी (थ्री-डायमेंशनल) तकनीक के दौरान अंगों की गहराई, दूरी और संरचना को वास्तविक रूप में दिखाती है। इससे सर्जन को ऐसा अनुभव मिलता है मानो वह सीधे शरीर के भीतर काम कर रहा हो। यह तकनीक विशेष रूप से कैंसर, जटिल नसों और संवेदनशील अंगों से जुड़ी सर्जरी में बेहद कारगर मानी जाती है। एचडी (हाई-डेफिनिशन) इमेजिंग के जरिए सर्जरी के दौरान शरीर के भीतर की संरचनाएं अत्यंत साफ, बारीक और उच्च गुणवत्ता में दिखाई देती हैं। इससे छोटी-से-छोटी नस या ऊतक भी स्पष्ट नजर आता है और गलती की संभावना न्यूनतम रह जाती है।

# मलरांव स्कूल में मेधावी सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मलरांव में कलस्टर स्तरीय वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मलरांव, मिडल स्कूल झुंझणू, मिडिल स्कूल झुंझणु, प्राथमिक स्कूल मलरांव, प्राथमिक स्कूल खाल, प्राथमिक स्कूल ढोलग के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया।

# हरनोडा में विकास की नई इबारत लिख रहे प्रधान देशराज

## देश और विदेश से आने वाले पर्यटक पंचायत का दौरा कर विकास कार्यों की कर रहे सराहना

**अनंत ज्ञान, बरमाणा**

हरनोडा पंचायत में प्रधान देशराज के नेतृत्व में विकास कार्यों ने नई दिशा और गति पकड़ी है। पंचायत भवन का स्वरूप पूरी तरह बदल दिया गया है। पुराने ढांचे को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करते हुए यहां सुव्यवस्थित, आकर्षक और बहुउपयोगी कमरे तैयार किए गए हैं। इन कमरों का उद्देश्य केवल प्रशासनिक सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य में पंचायत के लिए स्थायी राजस्व सृजन करना भी है। हरनोडा पंचायत को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण शीर्ष स्थान अवॉर्ड 2023 से सम्मानित किया गया है, जिसके अंतर्गत पंचायत को एक लाख रुपए की पुरस्कार राशि भी प्राप्त हुई। यह उपलब्धि पंचायत की स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और बेहतर प्रबंधन का प्रमाण है।

प्रदेश में आज हरनोडा पंचायत एक आदर्श पंचायत के रूप में उभर रही है। यहां आए दिन मंत्री, विधायक, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी तथा देश-विदेश से आने वाले पर्यटक पंचायत का दौरा कर विकास कार्यों की सराहना कर रहे हैं। मीडिया प्रतिनिधियों ने भी पंचायत परिसर में विकसित भव्य पार्क का भ्रमण किया, जो हर आने-जाने वाले का मन मोह लेता है। यह पार्क पंचायत के बदले हुए स्वरूप और दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। गौरतलब है कि कोल डैम क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से पहले से ही प्रसिद्ध है। इसी संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए पंचायत भवन में ऐसे कमरे विकसित किए गए हैं, जहां बाहर से आने वाले पर्यटक ठहर सकें। इससे न केवल पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। प्रधान देशराज का मानना है कि पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसी सोच के साथ उन्होंने विकास कार्यों को योजनाबद्ध और दूरदर्शी ढंग से आगे बढ़ाया है।

# विक्रेता संघ ने विधायक को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से लोगों को सस्ता राशन उपलब्ध करवाने वाले विक्रेताओं की समस्याओं और मांगों को विधानसभा में जोरदार ढंग से उठाने के लिए झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल के सम्मान में सोमवार को समारोह का आयोजन किया गया। हिमाचल विक्रेता संघ के तत्वावधान में घंडीर रेस्ट हाउस में आयोजित समारोह में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि की अगुवाई में जीतराम कटवाल को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश स्तरीय समारोह में 9 जिलों के लगभग 300 विक्रेताओं ने भाग लिया। जीतराम कटवाल ने कहा कि डिपो धारक लोगों को उनके घर-द्वार के पास सस्ता राशन उपलब्ध करवा रहे हैं। सुबह से शाम तक मेहनत करके अपने परिवार का पालन-पोषण करने के साथ ही वे लोगों की रसोई की जरूरतें भी पूरी कर रहे हैं। ज्यादातर डिपो धारक किराए की दुकानों में कामकाज चला रहे हैं। उन्हें अपनी दुकानों में मशीनें लगाने से लेकर इंटरनेट की व्यवस्था करने आदि का खर्च खुद वहन करना पड़ता है। दुख इस बात का है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने वाले यह विक्रेता सबसे अधिक उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। मानदेय, कमीशन, नियमों में जटिलता, इंटरनेट खर्च तथा भुगतान में देरी जैसी उनकी हर समस्या को उन्होंने विधानसभा में हमेशा प्राथमिकता के साथ उठाया है। इन समस्याओं के समाधान के लिए वह किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।

# राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट प्रतियोगिता के लिए प्रदेश टीम का चयन 28 को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन द्वारा सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग का स्टेट लेवल ट्रायल गोविंद सागर झील बिलासपुर में 28 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। ट्रायल के माध्यम से हिमाचल की कयाकिंग एवं कैनोइंग टीम का चयन किया जाएगा। चयनित टीम भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित 36वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष एवं महिला कैनो स्प्रिंट प्रतियोगिता में भाग लेगी। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन द्वारा 28 से 31 जनवरी 2026 तक मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित छोटे तालाब में आयोजित की जाएगी। ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए तैराकी की कला का होना अनिवार्य है। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन के महासचिव डॉ. पदम सिंह गुलेरिया एवं जिला बिलासपुर कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन के प्रधान कमल गौतम ने दी।

**दिशा-निर्देश** एडीसी ओमकांत ने की वार्षिक ऋण योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता, बोले-

# ऋण-जमा अनुपात को बेहतर बनाने के लिए तलाशें संभावनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला एवं प्रदेश के अग्रणी बैंक यूको बैंक द्वारा जिला बचत भवन, बिलासपुर में वर्ष 2025-26 की वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत सितंबर 2025 तक की प्रगति एवं उपलब्धियों की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय समीक्षा समिति तथा जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर ने की।

बैठक में जिले में कार्यरत सभी बैंकों द्वारा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की गरीबी उन्मूलन तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत की गई प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही वार्षिक ऋण योजना 2025-26 के अंतर्गत जुलाई से सितंबर 2025 की अवधि के लिए निर्धारित लक्ष्यों एवं



वार्षिक ऋण योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी ओमकांत ठाकुर।

उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने बैंकों को निर्देश दिए कि ऋण-जमा अनुपात को और बेहतर बनाने के लिए जिले में ऋण की संभावनाओं को चिन्हित किया जाए तथा पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जिले में मेलों के दौरान आम जनता को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से जिले के सभी बैंकों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों के माध्यम से लोगों के बैंक खाते खोलने, आवश्यक बैंकिंग जानकारी प्रदान करने, होम लोन से संबंधित परामर्श देने के साथ-साथ बैंकों के माध्यम से संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों, महिलाओं, युवाओं तथा स्वयं सहायता समूहों को विशेष रूप से बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ सकें।

### बैठक में इन योजनाओं की प्रगति पर की चर्चा

**बैठक** में ऋण-जमा अनुपात, जनधन से जन सुरक्षा अभियान, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में भारतीय रिज़र्व बैंक शिमला से सहायक महाप्रबंधक आशीष शर्मा, नाबार्ड से डीडीएम नरेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष व बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### ऋण वितरण में 124 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति

**यूको** बैंक के प्रबंधक चंद्रशेखर यादव ने बताया कि जिले में वार्षिक ऋण योजना 2025-26 के तहत सितंबर 2025 तक 926.50 करोड़ रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष बैंकों द्वारा 1157.30 करोड़ रूपए का ऋण वितरण किया गया और इस प्रकार 124 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति की गई। उन्होंने बताया कि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में 94.40 प्रतिशत तथा गैर-प्राथमिकता क्षेत्र में 555.45 प्रतिशत की उपलब्धि दर्ज की गई है। कृषि क्षेत्र में 328.01 करोड़ रुपए, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में 351.68 करोड़ रुपए तथा अन्य प्राथमिकता क्षेत्रों में 50.60 करोड़ के ऋण वितरित किए गए हैं। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत भी निरंतर प्रगति दर्ज की गई है।

# प्रेस क्लब झंडूता शुरू करेगा यूट्यूब चैनल

## प्रधान बाबू राम की अध्यक्षता में शाहतलाई में हुई बैठक में की घोषणा

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई**

प्रेस क्लब झंडूता की एक महत्वपूर्ण एवं व्यापक बैठक शनिवार को शाहतलाई में सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब झंडूता के प्रधान बाबू राम भारद्वाज ने की। बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ पत्रकार हितों, सामाजिक सरोकारों, संगठनात्मक मजबूती तथा भविष्य की कार्ययोजनाओं पर गहन मंथन किया गया।

बैठक में प्रेस क्लब झंडूता द्वारा अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल के शुभारंभ की औपचारिक घोषणा की गई। इस अवसर पर प्रधान बाबू राम भारद्वाज ने कहा कि डिजिटल युग में पत्रकारिता के नए आयाम स्थापित करना समय की आवश्यकता है। प्रेस क्लब का यह



यूट्यूब चैनल क्षेत्र की जमीनी समस्याओं, जनहित से जुड़े मुद्दों, विकासात्मक कार्यों और सामाजिक गतिविधियों को प्रमुखता से उठाने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि यह मंच न केवल पत्रकारों की आवाज बनेगा, बल्कि आम जनता और प्रशासन के बीच संवाद का सेतु भी बनेगा।

प्रधान बाबू राम ने कहा कि किसी भी संस्था की मजबूती उसके अनुशासित संगठनात्मक ढांचे और सदस्यों की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब झंडूता एक पंजीकृत संस्था है और आज जिला भर में अपनी पहचान, निष्पक्षता और सक्रियता के कारण एक मिसाल बनकर उभर रही है। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे पत्रकारिता के मूल्यों को बनाए रखते हुए जनहित में कार्य करें।

## न्यूज ब्रीफ

### भटियात में चरस के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, भटियात।** भटियात के सिहुंता क्षेत्र में पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 24.40 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान देश राज पुत्र ज्ञान चंद, निवासी गांव गुम्मू, तहसील सिहुंता, जिला चंबा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पुलिस की गश्त टीम ने नाकाबंदी के दौरान पैदल आ रहे व्यक्ति को देखकर उसकी संदिग्ध हरकतों पर शक किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी चंबा विजय कुमार सकलानी ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और आरोपी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया जारी है।

### सड़क में ईंटों का ढेर लगाने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** सोमवार को जिला पुलिस चम्बा द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में सख्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न धाराओं के अंतर्गत एक अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस थाना डलहौजी में अभियोग संख्या 67/2025 अधीनधारा 285 बीएनएस के तहत ओम प्रकाश पुत्र संसार चंद, निवासी गांव व डाकघर बनीखेत के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार, जब पुलिस दल बनीखेत के पास गश्त पर था, तो पाया गया कि उपरोक्त व्यक्ति ने सड़क के किनारे ईंटों का ढेर लगा रखा था, जिससे आम जनता की आवाजाही और यातायात व्यवस्था बाधित हो रही थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार मामले में अन्वेषण जारी है तथा कानून के अनुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। जिला पुलिस चम्बा ने आम नागरिकों से अपील की है कि सार्वजनिक मार्गों पर किसी भी प्रकार की बाधा न डालें, ताकि यातायात और जनसुरक्षा प्रभावित न हो।

### चंपा ठाकुर और शकुंतला का भव्य सम्मान

**अनंत ज्ञान, चुराह।** तडोली स्थित ठाकुर होम स्टे में चुराह घाटी कल्याण संघ ने विश्व कबड्डी चैम्पियन चम्पा ठाकुर और कराटे चैम्पियन शकुंतला का सम्मान समारोह आयोजित किया। संघ के अध्यक्ष वेद व्यास ठाकुर ने दोनों खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सीनियर वाइस प्रेसीडेंट डॉ. हेम खन्ना ने कहा कि उनकी मेहनत और लगन ने प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी है। समारोह में स्थानीय समाजसेवी और क्षेत्रवासी भी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों को बधाई दी।

### बाल अधिकारों व नशे के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा ने ग्राम पंचायत सिल्लाघ्राट के गांव बगड़ा में बच्चों और अभिभावकों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नशे, बाल शोषण व सोशल मीडिया ब्लैकमेलिंग जैसी समस्याओं से सतर्क करना था। केस वर्कर चमन सिंह ने हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी और बच्चों को सुरक्षा उपायों के बारे में बताया। अभिभावकों को बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और पोषण पर ध्यान देने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में 36 लोग शामिल हुए और सभी ने जागरूक रहने का संकल्प लिया।

### चिकित्सा शिविर में 71 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** आयुष विभाग चंबा की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने जनजातीय क्षेत्र भरमौर के गांव चणोता, ग्राम पंचायत चणोता, तहसील होली में सोमवार को एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य लोगों को उनके घर के नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। इस दौरान कुल 71 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 22 लोगों का शुगर टेस्ट, 13 लोगों का हीमोग्लोबिन टेस्ट और बीपी जांच शामिल थी। चिकित्सकों ने रोगों के अनुसार दवाइयां वितरित की और जीवनशैली सुधार हेतु योगासन कराए। आयुर्वेदिक जानकारी और आई ई सी सामग्री भी लोगों को प्रदान की गई। जिला आयुष अधिकारी डॉ. शरद चन्द त्रिवेदी ने बताया कि शिविर के लिए पहले से लोगों को जानकारी दी गई थी, जिससे बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शिविर में डॉ. राजेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ. राकेश चौधरी, आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी दलीप जरयाल और अन्य कर्मियों ने सेवाएं दीं। उपमंडलीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराधा शर्मा ने भी शिविर के सफल आयोजन में सहयोग किया।

### निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, बग्गी।** भारत सरकार के 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' राष्ट्रीय अभियान के तहत सोमवार को पंजाब नेशनल बैंक शाखा नेरचौक में मेगा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अग्रणी जिला प्रबंधक चंदर प्रकाश उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक के उद्गम पोर्टल और निष्क्रिय खातों में जमा राशि से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर ग्राहकों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शाखा प्रबंधक कौशल किशोर शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने और बैंक की जनहितकारी योजनाओं से लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में दर्जनों ग्राहकों ने भाग लेकर अभियान के प्रति जागरूकता दिखाई और बैंक सेवाओं का लाभ उठाने का संकल्प लिया।

### गौरव, नवीन और आयुष ने मारी बाजी

**आदर्श, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** महान गणित विशेषज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन पर माध्यमिक पाठशाला नेर में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अलग-अलग गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें कविता, गीत और गणित क्विज प्रतियोगिता विशेष रूप से करवाई गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा छठी से गौरव, नवीन और आयुष प्रथम रहे। कक्षा सातवीं से कनिका, वंशिका और पलक प्रथम। कक्षा आठवीं से कुनाल, गौरव, सुजल और उमेश प्रथम रहे। इस अवसर पर स्कूल इंचार्ज टीजीटी आर्ट्स टेक चंद, टीजीटी नान मेडिकल डिम्पल, शास्त्री आरती और कला अध्यापक दिनेश कुमार उपस्थित रहे।

### गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की मनाई जयंती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी के गणित विभाग द्वारा महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस बड़े उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर का उद्देश्य रामानुजन के अद्वितीय गणितीय योगदान को स्मरण करना तथा विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि जागृत करना था। इस शुभ अवसर पर विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग, पीपीटी प्रस्तुति, क्विज एवं शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता, तार्किक क्षमता एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार रहे। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया तथा दैनिक जीवन, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विकास में गणित की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

### बोर्ड कर्मचारियों ने ली नशा विरोधी शपथ

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** मंडी जिले के सुंदरनगर में भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के कार्यालय में नशे के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कर्मचारियों ने एंटी-चिट्टा (नशा विरोधी) शपथ ली। इस अवसर पर उपस्थित प्रियंका और वंदना ने कहा कि चिट्टे जैसे घातक नशे की चपेट में जिस तरह पूरा देश जा रहा है, यह चिंता जनक है। इसके लिए हर परिवार को अपने घर से आगे बढ़ कर पुलिस प्रशासन का सहयोग करना आवश्यक है, उन्होंने कहा नशे के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने, स्वयं व अपने परिवारों को इस नशे से दूर रखने तथा समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया गया है।

### ग्राम स्तर तक सेंट्रल बैंक ने दी बेहतर सेवाएं

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर बीबीएमबी कालोनी मैदान में सेंट्रल बैंक आफ इंडिया ने अपने 115वें स्थापना दिवस पर जागरूकता संगोष्ठी और खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। ग्राहक संगोष्ठी में अतिथि विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. आर.के. अभिलाषी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बैंक की जिले भर में सेवाएं बेहद बेहतरीन रही है, खासकर पहाड़ी राज्य की भौगोलिक स्थितियों के बावजूद ग्राम स्तर पर जनता को सेवाएं अग्रणी बैंक के रूप में प्रदान करना ही अपने आप में सराहनीय कार्य है। इससे पहले बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश कुमार चौधरी ने बतौर विशेष अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि यह बैंक देश का पहला स्वदेशी बैंक है। उन्होंने कहा कि ग्राहक के रूप में आमजन को दी रही सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास में सरकार की योजनाओं को प्राथमिकता से हर लाभार्थी तक पहुंचाया है। इससे पहले सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के सुंदरनगर शाखा के प्रबंधक विशाल गौतम ने मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि का स्वागत किया और सुंदरनगर शाखा के कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट पेश की है। उन्होंने कहा कि बैंक लोगों को आर्थिक सहयोग प्रदान कर देश की मुख्यधारा में जोड़ने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के लोन के ब्याज के लिए मदद दी गई है।

# मनरेगा कटौती और महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ किया प्रदर्शन

## केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ यूथ कांग्रेस ने डीसी कार्यालय के बाहर बोला हल्ला

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** सोमवार को चंबा मुख्यालय में भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। यह रैली युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी ज्योतिष एचएम की अध्यक्षता में निकाली गई। प्रदर्शन जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर किया गया, जहां कार्यकर्ताओं ने मनरेगा में कटौती, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार व भाजपा सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की।

धरना-प्रदर्शन में एचआरटीसी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य सुरजीत भरमौरी, चुराह विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के नेता एवं पूर्व प्रत्याशी यशवंत खन्ना, लकी ठाकुर, ,जिला शिकायत निवारण समिति के सदस्य सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी व



केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ हिमाचल युवा कांग्रेस प्रदर्शन करती हुई।

कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यूथ कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार एक ओर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा देती है, वहीं दूसरी ओर महिलाओं और बेटियों पर अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि यह दोहरी नीति न केवल निंदनीय है बल्कि देश की आधी आबादी के साथ अन्याय भी है।

इस अवसर पर चुराह विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी यशवंत खन्ना ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा नेताओं की सोच गरीबों, मजदूरों और कमजोर वर्ग के शोषण पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि इन्हीं मुद्दों को लेकर यूथ कांग्रेस की जन-जागरण रैली कर्नाटक के बेंगलुरु से शुरू हुई है, जिसका 90 दिनों का राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम तय किया गया है।

यशवंत खन्ना ने कहा कि मनरेगा योजना में बजट कटौती और मजदूरी के भुगतान में देरी कर भाजपा सरकार ने ग्रामीण गरीबों की रोज़ी-रोटी छीनने का काम किया है। उन्होंने महिलाओं और बेटियों पर हो रहे अत्याचारों के लिए भाजपा सरकार की नीतियों और संरक्षण को जिम्मेदार ठहराया।

प्रदर्शन के उपरांत यूथ कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त चंबा के माध्यम से केंद्र सरकार के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के लिए पर्याप्त बजट और प्रभावी क्रियान्वयन, मनरेगा के तहत 100 दिनों का रोजगार, समय पर मजदूरी भुगतान तथा जनविरोधी निर्णयों को वापस लेने की मांग की गई।

# कुलदीप पठानिया ने टुंडी पंचायत में पुस्तकालय का किया शुभारंभ


विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया सामुदायिक पुस्तकालय का शुभारंभ करते हुए।

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने ग्राम पंचायत टुंडी में सामुदायिक पुस्तकालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे युवाओं के लिए यह पुस्तकालय अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में युवाओं को अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया गया है। युवाओं की सुविधा के लिए लगभग 10 लाख रुपए की राशि से पुस्तकें, फर्नीचर, वाई-फाई, कंप्यूटर सिस्टम, सीसीटीवी तथा ठंडे-गरम पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इससे पूर्व ग्राम पंचायत मन्हुता, अवांह, होबार, सियुन्ता तथा ककीरा में भी पुस्तकालय शुरू किए जा चुके हैं। कुलदीप पठानिया को इस अवसर पर उप मंडलीय प्रशासन की ओर से उपमंडल दंडाधिकारी नागरिक (एसडीएम) पारस अग्रवाल तथा ग्राम पंचायत की ओर से प्रधान पवन कुमार तथा उप प्रधान सुभाष चंद्र ने शाल एवं टोपी भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सदस्य निदेशक मंडल राज्य वन निगम चेला कृष्ण चंद, पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विजय कंवर, उपाध्यक्ष नगर पंचायत चुवाड़ी सुरेंद्र चाढक, तहसीलदार सुरेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी को 12 साल कैद व 1.20 लाख जुर्माना

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा में मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के तहत विशेष न्यायाधीश-II चंबा रमनिक शर्मा की अदालत ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में आरोपी को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने आरोपी निवासी, तहसील भटियात, जिला चंबा (हि.प्र.) को धारा 20 एनडीपीएस एक्ट 1985 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 12 वर्ष की कठोर कारावास तथा 1,20,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की सूरत में आरोपी को एक वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।

जिला अटॉर्नी चंबा दिग्विजय सिंह राणा ने बताया कि 26 दिसंबर 2020 को सुबह करीब 9 बजे एएसआई करतार सिंह अपनी टीम के साथ लहरू चौक पर मौजूद थे। इसी दौरान चुवाड़ी की ओर से एक व्यक्ति नीले रंग का कैरी बैग लेकर आया, जो पुलिस को देखकर घबरा गया और भागने का प्रयास करने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने उसे पकड़कर पास के रेन शेल्टर में लाया। पूछताछ के

**दोषी के कब्जे से 1.312 किलो चरस हुई थी बरामद**

दौरान वह कैरी बैग के संबंध में कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका। तलाशी लेने पर कैरी बैग के भीतर एक पीले रंग का बैग मिला, जिसमें काले रंग की सख्त पदार्थ की छड़ें पाई गईं। गंध व अनुभव के आधार पर उसे चरस/कैनाबिस पाया गया। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन करने पर पीले बैग सहित चरस का वजन 1 किलो 312 ग्राम निकला। इस पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

मामले की जांच एसएनसीसी फील्ड यूनिट कांगड़ा के एएसआई करतार सिंह तथा थाना चुवाड़ी के एसआई मदन द्वारा की गई। अभियोजन पक्ष ने अदालत में 19 गवाहों के बयान दर्ज करवाए। सुनवाई पूर्ण होने पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। राज्य सरकार की ओर से अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक अनिल शर्मा द्वारा किया गया।

## बनीखेत पॉलिटेक्निक में नई डिप्लोमा स्ट्रीम की जाए शुरू: सरीन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी से कांग्रेस कार्यकर्ता मनीष सरीन ने मुख्यमंत्री सुक्खू को राजीव गांधी राजकीय पॉलिटेक्निक, बनीखेत में अतिरिक्त डिप्लोमा स्ट्रीम शुरू करने के संबंध में औपचारिक पत्र प्रेषित किया है। वर्तमान में इस पॉलिटेक्निक में केवल सिविल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई उपलब्ध है, जिससे क्षेत्र के छात्रों को कंप्यूटर, मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, आर्किटेक्चर और फार्मेसी जैसे पाठ्यक्रमों के लिए अन्य जिलों या राज्य से बाहर जाना पड़ता है। पत्र में कहा गया है कि पॉलिटेक्निक में पर्याप्त कक्षाएं, प्रयोगशालाएं और कार्यशालाएं उपलब्ध हैं, जिनका पूरा उपयोग नहीं हो रहा है। नई स्ट्रीम शुरू होने से युवाओं को तकनीकी शिक्षा की बेहतर पहुंच मिलेगी, ग्रामीण युवाओं का पलायन रुकेगा, कौशल विकास और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा और सरकारी संसाधनों का उचित उपयोग सुनिश्चित होगा। पत्र की प्रति तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है।

# अंग्रेज कपूर ने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ



सुरजीत मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल समापन, 16 टीमों ने लिया हिस्सा।

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

भरमौर की पंचायत पूलन के गड्ढा नाला में पहली बार आयोजित सुरजीत मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन धूमधाम के साथ किया गया। यह टूर्नामेंट उत्तराखंड में आई आपदा के दौरान अपनी जान गंवाने वाले सुरजीत सिंह की याद में आयोजित किया गया था। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया और खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

समापन समारोह में भाजपा चौरासी मंडल भरमौर के अध्यक्ष अंग्रेज कपूर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सर्वप्रथम खिलाड़ियों और दर्शकों से समाज में बढ़ रहे चिट्टा नशे को जड़ से खत्म करने की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और चिट्टे सेवन या तस्करी की सूचना तत्काल प्रधान ग्राम पंचायत को देने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और प्रधान ग्राम पंचायत पूलन की ओर से 20,000 रुपये इनाम के रूप में दिए जाएंगे।

अंग्रेज कपूर ने कहा कि नशे से समाज और नस्ल प्रभावित हो रही है और इस कारोबार को खत्म करने के लिए आम लोगों की सक्रिय सहभागिता जरूरी है। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के खेलकूद आयोजन युवाओं को नशे से दूर रखने में मददगार साबित होते हैं। कार्यक्रम में खिलाड़ियों, आयोजकों और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामाजिक संदेश को आत्मसात किया।

## खानबग्गा गांव में तीन मंजिला मकान और गोशालाएं जलकर राख

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर उपमंडल की दूरदराज पंचायत बड़ग्राम के खनबग्गा गांव में देर शाम एक भीषण अग्निकांड हुआ, जिसमें सरवन कुमार, देश राज, कैलाश चंद, सुरजीत, भजन और नारद का तीन मंजिला संयुक्त मकान पूरी तरह जलकर राख हो गया। इसके साथ ही घर के पास रखी चार गोशालाएं और सर्दियों के लिए इकट्ठा किया गया चारा भी आग की भेंट चढ़ गया। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। जैसे ही आग की जानकारी मिली, ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लंबे समय से चले ड्राई स्पेल और घर के पास रखा सूखा चारा आग को तेजी से फैलाने का कारण बना। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉट सर्किट बताया गया है। पंचायत प्रधान सुभा देवी और समाज सेवक अशोक कुमार ने प्रशासन को सूचना दी। इसके बाद एडीएम भरमौर कुलवीर राणा ने घटनास्थल पर विभागीय टीम भेजकर स्थिति का जायजा लिया। पंचायत प्रधान ने प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। स्थानीय ग्रामीण और पड़ोसी परिवार आग बुझाने में जुटे और प्रभावित परिवार को मनोबल दिया। यह घटना भरमौर में सर्दियों के मौसम में आग लगने के बढ़ते खतरे को दर्शाती है।

## डी-रिजर्वेशन की मांग को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिला की चुराह विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय निवासियों द्वारा सोमवार को उपायुक्त चंबा के थ्रू राज्यपाल हिमाचल प्रदेश शिव प्रताप शुक्ल को एक संयुक्त ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से चुराह विधानसभा सीट को अनुसूचित जाति आरक्षण से मुक्त करने तथा वर्ष 2026 में प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया के दौरान इस मुद्दे को शामिल करने की मांग उठाई गई। स्थानीय निवासियों ने बताया कि चुराह विधानसभा क्षेत्र हिमाचल प्रदेश के राज्य गठन के समय से ही अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है और यह व्यवस्था पिछले 50 वर्षों से लगातार चली आ रही है। उनका कहना है कि इतने लंबे समय से एक ही विधानसभा क्षेत्र का आरक्षित रहना सामाजिक संतुलन और लोकतांत्रिक भावना के अनुरूप नहीं है। ज्ञापन में परिसीमन अधिनियम 2002 और वर्ष 2001 की जनगणना का हवाला देते हुए कहा गया कि विधानसभा क्षेत्रों का आरक्षण जनसंख्या अनुपात के आधार पर तय किया जाना चाहिए।

# चंबा में भाजपा एससी मोर्चा की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर जोर


पवन नैय्यर और नीलम नैय्यर ने बूथ स्तर पर सशक्तिकरण पर दी दिशा।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने चंबा सदर विधानसभा क्षेत्र के महाजन सभा हॉल में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की। यह बैठक 'एक बूथ-पांच एससी प्रपत्र एकत्रीकरण अभियान' को गति देने और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई। बैठक में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष नरसिंह धीमान, पूर्व विधायक पवन नैय्यर और 2022 विधानसभा प्रत्याशी नीलम नैय्यर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पवन नैय्यर ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी की ताकत उसकी संगठनात्मक संरचना और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता में निहित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं और पार्टी की नीतियों को पहुँचाएं। नीलम नैय्यर ने इस अभियान को सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इससे समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित होगी।

बैठक में सभी मंडलों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक बूथ से निर्धारित संख्या में एससी प्रपत्र समयबद्ध तरीके से जमा किए जाएं। जिला अध्यक्ष नरसिंह धीमान ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला चंबा में संगठनात्मक गतिविधियों को और तेज करेगा और आगामी समय में अभियान को व्यापक स्तर पर सफल बनाया जाएगा।

# कायाकल्प मानकों के अनुरूप होंगे जोगिंद्रनगर के अस्पताल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

उपमंडल जोगिंद्रनगर के अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों को कायाकल्प योजना के निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी मंडी डॉ. दीपाली शर्मा ने जारी किए हैं। सोमवार को नागरिक अस्पताल जोगिंद्रनगर का निरीक्षण करने के उपरांत सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सीएमओ ने अस्पताल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।सीएमओ डॉ. दीपाली शर्मा ने कहा कि वार्डों में रोगियों के उपचार से जुड़ी स्वास्थ्य सुविधाओं और चिकित्सा उपकरणों पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का भरोसा दिलाते हुए बीएमओ लडभड़ोल डॉ. विजय को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने उपमंडलीय अस्पताल के नवीनीकरण को लेकर बजट प्रावधानों के अनुसार सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि शल्य चिकित्सा एवं

**सीएमओ डॉ. दीपाली शर्मा ने जारी किए निर्देश**

गायनी से संबंधित ऑपरेशन शीघ्र शुरू किए जाएंगे। इसके लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर एनेस्थीसिया विशेषज्ञ चिकित्सक की तैनाती को लेकर पत्राचार आरंभ कर दिया गया है। सामाजिक संस्थाओं के साथ बैठक के दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष भास्कर गुप्ता ने उपमंडलीय अस्पताल में स्पैशल वार्ड विकसित करने की मांग रखी। रोटरी क्लब के सचिव अधिवक्ता रणजीत चौहान तथा सदस्यों रामलाल वालिया, नरपत बरवाल, विनोद राठौर, सुशील पठानिया और मुकेश कुमार ने अल्ट्रासाउंड जैसी आवश्यक सेवाओं को शीघ्र बहाल करने की आवश्यकता पर बल दिया। अन्नपूर्णा सोसायटी के संचालक अशोक सूद ने मरीजों के उपचार से जुड़े लाखों रुपये मूल्य के उपकरण उपलब्ध करवाने का भरोसा दिलाया। वहीं अपनत्व सेवा समिति के अध्यक्ष हरीश बहल और सदस्य रूपेश सैन ने अस्पताल की मरीज सुविधाओं में सहयोग करने पर सहमति जताई।

अनंत Classifieds

**बेदखली सूचना**

**मैं, होसियार सिंह** पुत्र पूर्ण चन्द, आयु 63 वर्ष निवासी गांव बग्गी, डाकघर सेहली, तहसील कोटली, जिला मण्डी, हि.प्र.। घोषणा करता हूं कि मेरा लड़का, मनोज कुमार, मेरे कहने-सुनने से बाहर है। अतः मैं अपने बेटे मनोज कुमार को अपनी संपूर्ण चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

**NAME CHANGE**

**I, Tilak Raj** (45 year) S/o Shri Bainsu R/O Village Kashiyar P.O. Kohlari, Tehsil and District Chamba (HP) declare that my son name Munish entered in his Adhaar card which is worng. My son correct name is Manish. All concerened note it.

**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL CHAMBA DISTRICT CHAMBA (HP)**
No. MCC/Manpower//2025-E-Tendering:- 3152-57 Dated: 22.12.25

**E-Procurement Notice**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

Online tender is hereby invited, from the eligible and approved Govt. contractors/Firms registered in appropriate class for the work as mentioned below scheduled as under:

| Sr. No. | Name of work | Estimated cost | Earnest Money | Tender Cost | Time Limit |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Providing Man Power for Development Works of MC Chamba (Meson-2 No. & Beldar -14 no.) | 5,80,897/- | 11,600/- | 1000/- | 2 Months |
| 2. | Providing Man Power at SWM Site (Chowkidar-1 No & Unskilled Labour-10) | 23,58,055/- | 47,161/- | 1000/- | 12 Months |

**1.** Tender document and other instructions can be downloaded or viewed online from the portal https://hp-tenders.gov.in by the contractors/firms registered on the website. **2.** As the bids are to be submitted online are required to encrypted and digitally signed, the bidders are advised to obtain Digital Signature Certificate (DSC) from the suitable venders or from an authorized agency at the earliest.

**3. Key Dates will be as under:-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Online publication | 23/12/2025 at 5:00PM |
| 2. | Downloading of e-tender documents | 23/12/2025 at 05:00 PM to 29/12/2025 10:30 AM |
| 3. | Date of submission of e-tendering | 23/12/2025 at 05:00 PM to 29/12/2025 10:30 AM |
| 4. | Physical submission of earnest money deposit and cost of tender documents | 29/12/2025 (12:00PM) |
| 5. | Date of opening bid | 29/12/2025 03:00PM |

**Conditions: -** 1. The e-tender documents shall be uploaded on line in 2(Two) covers. **a.** Cover-1 shall contain scanned copies "Eligibility Information" **b.** Cover -2 shall contained "financial bid" on the prescribed form. **2**. Cover-1 shall contain scanned copies of following "Eligibility information\n" (scanned copy to be uploaded in pdf files.) **a.** The earnest Money mentioned in the column in the shape of demand draft /(Deposited receipt in mentioned HDFC Bank) in favors of Sr. Executive Officer Municipal Council Chamba. **b.** The cost of tender form Rs. 1000/- per tender in shape of demand draft (Deposited receipt in mentioned HDFC Bank) in favors of the Sr. Executive Officer Municipal Council Chamba payable on any nationalized bank at Chamba (HP). **c.** Enlisted in Government Department. **d.** Copy of registration of EPF, ESI, GST Registration number and PAN. **e.** Experience Certificate of work done similar job in the ULB **3.** SUBMISSION OF ORIGINAL DOCUMENTS: EMD and Tender Form fee can be deposited directly into the Account of which details are as follows: **Name of Account Holder: Executive Officer MC Chamba. Name of Bank:- HDFC Bank Chamba. Account No.: 50100065459872, IFSC Code: HDFC0002875. 4.** Cover-2: The tender of the contractor/firm who fails to fulfill the eligibility information will be summarily rejected. **5.** The contractor will submit the original documents as per Cover-1 (Sr.. 2a to 2e) in the office of the Sr. Executive officer, Municipal Council Chamba on or before 29/12/2025 up to 12:00 PM. **6.** Clarification, if any will be taken from the contractors only in respect of error and omissions, in technical aspects and not in case on financial bid. **7.** If opening day is a holiday or on technical hurdles the tenders shall be opened on next working day. **8.** The offer of the tender shall be kept open for 90 days and MC has reserved the right of cancellation. **9.** Instruction for e-tendering: **a.** The contractors should register him on website https/: hp-tenders.gov.in and obtain ID, Password before bidding. **b.** Entire tender process will be carried out online through above mentioned website contractors/Firms are advised to procure e-token/digital signing certificate from venders of any authorized agency. **c.** Before submission of online bids, bidder must ensure that scanned copies of all necessary documents have been uploaded with the bid.

**TERM AND CONDITIONS- 1.** Maintenance of SWM Site, Operation of all Machines (Complete in all respect as per norms of SWM Rules) or any emergent work assigned by MC Office by providing 10Nos. unskilled Labour and 1 No. Chowkidar. **2.** Tender for the period 12 month from the awarded date. **3.** The contractor will provide man power only and the work will be assigned, supervise by the office of the undersigned. **4.** The Contractor will provide the tools and other cleaning items such as Gloves, Mask, Raincoats and Gum boots to their employees. **5.** Only Contractor will be liable for any misbehave by his employees or any mishap happening with his employees. **6.** The contractor will have to inform the Municipal Council two months in advance in case he wants to leave the contract before expiry period, otherwise the earnest or security amount will be forfeited by declaring the contractor as defaulter by Municipal Council Office. **7.** The contractor has to strictly adhere to all the guidelines given by the Municipal Council from time to time. **8.** The contractor will have to strictly comply with all the guidelines relating to EPF, ESIC and abide by the labour laws. **9.** The contractor will have to enter into a contract with the Municipal Council within 7 days after taking the contract, otherwise the contract will be cancelled and earnest money will be forfeited. **10.** The entire right of cancellation of the contractor without assigning any reason before the contract period shall be reserved with the Municipal Council Chamba. **11.** The contractor must have valid PAN, GST, EPF AND ESI Number and also enlisted with govt. Departments like PWD, Jal Shakti Bibhag etc.. rates tendered will included all taxes. **12.** In case non-satisfactory work by Contractors, rights of cancellation of Tender shall be reserved with Municipal Council Chamba. **13.** The contractor must have to submit deposit receipt of EPF & ESIC in the office before payment of the next bills otherwise the bill will not be paid. **14.** The contractor must ensure the medical insurance of his employees for the period of contract and should submit the copy to this office and also quarterly medical check-up of his employees. **15.** Contractor should take part in IEC activities for segregation of waste and contractor must ensure the segregated waste should reach the processing site. **16.** The workers must be above 18 Years age. **17.** The labourers shall carry out all types of development works assigned by the Municipal Council, including but not limited to civil, sanitation, repair/maintenance, cleaning, and allied works within MC jurisdiction. **18.** The contractor shall be solely responsible for any accident, injury, or death at the worksite. MC shall not be held responsible for any personal claims by labour. **19.** The arrangement and provision of water and electricity required for execution of the work shall be the sole responsibility of the contractor. **20.** The Labour Licence shall be valid for the period mentioned in the licence and must be renewed before expiry

**(Rakhi Kaushal)**
**Sr. Executive Officer Municipal Council Chamba.**

कोई भी व्यक्ति अयोग्य नहीं होता केवल उसको उपयुक्त काम में लगाने वाला ही कठिनाई से मिलता है।

– शुक्रनीति

## संपादकीय

# डॉक्टरों पर भरोसे की कसौटी

डॉक्टरों को समाज में भगवान का दर्जा दिया जाता है, क्योंकि वे जीवन और मृत्यु के बीच खड़े होकर इंसान की जान बचाने का कार्य करते हैं। आम आदमी जब अस्पताल पहुंचता है, तो वह दर्द, डर और असहायता की स्थिति में होता है। ऐसे में डॉक्टर और अस्पताल का माहौल ही उसे मानसिक संबल देता है, लेकिन शिमला स्थित इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसी) में सामने आया ताजा मामला इस विश्वास को गहरी ठेस पहुंचाता है। एक मरीज के साथ डॉक्टर द्वारा किया गया अमानवीय व्यवहार न केवल निंदनीय है, बल्कि पूरे चिकित्सा तंत्र पर सवाल खड़े करता है।

मामला बेहद साधारण था। मरीज एंडोस्कोपी कराने आया था और प्रक्रिया के बाद डॉक्टर ने ही उसे आराम करने को कहा था। जब मरीज को एक बेड खाली दिखाई दिया तो वह उस पर लेट गया। इसी बात पर डॉक्टर भड़क गए और बात इतनी बढ़ गई कि डॉक्टर ने मरीज के साथ मारपीट कर दी। यह घटना कैमरे में कैद हो गई और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वीडियो सामने आने के बाद लोगों में आक्रोश फैल फैलना स्वाभाविक था। इस मामले के सामने आने के बाद अब डॉक्टरों के व्यवहार को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए डॉक्टर को सस्पेंड करना और जांच समिति गठित करना एक जरूरी कदम है। डॉक्टर की नौकरी पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या निलंबन या नौकरी से हटाना उस मरीज के साथ हुई बेइज्जती और मानसिक आघात की भरपाई कर सकता है? मरीज अस्पताल इलाज के लिए आता है, अपमान सहने के लिए नहीं। अस्पताल मरीजों के लिए होते हैं, न कि मरीज अस्पताल के नियमों के बोझ तले कुचले जाएं।

डॉक्टरों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे हर परिस्थिति में संयम और संवेदनशीलता बनाए रखें। मरीज पहले से ही पीड़ा में होता है। अगर उसे डांट, अपमान या मारपीट का सामना करना पड़े, तो उसकी पीड़ा कई गुना बढ़ जाती है। अगर कोई व्यक्ति स्वस्थ हो, तो वह अस्पताल क्यों आए?


यह पहला मामला नहीं है जिसने प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र की पोल खोली हो। इससे पहले ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में दो महिला स्टाफ नर्सें ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में पाई गई थीं। उस मामले को भी कुछ दिनों के निलंबन के बाद ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। सवाल उठता है कि क्या ऐसे गंभीर कृत्यों के लिए इतनी हल्की सजा पर्याप्त है? जब सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब ऐसे मामलों को बढ़ावा मिलता है।

यह भी विचारणीय है कि क्या प्रदेश के अस्पतालों में डॉक्टरों और अन्य स्टाफ की भारी कमी है। अगर ऐसा है, तो सरकार को इसे तुरंत दूर करनी चाहिए। स्टाफ की कमी के कारण डॉक्टरों पर काम का बोझ बढ़ता है, जिससे वे चिड़चिड़े हो सकते हैं, लेकिन इसका यह अर्थ कतई नहीं कि वे मरीजों पर गुस्सा उतारें। हर पेशे की अपनी गरिमा होती है और हर व्यक्ति की इज्जत उसके व्यवहार से तय होती है। डॉक्टर अगर सम्मान चाहते हैं, तो उन्हें पहले मरीजों के प्रति सम्मान दिखाना होगा। अहंकार और पद का दुरुपयोग किसी भी पेशे को बदनाम कर देता है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र — **आज की प्रमुख हस्ती**

## भारत के पांचवें पीएम एवं किसानों के नेता

**चौधरी** चरण सिंह भारत के पांचवें प्रधानमंत्री और किसानों की आवाज बुलंद करने वाले महान नेता थे। उनका प्रधानमंत्री कार्यकाल 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक रहा। वे गृहमंत्री, उपप्रधानमंत्री तथा दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे। वर्ष 2024 में उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के नूरपुर ग्राम में जन्मे चरण सिंह एक कृषक परिवार से थे। शिक्षा के प्रति गहरी रुचि रखते हुए उन्होंने विज्ञान, कला और विधि की पढ़ाई पूरी की तथा वकालत से अपने जीवन की शुरुआत की। स्वतंत्रता आंदोलन से प्रेरित होकर उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया और कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता बने। बाद में वे कांग्रेस (ओ) से जुड़े।



चौधरी चरण सिंह
जन्म : 23 दिसंबर, 1902
मृत्यु : 29 मई, 1987

चरण सिंह भूमि सुधार, कर्ज मुक्ति और किसानों के अधिकारों के प्रबल समर्थक थे। उत्तर प्रदेश में भूमि हदबंदी कानून और कृषक कर्ज मुक्ति जैसे ऐतिहासिक कदमों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। सादा जीवन, उच्च विचार और गांधीवादी मूल्यों में विश्वास रखने वाले चरण सिंह भ्रष्टाचार और लालफीताशाही के विरोधी थे। वे एक कुशल प्रशासक, प्रभावशाली वक्ता और सिद्धांतवादी नेता थे। प्रधानमंत्री पद से सिद्धांतों के कारण त्यागपत्र देना उनकी ईमानदार छवि को दर्शाता है। इतिहास में चौधरी चरण सिंह को प्रधानमंत्री से अधिक एक सच्चे किसान नेता के रूप में स्मरण किया जाता है। ■



कविता

## सरकारां टीटी मखीरे गझाई

चंचल सरोलवी
चंबा, हिमाचल प्रदेश

**सरकारां** टीटी मखीरे गझाई, अपणी कुर्सी वचाणे तांई!
अपणी हकुमत चलाणे तांई, अपणी मौज मनाणे तांई!!
सरकारां टीटी मखीरे गझाई, सरकारां टीटी मखीरे गझाई!
कोई दिंन्दा खुआई पियाई, कोई सव्वज बाग दिंन्दा दखाई!
कोई खुव लालच लोभ देई दिल दिंन्दा भरमाई
कोई नगद दिन्दे पकडाई लोक वोट दिन्दे पाई!
सरकारां टीटी मखीरे गझाई, आपणी कुर्सी वचाणे तांई!
अपणी हकुमत चलाणे तांई, अपणी मौज मनाणे तांई!
लोका जो लालच बिच दिन्दे उलझाई!!
केई परलोभन देई कुर्सी लिन्दे हत्थीयाई!
किच्छ लागु करदे सकीमा किच्छ रखदे लटकाई!!
सरकारां टीटी मखीरे गझाई, अपणी कुर्सी वचाणे तांई!
अपणी हकुमत चलाणे तांई, अपणी मौज मनाणे तांई!
कुण छड्डुदा सियासी मलाई चट्टी चट्टी रखदे मुकाई!
अपणी अपणी छिक्क धरीड हर कोई रखदा लाई!
इक्क दुए पर लान्छणां दी वोछार रखदे वरसाई!
सरकारां टीटी मखीरे गझाई, अपणी कुर्सी वचाणे तांई
अपणी हकुमत चलाणे तांई, अपणी मौज मनाणे तांई!
अप्पु रैहन्दे ठाठ वाठ कने, असी तुसी करदे लडाई!
नेक वनेकी सकीमा दा लालच दिन्दे पाई!
केई किसमां दी सबसिडी चाट दिन्दे चटाई!!
सरकारां टीटी मखीरे गझाई अपणी कुर्सी वचाणे तांई!
अपणी हकुमत चलाणे तांई, अपणी मौज मनाणे तांई!
फिरकणी ऐसी फरकाई किस्मत अपणी चमकाई!!
मुफत दा महणुआं जो चस्सका दित्तेया पाई!
भला चंगा कमाऊ नकम्मा दित्तेया वणाई !!
सरकारां टीटी मखीरे गझाई, अपणी कुर्सी वचाणे तांई!
अपणी हकुमत चलाणे तांई, अपणी मौज मनाणे तांई!
इयांही दिंग्गे लुटाई देस दा भट्ठा रखणा भठाई!
सव्भ जणे चिंतन दी लम्बी नजर लेया दुडाई!
बन्द करा मुफ्त खोरी, देस लेया वचाई!
सरकारां टीटी मखीरे गझाई, अपणी कुर्सी वचाणे तांई!
अपणी हकुमत चलाणे तांई, अपणी मौज मनाणे तांई!
बन्द करां सारी सब्सिडीयां ए है गले दी फाई!
बले वले सब किच्छ मुफ्त करगे ता देस जाणा कुतांई!
सभनी जो नोकरी लेया लाई देस दी तरक्की होणी तांई!
सरकारां टीटी मखीरे गझाई अपणी कुर्सी वचाणे तांई!
अपणी हकुमत चलाणे तांई, अपणी मौज मनाणे तांई!
सरकारां टीटी मखीरे गझाई, सरकारां टीटी मखीरे गझाई!!

# विकसित भारत 'जी राम जी' -125 दिन के रोजगार की गारंटी

भारत गांवों का देश है। पूज्य बापू ने भी कहा था कि असली भारत गांवों में बसता है। गांव को विकसित बनाए बिना विकसित भारत का संकल्प साकार नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गांवों को विकसित, आत्मनिर्भर, सशक्त और संपन्न बनाने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। हाल ही में संसद में पारित 'विकसित भारत–जी राम जी' बिल इसी दिशा में ऐतिहासिक कदम है।



शिवराज सिंह चौहान
केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री

पिछले कई दशकों से देश में कई सरकारें आईं और सभी ने ग्रामीण रोजगार की गारंटी देने के लिए कई प्रयास किए हैं। मनरेगा भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, लेकिन जमीनी हकीकत यह रही कि कागजों पर तो योजनाएं बहुत अच्छी लगती थीं, मगर गांवों में, खेतों–खलिहानों में, मेरे गरीब भाइयों–बहनों को वह हक नहीं मिल पाता था जिसका वादा किया गया था।

फाइलों में काम दिखता था, पर जमीन पर मजदूर भूखा सोता था। कहीं भ्रष्टाचार था, कहीं व्यवस्था की कमजोरी थी, कहीं समय पर भुगतान नहीं होता था। और यह हमारी पीड़ा रही है। आज जब विकसित भारत 'जी राम जी' बिल की बात हो रही है, तो स्वाभाविक रूप से कुछ साथियों के मन में सवाल उठते हैं। वे पूछते हैं कि यह पुरानी व्यवस्था को कमजोर तो नहीं करेगा? क्या गरीब मजदूरों के अधिकार छिन तो नहीं जाएंगे? मैं इन चिंताओं का सम्मान करता हूं। किसी भी बड़े सुधार पर बहस होनी चाहिए, सवाल उठने चाहिए। यही लोकतंत्र की ताकत है, लेकिन साथ ही मैं आपसे निवेदन करूंगा कि इस नए विधेयक को खुले मन से, बिना किसी पूर्वाग्रह के पढ़िए और समझिए।

यह हर ग्रामीण परिवार को साल में 125 दिन के रोजगार की पक्की कानूनी गारंटी देता है। सिर्फ 100 दिन नहीं, बल्कि 125 दिन। और अगर 15 दिन के अंदर काम नहीं मिला, तो बेरोजगारी भत्ता मिलेगा। मनरेगा के जमाने में जो दिक्कतें थीं, जिनकी वजह से लोगों को उनका हक नहीं मिल पाता था, उन्हें हटा दिया गया है। गांव का विकास सिर्फ रोजगार देने से नहीं होता, बल्कि गांव में ऐसी अधोसंरचना बनाने से होता है जो आने वाली पीढ़ियों के काम आएं। पानी के तालाब, सड़कें, सिंचाई की व्यवस्था, बाढ़–सूखे से बचाव के काम–ये सब जब मजदूरी के साथ–साथ होंगे, तो गांव खुद–ब–खुद मजबूत होगा। यही तो स्थायी विकास है। कुछ लोग कहते हैं कि 'जी राम जी' मांग–आधारित रोजगार को कमजोर करता है, लेकिन इस विधेयक को ध्यान से पढ़िए, हर धारा को समझिए। धारा 5(1) साफ–साफ कहती है कि हर उस ग्रामीण परिवार के पात्र वयस्क सदस्य को कम से कम 125 दिन का गारंटीकृत रोजगार मिलेगा। यह बिल मांग के अधिकार को कमजोर नहीं करता, बल्कि इसे और मजबूत करता है।




कुछ साथी कहते हैं कि यह योजना रोजगार की जगह संपत्ति बनाने को ज्यादा अहमियत देती है। यह सोच ही गलत है। रोजगार और गांव का विकास–ये दोनों एक–दूसरे के विरोधी नहीं हैं, बल्कि एक–दूसरे के पूरक हैं।

यह विधेयक ग्रामीण भारत में आजीविका की कानूनी गारंटी देता है और रोजगार को ऐसे विकासात्मक कार्यों से जोड़ता है जो गांवों को आत्मनिर्भर, टिकाऊ और भविष्य के लिए मजबूत बनाएं। विधेयक की धारा 4 (2) और अनुसूची में चार प्रमुख क्षेत्रों–जल सुरक्षा, बुनियादी ग्रामीण ढांचा, आजीविका से जुड़ा ढांचा और प्राकृतिक आपदाओं से बचाव को प्राथमिकता दी गई है। इससे रोजगार के साथ–साथ गांवों की दीर्घकालिक जरूरतें भी पूरी होंगी, जैसे तालाब, सड़कें और अन्य सार्वजनिक संपत्तियां।

यह धारणा गलत है कि यह योजना अधिकारों का केंद्रीकरण करती है। धारा 4 (1) से 4 (3) स्पष्ट करती हैं कि सभी कार्य ग्राम स्तर पर तय होंगे और ग्राम सभा की स्वीकृति अनिवार्य होगी। ग्राम सभा ही यह निर्णय लेगी कि गांव के लिए कौन से काम जरूरी हैं। इससे स्थानीय लोकतंत्र और समुदाय की भागीदारी मजबूत होती है। विधेयक ने विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की कमी को दूर किया है। सभी कार्य 'विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक' से जोड़े जाएंगे, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी, दोहराव रुकेगा और संसाधनों की बर्बादी नहीं होगी। धारा 16 से 19 पंचायतों और जिला प्रशासन को योजना, क्रियान्वयन और निगरानी की स्पष्ट जिम्मेदारी देती हैं।

खेती के मौसम में मजदूरों की कमी की चिंता का समाधान धारा 6 में है, जो राज्यों को बुवाई और कटाई के समय काम रोकने की छूट देती है। यह लचीलापन स्थानीय कृषि परिस्थितियों के अनुसार योजना को अनुकूल बनाता है।

वित्तीय संसाधनों को लेकर भी स्पष्टता है। धारा 4 (5) और 22 (4) के तहत राज्यों को पारदर्शी मापदंडों के आधार पर धन आवंटन होगा। तकनीक का उपयोग पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए किया गया है, न कि किसी को बाहर करने के लिए। बायोमेट्रिक, जियो–टैगिंग और सामाजिक ऑडिट से भ्रष्टाचार रुकेगा और ईमानदार मज़दूर को उसका पूरा हक मिलेगा।

कुल मिलाकर, यह विधेयक ग्रामीण सशक्तिकरण, स्थानीय भागीदारी और टिकाऊ विकास की दिशा में एक ठोस कदम है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में सहायक होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# त्याग की प्रतिमूर्ति, राष्ट्रभक्त, निर्भीक संन्यासी स्वामी श्रद्धानंद


स्वामी श्रद्धानंद का संपूर्ण जीवन मानव कल्याण को समर्पित था। इनका पूर्व नाम मुंशीराम था 1879 में एक बार बरेली में स्वामी दयानंद सरस्वती का प्रवचन हुआ। मुंशी राम के पिताजी ने इनको भी स्वामी दयानंद के उस कार्यक्रम में जाने के लिए कहा। मुंशी राम का जीवन स्वामी दयानंद के प्रवचनों, तर्कों एवं सैद्धांतिक विचारधारा से बहुत ज्यादा प्रभावित हुआ।



आचार्य दीप चंद भारद्वाज
आध्यात्मिक चिंतक

स्वामी दयानंद के उपदेशों ने नास्तिक मुंशीराम को आस्तिक बना दिया। अपने जीवन में व्याप्त समस्त व्यसनों का परित्याग करके सन 1884 में मुंशी राम जी आर्य समाज लाहौर के सदस्य बने। स्वामी दयानंद के वैदिक ज्ञान से प्रभावित होकर इन्होंने अपना संपूर्ण जीवन वैदिक संस्कृति के प्रचार–प्रसार हेतु समर्पित किया। 1902 में इन्होंने गुरुकुल कांगड़ी जैसी महान संस्था की स्थापना की। स्वामी श्रद्धानंद जी ने समाज के उत्थान के लिए तथा अपनी वैदिक संस्कृति की रक्षा के लिए हरिद्वार में गुरुकुल कांगड़ी नामक ऐतिहासिक संस्था की नींव रखी। इस संस्था के माध्यम से इस निर्भीक संन्यासी ने मैकाले की शिक्षा पद्धति को चुनौती देने का कार्य किया जो उस समय पूर्णरूपेण असंभव था। सर्वप्रथम कन्याओं की शिक्षा के लिए विद्यालय खोला तथा सबसे पहले अपने बच्चों को गुरुकुल प्रणाली की शिक्षा हेतु तैयार किया।

इसी गुरुकुल कांगड़ी से अनेक विद्वान, राष्ट्रभक्त, बलिदानी तैयार हुए। कल्याण मार्ग के पथिक महात्मा मुंशीराम ने त्याग के महान आदर्श का अनुसरण करते हुए अपनी जालंधर वाली कोठी तथा संपूर्ण संपत्ति आर्य समाज को दान कर दी। सन 1917 मैं महात्मा मुंशीराम ने सन्यास ग्रहण किया तथा अपना नाम श्रद्धानंद रखा। ईश्वर में इनकी अगाध श्रद्धा थी इसलिए इन्होंने अपना यह नाम रखवाया। सन 1919 में जब दिल्ली में कांग्रेस की सभाओं और जलसों को पूर्ण रूप से बंद करने का ब्रिटिश सरकार ने आदेश जारी किया तब स्वामी श्रद्धानंद ने चांदनी चौक टाउन हॉल के सामने आंदोलन करते हुए उन्होंने अंग्रेजी सेना के सामने सीना खोलकर गोली चलाने की चुनौती दी थी।



इस निडर संन्यासी के सामने उस समय अंग्रेजों को भी नतमस्तक होना पड़ा था। जलियांवाला बाग की दमनकारी तथा क्रूर घटना के बाद पूरे पंजाब मे भय और आतंक का माहौल था। ऐसे डरावने माहौल में कोई भी कांग्रेस का नाम लेने वाला नहीं था तब इसी स्वामी श्रद्धानंद ने अपने दृढ़ संकल्प के बल पर कांग्रेस का अमृतसर में अधिवेशन संपन्न करवाया।

गुरुकुल कांगड़ी का प्रबंध आचार्य रामदेव को सौंप कर स्वामी श्रद्धानंद दिल्ली पधारे। यहां से उन्होंने अपनी राजनीतिक धार्मिक गतिविधियों का संचालन किया। सन 1922 में जब सिखों ने गुरु का बाग का सत्याग्रह शुरू किया तो अंग्रेजों ने इसे दबाने का प्रयास किया। स्वामी श्रद्धानंद को जब पता चला तो वे तुरंत अमृतसर पहुंचे और इस सत्याग्रह का संचालन अपने हाथ में लिया। स्वामी श्रद्धानंद आर्य समाज के महान संन्यासी, समाज–सुधारक और राष्ट्रसेवी थे। उन्होंने शुद्धि आंदोलन के माध्यम से उन लोगों को अपने मूल धर्म में लौटने का अवसर दिया, जो सामाजिक दबाव या भय के कारण धर्म परिवर्तन कर चुके थे।

इस आंदोलन का आरंभ उन्होंने आगरा क्षेत्र के मलकाने राजपूतों की स्वधर्म वापसी से किया। स्वामी दयानंद सरस्वती के वैदिक पुनर्जागरण के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए स्वामी श्रद्धानंद ने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। वे शिक्षा, सामाजिक सुधार और राष्ट्रीय चेतना के प्रबल समर्थक थे। कांग्रेस की कुछ नीतियों से असहमति होने पर उन्होंने उससे त्यागपत्र भी दिया। अपने सिद्धांतों और कार्यों के कारण उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा और 23 दिसंबर 1926 को उनकी हत्या कर दी गई। स्वामी श्रद्धानंद का जीवन त्याग, कर्म, साहस और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक था। उनका आदर्शमय जीवन आज भी युवाओं को सेवा, पुरुषार्थ और सांस्कृतिक चेतना की प्रेरणा देता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने की उच्च शिक्षा में बदलाव की शुरुआत

भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था आज एक ऐसे ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ी है, जहां बीते सात दशकों की संरचना को पीछे छोड़ते हुए एक नए ढांचे की ओर कदम बढ़ाया जा रहा है। आजादी के बाद जिस विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने देश की उच्च शिक्षा को दिशा दी, शैक्षणिक मानक तय किए और लाखों विद्यार्थियों के भविष्य की बुनियाद रखी, वह अब इतिहास बनने जा रहा है।



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, सोलन

केंद्र सरकार ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद को समाप्त कर उनके स्थान पर एक नए, एकीकृत और शक्तिशाली नियामक निकाय–विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान के गठन का निर्णय लिया है। यह फैसला केवल एक संस्थागत बदलाव नहीं है, बल्कि भारत की शिक्षा नीति में एक बुनियादी वैचारिक परिवर्तन का संकेत देता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना 28 दिसंबर 1953 को तत्कालीन शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के नेतृत्व में हुई थी। वर्ष 1956 में संसद के अधिनियम के माध्यम से इसे वैधानिक दर्जा मिला।

अपने लंबे सफर में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विश्वविद्यालयों को मान्यता देने, अनुदान वितरण, शोध को प्रोत्साहित करने और अकादमिक मानकों को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब तक भारत में उच्च शिक्षा का नियमन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) जैसी अलग–अलग संस्थाओं के माध्यम से होता रहा है। यह बहु–नियामक व्यवस्था अपने समय में उपयोगी थी, लेकिन बदलती शैक्षणिक आवश्यकताओं और उच्च शिक्षा के विस्तार के साथ यह जटिल, बोझिल और बाधक बनती चली गई।




समय के साथ यह स्पष्ट हुआ कि विभिन्न नियामकों के कारण विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को एक ही कार्य के लिए कई अनुमतियां लेनी पड़ती थीं। प्रक्रियागत देरी, नियमों की पुनरावृत्ति और जवाबदेही की अस्पष्टता ने नवाचार और अकादमिक स्वतंत्रता को प्रभावित किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 ने इन कमियों को स्वीकार करते हुए एकल, सरल और प्रभावी नियामक ढांचे की सिफारिश की। इसी के तहत विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान के गठन का प्रस्ताव सामने आया है।

विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान को देश की सभी उच्च शिक्षा संस्थाओं केंद्रीय, राज्य, निजी विश्वविद्यालयों, तकनीकी और शिक्षक शिक्षा संस्थानों, ओपन व ऑनलाइन शिक्षा प्रदाताओं के लिए एक समान नियामक बनाया जाएगा। इसकी संरचना तीन स्तंभों पर आधारित होगी–शिक्षा विनियम परिषद (नियमन), शिक्षा गुणवत्ता परिषद (प्रत्यायन व मूल्यांकन) और शिक्षा मानक परिषद (पाठ्यक्रम व अकादमिक मानक)। सरकार का दावा है कि इससे नियमन, गुणवत्ता और मानकों के बीच बेहतर संतुलन स्थापित होगा।

इस अधिष्ठान के दायरे में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों का आना सबसे अधिक चर्चा का विषय है। सरकार इसे पारदर्शिता और समानता की दिशा में कदम मानती है, जबकि कुछ शिक्षाविद् इसे संस्थागत स्वायत्तता के लिए चुनौती के रूप में देख रहे हैं।

समान नियम लागू होने से निजी और सरकारी संस्थानों के बीच नियामक असमानता कम होगी। डिजिटल और ऑनलाइन शिक्षा के लिए भी स्पष्ट दिशा–निर्देश तय किए जाएंगे। साथ ही, नियम उल्लंघन पर भारी जुर्माने जैसे सख्त प्रावधान व्यवस्था की विश्वसनीयता बढ़ाने के उद्देश्य से रखे गए हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मंजिल सबकी मौत है, फिर यह नफरत और भेदभाव क्यों ?

मंजिल सबकी एक ही है–मृत्यु। जब यह अटल सत्य सब जानते हैं, तब नफरत, भेदभाव, अहंकार और वैमनस्य का क्या औचित्य है? यह संसार नश्वर है, यहां से एक दिन सबको रुखसत होना है, फिर भी मनुष्य जीवनभर मोह–माया, धन–लालसा और स्वार्थ के जाल में उलझा रहता है। अच्छे कर्म ही जीवन की सच्ची कमाई हैं, क्योंकि कर्म अनिश्चित हो सकते हैं, पर उनका फल निश्चित होता है।



नरेंद्र भारती
स्वतंत्र लेखक, मंडी

इतिहास गवाह है कि न कोई अमर हुआ है और न कोई सदा शक्तिशाली रहा है। समय एक–सा नहीं रहता, राजा को रंक बनने में एक क्षण भी नहीं लगता, इसलिए अहंकार का त्याग ही मानव का वास्तविक आभूषण है। आज का मनुष्य साम, दाम, दंड और भेद जैसे हथकंडों से धन इकट्ठा करने में लगा है। संवेदनशीलता धीरे–धीरे मृतप्राय होती जा रही है। कौन जी रहा है, कौन मर रहा है–इससे समाज को कोई सरोकार नहीं रह गया। आधुनिक मानव का दायरा स्वार्थ और मतलब तक सीमित हो गया है। यह स्थिति अत्यंत त्रासद है। संस्कारों का क्षरण हो रहा है, नैतिक मूल्यों का पतन हो चुका है और नैतिकता मानो समाज से विलुप्त होती जा रही है। ऐसे समय में समाज के बुद्धिजीवियों को गंभीर मंथन करना होगा, ताकि नैतिक मूल्यों को बचाया जा सके।

मानव जीवन भर धन–लिप्सा में भटकता रहता है, यह जानते हुए भी कि यहां कोई अमर नहीं है। आज रिश्ते जर, जोरू और जमीन के लिए टूट रहे हैं। अपने ही अपनों का खून कर रहे हैं, रिश्तों का कत्लेआम हो रहा है। इंसान को कोई और नहीं गिराता, इंसान ही इंसान को गिरा रहा है। जिन रिश्तों ने जीवन को सहारा दिया, वही आज दरक रहे हैं। हमें इन रिश्तों को बचाना होगा, क्योंकि संकट की घड़ी में अपने ही काम आते हैं, बाकी लोग तमाशा देखते हैं। आज के समय में लोग सोशल मीडिया में इतने व्यस्त हैं कि अपनों के लिए समय ही नहीं बचता। अजनबियों की खबर तो पल–पल ली जाती है, पर पास के पड़ोसी या रिश्तेदार का हाल पूछने की फुर्सत नहीं, जबकि सच्चाई यह है कि आवश्यकता पड़ने पर अपना आस–पड़ोस ही काम आता है।




बेवजह की दुश्मनी, अपमान और असहिष्णुता समाज को भीतर से खोखला कर रही है। मनुष्य को अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए, क्योंकि अतीत की परछाइयां जीवन भर साथ चलती हैं। आज समाज में ईमानदारी हाशिये पर है और बेईमानी को प्रश्रय मिल रहा है। बुजुर्ग दाने–दाने को मोहताज हैं, माता–पिता को वृद्धाश्रमों में भेजा जा रहा है। जिन माता–पिता ने बच्चों के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया, वही आज उपेक्षित हैं। यह सामाजिक पतन की पराकाष्ठा है। मनुष्य ईश्वर की सबसे अहम कृति है, फिर भी वह पथभ्रष्ट होता जा रहा है। सड़कों पर लोग तड़पते हुए मर रहे हैं, पर देखने वालों की संवेदना नहीं जागती।

प्रकृति के साथ भी मानव का व्यवहार निर्दयी होता जा रहा है। जंगलों में आग, जीव–जंतुओं का नाश और पर्यावरण का विनाश मानव के ही भविष्य को अंधकार में धकेल रहा है। प्रकृति भेदभाव नहीं करती, वह सबको समान देती है, पर मानव कृतघ्न बनता जा रहा है। आज धन को ही सब कुछ मान लिया गया है। विलासिता पर अपार धन बहाया जाता है, पर भूखे को एक रोटी देना भी भारी लगता है, जबकि भूखे की तृप्ति में जो आनंद है, वही सच्चा सुख है। इंसानियत और मानवता सबसे बड़ा धर्म है। मानव सेवा ही ईश्व सेवा है। नफरत छोड़कर प्रेम, सहयोग और करुणा का मार्ग अपनाना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### मनरेगा कानून समाप्त करने के विरोध में प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा कानून को समाप्त कर जीरामजी योजना लागू करने के विरोध में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की लोकल कमेटियों सरकाघाट और धर्मपुर ने देशव्यापी आह्वान के तहत सरकाघाट में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व राज्य सचिव मंडल सदस्य व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने किया। माकपा नेताओं ने एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को मांगपत्र सौंपते हुए मनरेगा कानून को बहाल करने की मांग की। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मोदी सरकार लगातार मनरेगा को कमजोर कर रही है, बजट में कटौती की गई है और मजदूरों को पूरे वर्ष काम नहीं मिल पा रहा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कानून बहाल नहीं हुआ तो फरवरी में होने वाली देशव्यापी मजदूर हड़ताल में मनरेगा मजदूरों को संगठित किया जाएगा। जनवरी में पंचायत स्तर पर जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

### सुंदरनगर में कविता एवं विचार गोष्ठी का आयोजन

**भीम बसेडू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** सुकेत साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद सुंदरनगर द्वारा विश्राम गृह परिसर में कविता एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। परिषद के पदाधिकारियों और साहित्यकारों ने वर्तमान परिस्थितियों तथा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। रतनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कई कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। सुरेंद्र मिश्रा, भीम सिंह परदेशी, कृष्ण चंद्र महादेव और रतनलाल शर्मा की कविताओं ने श्रोताओं को भावनात्मक और हास्य रस से सराबोर किया। पहाड़ी और हिंदी कविताओं को खूब सराहना मिली। कार्यक्रम में विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे। अध्यक्ष रतनलाल शर्मा ने कहा कि परिषद वर्ष भर साहित्यिक गतिविधियां आयोजित करती है और भविष्य में नाट्य मंचन व साहित्यकारों के सम्मान पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### बल्ह स्कूल की अर्चना ने कुराश में जीता कांस्य

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** राजकीय उच्च पाठशाला बल्ह की सातवीं कक्षा की छात्रा अर्चना ने नेशनल कुराश खेल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 20 दिसंबर को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में आयोजित हुई, जिसमें अर्चना ने 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के 24 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि से चौहारघाटी, पधर उपमंडल और जिला मंडी में खुशी की लहर है। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक जोगिंद्र सिंह ने इसे अपने लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया और कहा कि उनका लक्ष्य खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। अर्चना ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरु के मार्गदर्शन को दिया। विद्यालय प्रबंधन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अर्चना व शिक्षक को बधाई दी।

### पहचान बनाने वाली हस्तियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** टिहरा खंड के चोलथरा मण्डल में हिन्दू सनातन सम्मेलन अत्यंत हर्षोल्लास और श्रद्धा के वातावरण में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन का उद्देश्य सनातन संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाना और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करना था। मुख्य वक्ता गणेश दत्त ने संस्कृति की वैज्ञानिकता और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सेवा निवृत्त अधिकारियों, स्थानीय गणमान्य नागरिकों और क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। बच्चों और महिलाओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल भक्तिमय बना दिया। आयोजक मंडल ने सभी अतिथियों को सनातन साहित्य भेंट कर सम्मानित किया। क्षेत्रवासियों ने आयोजन की प्रशंसा की और भविष्य में ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की निरंतरता पर बल दिया।

### सुरेंद्र राणा को मिला 'रोशनी बेस्ट लीडर्स अवॉर्ड'

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** चंडीगढ़ में 20 दिसंबर को रोशनी महिला कल्याण समिति द्वारा आयोजित समारोह में एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल, सरकाघाट के अध्यक्ष सुरेंद्र राणा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 'रोशनी बेस्ट लीडर्स अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। राणा को पिछले 20 वर्षों से शिक्षा क्षेत्र में समर्पित प्रयासों, उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणाम और क्षेत्र में शैक्षणिक विकास के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। उनके नेतृत्व में विद्यालय ने शिक्षा में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त की हैं। समिति ने सुरेंद्र राणा को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इससे पहले, 2023 में उन्हें सलूनी विश्वविद्यालय द्वारा भी शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट भूमिका के लिए 'शिक्षा भूषण' उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है।

### छात्रों व शिक्षकों ने गणित की महत्ता पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविंद्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट में गणित विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दिवस भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन पर मनाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. शबनम शर्मा व प्रो. अनिल गुप्ता ने किया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने गणित के महत्व, तार्किक सोच, समस्या-समाधान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण में इसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग और गणितीय गतिविधियों में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। मुख्य वक्ताओं ने गणित को रोचक और व्यावहारिक रूप में सीखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्रों को गणित के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने व शैक्षणिक एवं व्यावसायिक जीवन में नई ऊंचाइयां प्राप्त करने का संदेश दिया गया।

### राजनीतिक दलों के नेता और समाजसेवी नवाजे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राम भवन खरड़ में हिमाचली जनहित महासभा पंजाब का वार्षिक समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत परवेश भारती द्वारा 'वंदे मातरम' से हुई, जबकि दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि सरदार रणजीत सिंह गिल ने शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विधायक सुरेश कुमार ने महासभा को 11 लाख रुपये का अनुदान दिया। अब सरोवर समिति, समाजसेवी देव राज, नगर निगम पार्षद वनीत जैन, डॉ. सचिन वर्मा और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। मंच का संचालन एंकर कुलदीप गुलेरिया ने किया। बच्चों ने हिमाचली संस्कृति की प्रस्तुतियाँ दीं और लोकगायक मोहित गर्ग ने संगीत से माहौल मंत्रमुग्ध कर दिया। समाजसेवा में सक्रिय प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष जगदेव पटियाल ने 2,500 से अधिक हिमाचलवासियों को धन्यवाद देते हुए भविष्य में ऐसे कार्यक्रम जारी रखने का संदेश दिया।

### स्वास्थ्य, शिक्षा से किशोरियों को किया सशक्त

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** सर्वोदय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल अपर पंडोह में किशोरी मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, कानून, योग और सामाजिक जागरूकता से संबंधित जानकारी देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. प्रवीण चौधरी ने की। पुलिस चौकी पंडोह के एएसआई अशोक पठानिया और एएसआई अमरनाथ शर्मा ने ट्रैफिक नियम, पोक्सो एक्ट, नशे से बचाव और बाल विवाह कानून की जानकारी दी। योग प्रशिक्षक योगेश कुमार ने योगासनों और प्राणायाम की उपयोगिता बताई। विद्यार्थियों ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' पर स्लोगन लेखन, पोस्टर और पेंटिंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रधानाचार्य खेमिंद्रा शर्मा ने छात्राओं को जागरूक, आत्मनिर्भर और शिक्षित बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा।

### 58.20 लाख की परियोजना से मिलेगा लाभ

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** कृषक विकास एसोसिएशन टेला की एक महत्वपूर्ण कृषि अधोसंरचना योजना को 58.20 लाख रुपये की लागत से ठेकेदार को हैंडओवर कर दिया गया। योजना से क्षेत्र के 77 किसान परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और कृषि उत्पादन क्षमता के साथ स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। कार्यक्रम में कृषि मंत्रियों नेता पवन ठाकुर ने किसानों को योजना के लाभ, अनुदान और आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी और अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। किसानों के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र में सब्जी उत्पादन, फसल विविधीकरण और उन्नत कृषि पद्धतियों पर जोर दिया गया। पंचायत प्रधान सुनीता देवी, केवीए प्रधान विनोद शर्मा और तकनीकी टीम भी उपस्थित रही।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट में 22 से 24 दिसंबर तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 'पोषण भी, पढ़ाई भी' का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बाल विकास परियोजना अधिकारी गोपालपुर अनीता शर्मा ने किया। इस प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को बच्चों के शारीरिक, मानसिक, संज्ञानात्मक, संवेगात्मक और सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। अनीता शर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत नवीन पाठ्यक्रमों और शिक्षण पद्धतियों की जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तक पहुंचाना है, जिससे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखी जा सके।

# 3 माह से बंद रोसो-अलसेड सड़क से जनजीवन बेहाल, ग्रामीणों में रोष

## हरिजन बस्ती को जोड़ने वाला एकमात्र मार्ग बंद, बहाली न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अनंत ज्ञान मुद्दा



3 माह से बंद रोसो-अलसेड सड़क से जनजीवन बेहाल।

लोक निर्माण विभाग टीहरा उपमंडल के अंतर्गत रोसो-अलसेड सड़क बीते करीब तीन महीनों से पूरी तरह बंद पड़ी हुई है, जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क हरिजन बस्ती को जोड़ने वाला एकमात्र मुख्य मार्ग है, लेकिन लंबे समय से अवरुद्ध होने के बावजूद इसकी बहाली नहीं हो पाई है। सड़क बंद होने के कारण ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतों की पूर्ति, मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और विद्यार्थियों को स्कूल जाने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के बाद हालात और भी बदतर हो गए हैं, इससे ग्रामीणों में रोष लगातार बढ़ता जा रहा है।

इस मुद्दे को लेकर धर्मपुर से भाजपा नेता रजत ठाकुर के नेतृत्व में गांववासियों ने प्रदेश सरकार व लोक निर्माण विभाग के प्रति कड़ा विरोध जताया। इस दौरान पवन कुमार, ओम चंद, रमेश चंद, रूप लाल, संजय कुमार, नेकराम, लता देवी, मायां देवी और अंजना देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क बंद होने की जानकारी कई बार संबंधित विभाग को दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। भाजपा नेता ने कहा कि यह सड़क केवल एक मार्ग नहीं बल्कि सैकड़ों लोगों की जीवनरेखा है व इसे जानबूझकर नजरअंदाज करना प्रदेश सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है।

ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से सड़क को तुरंत बहाल करने की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्य शुरू नहीं किया गया तो वे मजबूर होकर सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी। वहीं क्षेत्रवासियों ने सरकार से मांग की है कि हालात की गंभीरता को समझते हुए तुरंत मशीनरी व कर्मचारियों को मौके पर भेजकर सड़क को यातायात के लिए बहाल किया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# सरकाघाट में पीलिया का कहर जारी, 5 नए मामले आए सामने

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**वर्तमान में अस्पताल में दस मरीज उपचाराधीन**

उपमंडल सरकाघाट में पीलिया का प्रकोप अभी पूरी तरह काबू में नहीं आ पाया है। सोमवार को नागरिक अस्पताल सरकाघाट की ओपीडी में पीलिया के पांच नए मामले सामने आए। इनमें से तीन मरीजों को प्राथमिक उपचार व दवाइयां देकर घर भेज दिया गया, जबकि दो मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं तीन मरीज स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किए गए हैं।

वर्तमान में अस्पताल में कुल दस मरीज उपचाराधीन बताए जा रहे हैं। अस्पताल सूत्रों के अनुसार शनिवार की तुलना में सोमवार को मरीजों की संख्या में मामूली कमी दर्ज की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसएमओ नागरिक अस्पताल सरकाघाट डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है और स्वास्थ्य विभाग लगातार निगरानी बनाए हुए है। डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि पीलिया का पहला मामला नवंबर माह के मध्य सामने आया था, जिसके बाद मरीजों की संख्या बढ़ते-बढ़ते 30 से 35 के करीब पहुंच गई थी। कुछ समय के लिए नए मामले आना बंद हो गए थे, लेकिन दिसंबर माह के 15 तारीख के बाद फिर से पीलिया के नए मामले सामने आने लगे हैं। अब तक 30 से 35 मरीज पीलिया से प्रभावित हो चुके हैं, जिनमें अधिकांश कॉलेज छात्र और आसपास के क्षेत्र के निवासी हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पीलिया दूषित पानी पीने से फैलता है। लोगों से अपील की गई है कि वे केवल उबला हुआ पानी पिएं और स्वच्छता बनाए रखें। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार दिसंबर के अंत तक स्थिति शून्य पर आ सकती है।

# कॉलेज शिक्षकों को कई सालों से पे बैंड प्रमोशन का इंतजार

**अनंत ज्ञान, मंडी**

**यूजीसी रैग्यूलेशन 2018 लागू न होने से आई है विसंगति**

**उच्च शिक्षा प्रणाली में सरकार के सुधारात्मक कदम सराहनीय**

हिमाचल गवर्नमेंट कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन (ऐचजीसीटीए) द्वारा उच्च शिक्षा प्रणाली में सरकार के सुधारात्मक कदमों की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया गया है कि सरकार द्वारा पे बैंड-II, पे बैंड-III, और पे बैंड-IV में प्रमोशन के मुद्दे पर सहानुभूतिपूर्ण और समय पर कदम उठाए जाएंगे। एसोसिएशन का मानना है कि यह मांग लगभग 80 प्रतिशत कॉलेज शिक्षकों से जुड़ी हुई है। यह भी कहना है कि कॉलेज कैडर में पे बैंड-II, III और IV में प्रमोशन कैरियर एडवांसमेंट स्कीम की अधिसूचना जारी न होने के कारण 2022 से लंबित है। यूजीसी रेगुलेशन 2018 लागू नहीं होने के कारण योग्य शिक्षकों की पदोन्नति में ठहराव आ गया है।

एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से करियर एडवांस स्कीम अधिसूचित करने और यूजीसी रेगुलेशन, 2018 लागू करने के लिए तत्काल निर्देश जारी करने का मामला उठाया है। एसोसिएशन का मानना है कि इससे वैध प्रमोशन सुनिश्चित हो सकेगी और राज्य में उच्च शिक्षा प्रणाली मजबूत होगी।

> 'सरकार द्वारा उच्च शिक्षा प्रणाली में सुधारात्मक कदम सराहनीय हैं। हमें विश्वास है कि बाकी करियर प्रोग्रेशन के मुद्दे खासकर करियर एडवांस स्कीम की अधिसूचना और पे बैंड-II, III और IV में विभागीय प्रमोशन भी जल्द ही वृहद टीचिंग कम्युनिटी के हित में हल किए जाएंगे।'
>
> 
>
> **- डॉ.बनिता सकलानी**
> **हिमाचल प्रदेश सरकारी कॉलेज शिक्षक संघ**

# निजी स्कूल में किसी भी कार्यक्रम के लिए अनुमति लेना जरूरी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट में उपमंडलाधिकारी (ना.) राजेंद्र कुमार गौतम की अध्यक्षता में पीलिया रोकथाम के लिए विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बरछबाड़, सरकाघाट महाविद्यालय और तताहर के निजी स्कूल सहित आसपास के क्षेत्रों में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महाविद्यालय में आयोजित एनएसएस कैंप को फरवरी 2026 तक स्थगित करने और निजी स्कूल में किसी भी कार्यक्रम के लिए पूर्व अनुमति लेने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने जनता से बाहर का खाना न खाने, उबला पानी पीने और लक्षण पाए जाने पर स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच कराने की अपील की। जल शक्ति विभाग द्वारा जल स्त्रोतों के नियमित क्लोरिनेशन और नमूनों की जांच सुनिश्चित की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा जागरूकता अभियान और नियमित जांच जारी है।

## छाणंग स्कूल में वार्षिक समारोह व स्पोर्ट्स डे की धूम, नौनिहालों ने दिखाई प्रतिभा

# प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में शिवांश की टीम ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



छाणंग स्कूल के नौनिहाल पुरस्कार प्राप्त करने के बाद मुख्यातिथि के साथ।

शिक्षा खंड द्रंग-प्रथम की राजकीय प्राथमिक पाठशाला छाणंग स्थित घरौन में वार्षिक समारोह कम स्पोर्ट्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल एवं बौद्धिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें नौनिहालों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शिवांश, वंश व वान्या की टीम ने सभी दस राउंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 115 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कर्ण, कैरव, नमन व अविनाश की टीम 110 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। खेल प्रतियोगिताओं में लड़कों की बोरी दौड़ में शिवांश प्रथम और वंश द्वितीय रहे, जबकि लड़कियों में कल्पना प्रथम व रिया द्वितीय स्थान पर रही। चम्मच दौड़ में कैरव ने प्रथम स्थान हासिल किया। म्यूजिकल चेयर में शिवांश ने बाजी मारी। कार्यक्रम में माइंड आपरेशन एकेडमी जोगिंदरनगर के एमडी राम प्रकाश ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

**चम्मच दौड़ में कैरव ने झटका प्रथम स्थान**

उन्होंने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और बच्चों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय के लिए 7100 रुपये, प्रश्नोत्तरी विजेता टीम को 1100 और उपविजेता टीम को 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि भेंट की। अन्य अतिथियों ने भी सहयोग राशि प्रदान की।

इस अवसर पर बीडीसी सदस्य भुवनेश्वर जम्वाल, सेवानिवृत्त अधिकारी, विद्यालय स्टाफ, एसएमसी सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# चिट्टे के खिलाफ खाहला क्षेत्र होने लगा एकजुट

## साक्षरता व ज्ञान विज्ञान समिति के सहयोग से निगरानी समितियां होंगी गठित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



धर्मपुर विस क्षेत्र के खाहला में बढ़ते चिट्टे के नशे के खिलाफ लोग एकजुट हुए।

धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के खाहला इलाके में बढ़ते चिट्टे के नशे के खिलाफ अब जनआंदोलन की शुरुआत हो गई है। इस अभियान में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम रहने वाली है। मंडी साक्षरता एवं ज्ञान विज्ञान समिति के तत्वावधान में बरोटी और छात्र-मंडप क्षेत्रों में आयोजित बैठकों में नशा मुक्ति को लेकर ठोस रणनीति तैयार की गई।

बैठकों का आयोजन समिति के संस्थापक एवं पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह तथा सचिव सुनीता बिष्ट की अगुवाई में किया गया। बरोटी क्षेत्र में छह ग्राम पंचायतों और छात्र-मंडप क्षेत्र में चार ग्राम पंचायतों की क्षेत्रीय कमेटियों के गठन की प्रक्रिया शुरू की गई। बरोटी क्षेत्रीय कमेटी का संयोजक सरसकान पंचायत के प्रधान उमेश ललित को बनाया गया, जबकि छात्र-मंडप क्षेत्रीय कमेटी की जिम्मेदारी जगरनाथ गुलेरिया को सौंपी गई।

अभियान को व्यापक रूप देने के लिए 29 दिसंबर को बरोटी और छात्र में विस्तारित बैठकें आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, जिनमें महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह और पंचायत प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके बाद 15 जनवरी तक सभी पंचायतों में कमेटियों का गठन किया जाएगा। 19 जनवरी को बरोटी में महिलाओं का सम्मेलन एवं नशा मुक्ति आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। फरवरी माह में गांव-गांव निगरानी समितियां गठित की जाएंगी तथा 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर धर्मपुर में मेगा महिला जागरूकता यात्रा निकाली जाएगी। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई तभी सफल होगी जब समाज, अभिभावक, प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर जिम्मेदारी निभाएं। वहीं सुनीता बिष्ट ने बताया कि समिति सरकार और प्रशासन के समक्ष भी जमीनी हकीकत रखेगी। उन्होंने कहा कि सरकार भी इस गंभीर समस्या को लेकर अब सक्रिय भूमिका निभा रही है।

**सरसकान पंचायत के प्रधान उमेश ललित को मिली संयोजक की कमान**

# पत्रकारिता, साहित्य व संगीत-कला की चार विभूतियां होंगी सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रखर पत्रकार, शिक्षाविद एवं कला मर्मज्ञ स्व. हेमकांत कात्यायन की स्मृति में हेमकांत मेमोरियल ट्रस्ट मंडी की ओर से आदरांजलि-2025 समारोह का आयोजन 25 दिसंबर को किया जाएगा। इस अवसर पर पत्रकारिता, साहित्य एवं संगीत-कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली चार विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। ट्रस्ट के संयोजक सिद्धार्थ कात्यायन ने बताया कि इस वर्ष हेमकांत कात्यायन स्मृति पत्रकारिता प्रेरणा पुरस्कार वरिष्ठ पत्रकार पंडित कृष्ण भानु को प्रदान किया जाएगा। साहित्य सेवा पुरस्कार वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण कुमार नूतन को दिया जाएगा। वहीं संगीत-कला पुरस्कार स्व. पियूष स्वामी को मरणोपरांत तथा उनके शिष्य और संगीत सदन के संचालक उमेश भारद्वाज को प्रदान किया जाएगा। ट्रस्ट अध्यक्ष निर्मला कात्यायन ने कहा कि यह सम्मान स्व. हेमकांत कात्यायन के विचारों और मूल्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास है।

# प्रदेश में न्यू क्रिसेंट की छात्रा श्वेता ठाकुर ने नीट में झटका पहला स्थान

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** नीट और जेईई 2025 में शानदार प्रदर्शन के बाद न्यू क्रिसेंट शिक्षण एवं कोचिंग संस्थान जोगिंद्रनगर की होनहार छात्रा ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। संस्थान की छात्रा डॉ. श्वेता ठाकुर ने नीट (पीजी) 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे हिमाचल प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया है।डॉ. श्वेता ठाकुर दुर्गा सिंह ठाकुर एवं रेखा ठाकुर की पुत्री हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि न्यू क्रिसेंट शिक्षण एवं कोचिंग संस्थान और समूचे जोगिंद्रनगर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इससे पूर्व भी उन्होंने नीट (यूजी) और जेईई 2025 में बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था, जिसे अब नीट (पीजी) में मिली इस बड़ी सफलता ने और भी सशक्त बना दिया है।इस उपलब्धि पर न्यू क्रिसेंट शिक्षण एवं कोचिंग संस्थान की प्रधानाचार्या शशि किरण तथा निदेशक विजय शर्मा ने डॉ. श्वेता ठाकुर, उनके माता-पिता एवं अध्यापकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



उन्होंने कहा कि डॉ. श्वेता ठाकुर की यह सफलता संस्थान के लिए गर्व का विषय है और यह सिद्ध करती है कि अनुशासन, कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।उन्होंने आगे कहा कि डॉ. श्वेता ठाकुर की यह उपलब्धि क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है और आने वाले समय में अन्य छात्र-छात्राओं को भी उच्च लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी। क्षेत्रवासियों ने भी डॉ. श्वेता ठाकुर की इस ऐतिहासिक सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# योजना की पहचान नाम से नहीं क्रियान्वयन से होती है: जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**नाम बदलने पर राजनीति करने वाली कांग्रेस को अपने इतिहास से लेनी चाहिए सीख**

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राकेश जमवाल ने ग्राम रोजगार अधिनियम में संशोधन कर मनरेगा का नाम बदलकर जी-राम-जी (ग्रामीण रोजगार अधिनियम - ग्राम रोजगार गारंटी) किए जाने के बाद केंद्र सरकार के खिलाफ धरने पर बैठी हिमाचल की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि नाम परिवर्तन को मुद्दा बनाकर केंद्र के विरुद्ध राजनीति करना कांग्रेस की दोहरी सोच और राजनीतिक हताशा को दर्शाता है। कांग्रेस को पहले अपने अतीत में झांकना चाहिए कि उसने स्वयं कितनी योजनाओं के नाम बदले हैं।

राकेश जमवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का पूरा इतिहास योजनाओं के नाम बदलने की राजनीति से भरा पड़ा है। चाहे केंद्र में यूपीए सरकार का दौर रहा हो या प्रदेश में कांग्रेस की सरकारें—नाम बदलना कांग्रेस की पुरानी आदत रही है। आज वही कांग्रेस जी-राम-जी (ग्रामीण रोजगार अधिनियम) के नाम को लेकर बखेड़ा खड़ा कर रही है और केंद्र सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ रही है, जबकि जनता जानती है कि योजनाओं की पहचान नाम से नहीं, बल्कि ज़मीनी लाभ और ईमानदार क्रियान्वयन से होती है।

भाजपा मुख्य प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने जब भी किसी योजना में बदलाव किया, तो उसका उद्देश्य केवल और केवल गरीब, किसान और मजदूर को अधिक लाभ पहुंचाना रहा है। मनरेगा जैसी योजनाओं के तहत बजट बढ़ाना, समय पर भुगतान, पारदर्शिता और तकनीकी सुधार केंद्र सरकार की प्राथमिकता रही है। इसके विपरीत कांग्रेस सरकारें केवल नाम बदलकर राजनीतिक श्रेय लेने का प्रयास करती रही हैं, जबकि लाभार्थियों की स्थिति जस की तस बनी रही।

**कार्यक्रम** थुनाग व थाची में हुआ हिंदू सम्मेलन, राष्ट्र निर्माण-सामाजिक समरसता पर दिया जोर

# हिंदू सम्मेलन ने दिया एकजुटता का संदेश

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**



थुनाग और थाची में आयोजित हिंदू सम्मेलन में प्रतिभागी, मुख्य अतिथि और आयोजक कार्यक्रम के दौरान उपस्थित।

**बालीचौकी।** हिंदू समाज को आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों, हिन्दुत्व और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भव्य हिंदू सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि समाज संगठित होकर विचार, संस्कार और सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण व भारत को वैभवशाली बनाने की दिशा में अग्रसर हो। हिंदू सम्मेलन ग्राम पंचायत थुनाग के सभागार में आयोजित किया गया। यह सम्मेलन थुनाग खंड के थुनाग मंडल की हिन्दू सम्मेलन आयोजित समिति ने आयोजित किया।

इस सम्मेलन में लगभग 300 लोगों की प्रभावशाली उपस्थिति रही। कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत सकारात्मक, शांत व आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। हिन्दू सम्मेलन की अध्यक्षता सेवानिवृत प्रधानाचार्य उतम सिंह ठाकुर ने की तथा मुख्य वक्ता के रूप डॉ. भूमेश (प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख ) उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ भूमेश ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 वर्ष की गौरवमयी राष्ट्र निर्माण की यात्रा व पंच परिवर्तन -सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इन्हें व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास का आधार बताया तथा उन्होंने कहा हिन्दूत्व ही राष्ट्रीयत्व है तथा हिन्दू चेतना से वैभवशाली भारत के निर्माण का लक्ष्य आज साकार होता दिख रहा है। कार्यक्रम अध्यक्ष उतम सिंह ने कहा आज हिन्दू, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कारण गौरव की अनुभूति कर रहा है। हिन्दू सम्मेलन में सरस्वती विद्या मंदिर थुनाग के बच्चों ने, भजन मंडली व महिला मंडलों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

दूसरी ओर बालीचौकी के थाची में भी हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में महायोगी सत्येंद्र नाथ ने भाग लिया और कहा कि वर्तमान में बच्चों को घर से स्कूल तक संस्कार देने की आवश्यकता है। उन्होंने बंगला देश में हिन्दुओं के उत्पीड़न पर भी गहरी चिंता व्यक्त की। थाची में आयोजित हिन्दू सम्मेलन के मुख्य वक्ता प्रांत सद्भावना प्रमुख जितेन्द्र रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्राध्यापक परम देव ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका खेमिला ठाकुर ने सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त किया।

**हिंदू चेतना व पंच परिवर्तन से वैभवशाली भारत के निर्माण का लक्ष्य : डॉ. भूमेश**

तीन वर्ष बाद फिर सक्रिय हुए पूर्व मंत्री, हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ देख हुए गद्गद्, बदल सकते हैं सियासी समीकरण

# कुटलैहड़ में जनाक्रोश रैली में वीरेंद्र कंवर का शक्ति प्रदर्शन

राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** राज्य सरकार के खिलाफ आयोजित रोष रैली में पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि कुटलैहड़ की राजनीति में उनकी पकड़ आज भी मजबूत है।

लगभग तीन वर्षों के राजनीतिक अंतराल के बाद कुटलैहड़ में हुए इस शक्ति प्रदर्शन ने न केवल क्षेत्र की सियासत को गरमा दिया, बल्कि भाजपा संगठन के अंदरूनी समीकरणों पर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। कुटलैहड़ भाजपा मंडल की कथित मनाही के बावजूद हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों का रैली में पहुंचना कहीं न कहीं संगठनात्मक अनुशासन और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को उजागर करता है। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर लंबे समय से सक्रिय राजनीति से कुछ हद तक दूर नजर आ रहे थे। ऐसे में यह माना जा रहा था कि कुटलैहड़ की राजनीति में उनका प्रभाव पहले जैसा नहीं रहा, लेकिन इस रोष रैली ने उन सभी अटकलों पर विराम लगा दिया। रैली में उमड़ी भीड़, कार्यकर्ताओं का उत्साह और जनसमर्थन यह संकेत दे रहा था कि वीरेंद्र कंवर आज भी कुटलैहड़ के स्थापित और प्रभावशाली नेताओं में गिने जाते हैं। कुटलैहड़ के बंगाणा में रोष रैली का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली के खिलाफ विरोध दर्ज कराना था। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, विकास कार्यों की धीमी रफ्तार और क्षेत्रीय उपेक्षा जैसे मुद्दों को लेकर कार्य कर्ताओं और आम जनता में खासा रोष देखने को मिला। वीरेंद्र कंवर ने अपने संबोधन में सरकार पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुटलैहड़ जैसे क्षेत्रों को विकास के मामले में लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है।



प्रदेश सरकार के खिलाफ निकाली गई जनाक्रोश रैली में पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर अपने समर्थकों के साथ।

## भविष्य में सक्रिय राजनीति के संकेत

**बंगाणा** की इस शक्ति प्रदर्शन के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि वीरेंद्र कंवर की आगामी राजनीतिक भूमिका क्या होगी। क्या वे फिर से सक्रिय राजनीति में बड़ी भूमिका निभाएंगे, या यह केवल सरकार के खिलाफ जनभावनाओं को एक मंच देने का प्रयास था? हालांकि, जिस तरह से रैली का आयोजन हुआ और जिस स्तर का समर्थन देखने को मिला, उससे यह तय माना जा रहा है कि कुटलैहड़ की राजनीति में वीरेंद्र कंवर को नजरअंदाज करना किसी भी राजनीतिक दल के लिए आसान नहीं होगा।

## भाजपा मंडल की मनाही पर हजारों कार्यकर्ताओं का निकला रैली में हुजूम

**बंगाणा** की इस पूरे घटनाक्रम में सबसे ज्यादा चर्चा का विषय कुटलैहड़ भाजपा मंडल की कथित मनाही बना। बताया जा रहा है कि मंडल स्तर पर इस रैली को लेकर स्पष्ट समर्थन नहीं था, बल्कि कुछ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को इससे दूरी बनाए रखने की सलाह भी दी थी। इसके बावजूद हजारों की संख्या में कार्य कर्ताओं का रैली में पहुंचना यह दर्शाता है कि जमीनी स्तर पर वीरेंद्र कंवर की स्वीकार्यता आज भी बनी हुई है। कार्यकर्ताओं ने खुलकर यह संदेश दिया कि वे नेतृत्व को केवल संगठनात्मक पदों से नहीं, बल्कि जनसेवा और संघर्ष के आधार पर आंकते हैं।

## कुटलैहड़ भाजपा संगठन के लिए खतरे की घंटी बनी वीरेंद्र कंवर की रैली

**बंगाणा** के राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि यह शक्ति प्रदर्शन कुटलैहड़ भाजपा मंडल के लिए कहीं न कहीं खतरे की घंटी साबित हो सकता है। यदि संगठन और जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच इस तरह का अंतर बना रहता है, तो इसका असर आगामी चुनावों और राजनीतिक रणनीति पर पड़ सकता है। वीरेंद्र कंवर का यह प्रदर्शन यह भी संकेत देता है कि पार्टी के भीतर नेतृत्व को लेकर असंतोष या पुनर्संयोजन की संभावनाएं बन रही हैं। रोष रैली में पहुंचे समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। दूर-दराज के गांवों से लोग अपने-अपने साधनों से रैली में पहुंचे। कई कार्यकर्ताओं का कहना था कि वीरेंद्र कंवर ही ऐसे नेता हैं जिन्होंने हमेशा कुटलैहड़ की आवाज को विधानसभा और सरकार तक पहुंचाया। समर्थकों ने नारेबाजी के माध्यम से यह स्पष्ट कर दिया कि वे आने वाले समय में भी वीरेंद्र कंवर को एक मजबूत नेतृत्व के रूप में देखना चाहते है।

# कुटलैहड़ के एक विधायक को पेंशन की दूसरे को कुर्सी की चिंता: वीरेंद्र कंवर

अनंत ज्ञान, बंगाणा


जनाक्रोश रैली के दौरान पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने प्रदेश सरकार पर बोला हल्ला।

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की अनदेखी और जनता की समस्याओं को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ जन आक्रोश लगातार तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में राज्य सरकार की जन आक्रोश रैली के दौरान कुटलैहड़ के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कुटलैहड़ के पूर्व विधायक को केवल पेंशन की चिंता है और वर्तमान विधायक को कुर्सी बचाने की, जबकि कुटलैहड़ की जनता को पूरी तरह भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है।

उन्होंने कहा कि अगर समय रहते रुके हुए विकास कार्य पूरे नहीं किए गए तो कुटलैहड़ में बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा। वीरेंद्र कंवर ने एसडीएम बंगाणा के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपते हुए राज्य सरकार को एक माह का समय दिया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह कोई राजनीतिक प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह कुटलैहड़ की जनता की वास्तविक आवाज है। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें अपनी समस्याएं उठाने की जिम्मेदारी दी है और वे हर हाल में इस जिम्मेदारी को निभाएंगे। रैली को संबोधित करते हुए वीरेंद्र कंवर ने कहा कि वे पिछले बीस वर्षों से सक्रिय राजनीति में हैं और उन्हें लोग चुनाव या राजनीति करने नहीं, बल्कि काम करवाने के लिए बुलाते हैं। उन्होंने कहा, 'घी अगर सीधी उंगली से न निकले तो उंगली टेढ़ी करनी पड़ती है।' इस कहावत के माध्यम से उन्होंने यह संकेत दिया कि यदि सरकार और प्रशासन ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया, तो आंदोलन का रास्ता अपनाना मजबूरी होगी। पूर्व मंत्री ने कुटलैहड़ में कानून-व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ में किसी भी सूरत में गुंडाराज पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में प्रशासनिक ढील और राजनीतिक संरक्षण के कारण असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ रहे हैं, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। वीरेंद्र कंवर ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर भी तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस नेता ने झूठी गारंटियों के सहारे 32 वर्षों का 'सूखा' खत्म करने का दावा किया था, वही नेता अपने 14 माह के विधायकी कार्यकाल में एक भी ठोस गारंटी जमीन पर उतारने में विफल रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर उन गारंटियों का क्या हुआ, जिनके दम पर जनता से वोट मांगे गए थे। उन्होंने कहा कि आज तक दस प्रमुख गारंटियां पूरी नहीं की गई और विकास कार्य अधूरे पड़े हुए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पालकवाह में बच्चों को नवाजेंगे उपमुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 23 दिसंबर, मंगलवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पालकवाह के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम पालकवाह स्थित स्किल डेवलपमेंट सेंटर के ऑडिटोरियम में प्रातः 10.30 से आरंभ होगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अकादमिक, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित करेंगे तथा शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित भी करेंगे।

### कुक प्रतियोगता में लोहारा की शीला प्रथम

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** प्राथमिक शिक्षा खंड गगरेट दो के तहत पड़ते राजकीय प्राथमिक स्कूल मुबारिकपुर के तत्वाधान में खंड स्तरीय कुकिंग समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 11 स्कूलों के मिड-डे मिल वर्कर्स ने भाग लिया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रतियोगता का उद्देश्य विद्यालय में कार्यरत कुक कम हेल्पर के खाना बनाने की कौशलता को प्रोत्साहित करना दोपहर को बच्चों को खाना खिलाने की गुणवत्ता में निखार लाना है। प्रतियोगता के दौरान प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न प्रकार के पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजन प्रस्तुत कर अपने खाना बनाने की योग्यता को प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल द्वारा व्यजनों का मूल्यांकन, गुणवत्ता,स्वच्छता,एवं प्रस्तुति के आधार पर किया गया।प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक स्कूल लोहारा की कुक शीला देवी ने प्रथम स्थान हासिल किया,जबकि राजकीय प्राथमिक स्कूल मुबारिकपुर की कुक शीला देवी ने द्वितीय,स्थान हासिल किया।इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जो प्रतिभागी उच्च स्थान हासिल करने में वंचित रह गए हैं।भविष्य में उम्मीद है कि वह भी कड़ा परिश्रम कर उच्च स्थान हासिल पाने में सफल होंगे।इस मौके पर सी,एच,टी राज कुमार, मोनू हरियाल, मनू टीजीटी भी उपस्थित रहे।

### शिवालिक स्कूल में सजा वार्षिक पारितोषिक समारोह

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** शिवालिक स्मार्ट किड्स स्कूल नारी चिंतपूर्णी का पहला वार्षिक पारितोषिक कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमडी सिविल हॉस्पिटल चिंतपूर्णी डॉ. राजेश कुमार ने सरस्वती माता का दीप प्रज्वलित कर किया। एसएचओ थाना चिंतपूर्णी जयराम शर्मा विशेष अतिथि रहे। स्कूल प्रबंधन ने गणमान्य व्यक्तियों का सम्मान किया। एमडी मलकीत सिंह राणा ने घोषणा की कि अगले सत्र 2026-27 से छठी से आठवीं तक की कक्षाएं शुरू होंगी और बच्चों को फोन व ट्यूशन से दूर रखने की अपील की। छात्रों ने भारतीय सेना पर प्रस्तुति और गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसे अभिभावकों और गणमान्य लोगों ने सराहा।

### नानकी देवी ने पोषण व जागरूकता पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** समेकित बाल विकास परियोजना ऊना के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धमांदरी में खंड स्तरीय मासिक धर्म स्वच्छता और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता पर्यवेक्षक नानकी देवी ने की। उन्होंने पोषण के महत्व, किशोरियों और महिलाओं के लिए सही खान-पान और अच्छे व बुरे स्पर्श के प्रति जागरूकता पर जोर दिया। आयुर्वेदिक विभाग से डॉ. हेमंत कुमार ने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता, संतुलित आहार और एनीमिया से बचाव पर जानकारी दी। शिविर में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें इशिता देवी प्रथम, ऐंजल द्वितीय और नवनीत तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महिला मंडल प्रधान शिवाली धीमान, विद्यालय के अध्यापक-शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# ऊना को सुव्यवस्थित, सुरक्षित व विकास का मानक जिला बनाने में करें सहयोग: डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना


डीसी व्यापार मंडलों व विभिन्न व्यावसायिक इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए।

उपायुक्त जतिन लाल ने ऊना को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और विकास के मानक जिले के रूप में विकसित करने के लिए सभी जिलावासियों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने संवाद और सहयोग के माध्यम से व्यापारिक हितों तथा जनसुविधा के बीच व्यावहारिक संतुलन बनाने पर बल दिया।

उपायुक्त सोमवार को डीआरडीए हॉल ऊना में जिले के व्यापार मंडलों एवं विभिन्न व्यावसायिक इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में राज्य व्यापार मंडल अध्यक्ष सुमेश कुमार शर्मा, राज्य महामंत्री राकेश कैलाश, शहरी व्यापार मंडल ऊना के प्रधान प्रिंस राजपूत, संयुक्त व्यापार संगठन अध्यक्ष अश्वनी जैतिक सहित गगरेट, दौलतपुर और मेहतपुर व्यापार मंडलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान व्यापारियों ने ऊना शहर सहित जिले के प्रमुख बाजारों में लागू नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग ज़ोन व्यवस्था को लेकर अपने सुझाव और व्यावहारिक समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं।

उपायुक्त ने व्यापारियों की बातों को गंभीरता से सुना और स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य किसी को असुविधा पहुंचाना नहीं, बल्कि शहर की व्यवस्था को बेहतर बनाना है। ऊना जिले का व्यापारी वर्ग उनके लिए परिवार के सदस्यों के समान है और उनकी समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। व्यापारियों की व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सकारात्मक सुझावों पर विचार किया जा रहा है, ताकि अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके। उपायुक्त ने कहा कि बाजारों में सुव्यवस्था अत्यंत आवश्यक है, ताकि वहां आने वाले नागरिकों को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिल सके। साथ ही जनसुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्रमुख जिम्मेदारी है। इसके तहत सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन, पैदल चलने वाले नागरिकों की सुरक्षा, सुगम यातायात व्यवस्था और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# स्कूल लेक्चरर संघ ने शिक्षा सचिव का किया आभार व्यक्त

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ की वर्षों से लंबित मांग को पूरा करते हुए सोमवार को शिक्षा सचिव द्वारा शिक्षा संहिता से शिक्षक डायरी को अनिवार्य रूप से रखने का नियम खत्म कर दिया गया है। इस निर्णय से प्रदेश के स्कूल प्रवक्ताओं में खुशी की लहर है। इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने शिक्षा सचिव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि शिक्षक डायरी को अनिवार्य बनाए जाने से शिक्षकों पर अतिरिक्त प्रशासनिक बोझ बढ़ रहा था, जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा था। संघ ने विश्वास जताया है कि इस फैसले से शिक्षक अब अपने मुख्य दायित्व, यानी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर अधिक ध्यान दे सकेंगे।

# राष्ट्रीय थ्रो बाल चैंपियनशिप के लिए हिमाचल टीम का अभ्यास शिविर संपन्न


सब जूनियर थ्रोबॉल टीम के साथ विधायक और अन्य गणमान्य।

अनंत ज्ञान, ऊना

बनारस (वाराणसी) में आयोजित होने वाली 33वीं सब जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल चैंपियनशिप के लिए हिमाचल प्रदेश की सब जूनियर थ्रोबॉल टीम का सघन अभ्यास शिविर सोमवार को बंगाणा में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।

चयनित खिलाड़ियों ने पूरे जोश, अनुशासन और खेल भावना के साथ अभ्यास किया। अभ्यास शिविर के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने किया। विधायक ने स्वयं अभ्यास सत्र का अवलोकन कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अभ्यास शिविर के दौरान खिलाड़ियों ने अपने कौशल, अनुशासन और टीम भावना का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए यह साबित किया कि वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास के बल पर खिलाड़ियों ने खेल के मैदान में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि खेल ने भी कुछ ही समय में अच्छी पहचान बनाई है। इस अवसर पर एसडीएम सोनू गोयल, बीडीओ केएल वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंडित रामआसरा शर्मा, पंडित ज्ञान चंद समेत कई लोग मौजूद थे।

# अनाथ होकर भी नहीं मानी हार, सोनल बनी डॉक्टर

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली विधानसभा क्षेत्र के गांव बीटन से ताल्लुक रखने वाली एक साधारण परिवार की बेटी सोनल ने अपनी मेहनत व दृढ़ संकल्प से पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कठिन परिस्थितियों के बावजूद सोनल ने सफलता की एक मिसाल कायम की है। बताया जा रहा है कि सोनल के माता-पिता दोनों अब इस दुनिया में नहीं हैं। उनके पिता नरेश चंद एक निजी कंपनी में कार्यरत थे, जिनका करीब 11 वर्ष पहले अचानक निधन हो गया था। पति के निधन के मात्र चार महीने बाद ही माता नीलम देवी का भी देहांत हो गया। इसके बाद सोनल और उनके भाई सुखविंद्र पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सोनल ने गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल चंडीगढ़ से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है। उनका चयन जीएमसीएच-32, चंडीगढ़ में एमडी के लिए भी हो गया है।



# ऊना कॉलेज में राष्ट्रीय गणित दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया

अनंत ज्ञान, ऊना

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना में सोमवार को राष्ट्रीय गणित दिवस बड़े उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीता शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणित सोसायटी की समन्वयक डॉ. रंजू बनोता द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों के विधिवत स्वागत के साथ किया गया। इसके पश्चात गणित विषय पर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 15 विद्यार्थियों ने गणित के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा गणित विषय पर आधारित एक रोचक स्किट भी प्रस्तुत की गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता में शिवम ने प्रथम स्थान, प्राची ने द्वितीय स्थान तथा सर्वजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि डॉ. मीता शर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को गणित के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें इस प्रकार की शैक्षणिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

**विद्यार्थियों ने गणित विषय पर आधारित एक रोचक स्किट भी प्रस्तुत की**

प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडल में शामिल डॉ. मदन, डॉ. प्रोमिला एवं डॉ. शाम सिंह द्वारा अत्यंत सूक्ष्मता एवं निष्पक्षता से किया गया। इस अवसर पर प्रो पुनीत कंवर, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. संजय वर्मा, प्रो शशि कंवर, डॉ. मोनिका ठाकुर, डॉ. श्रेयसी तथा गणित विभाग से डॉ. मोनिका खन्ना एवं डॉ. जगमोहन उपस्थित रहे। इस समारोह में लगभग 120 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# पूर्व मुख्याध्यापकों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, ऊना


हिमाचल प्रदेश मुख्याध्यापक एवं अधिकारी संवर्ग की जिला इकाई की बैठक का आयोजन।

जिले में हिमाचल प्रदेश मुख्याध्यापक एवं अधिकारी संवर्ग की जिला इकाई की बैठक का आयोजन किया गया।

इसमें जिला के गतवर्ष सेवानिवृत्त हुए नरेश शर्मा, बलदेव राज, राकेश शर्मा, कश्मीर सिंह, मनोहर लाल, अल्का कपिला,शशी कुमारी,सतीश कुमार, विजय कुमार, मोहन लाल सहित लगभग 25 मुख्याध्यापक एवं प्रधानाचार्य साथियों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रदान की गई उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त साथियों ने अपने अनुभव सदन के साथ साझा किए। इस अवसर पर सेवानिवृत्त साथियों के साथ शिक्षा को और उन्नत बनाने की दिशा में किए जा सकने वाले कार्यों पर चर्चा की गई। इसी अवसर पर अपना कार्यकाल पूरा कर चुकी जिला की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया तथा राज्य कार्यकारिणी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक बिशन दास मल्होत्रा एवं अजय शर्मा (पूर्व संघ पदाधिकारियों) की देखरेख में द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न करवाए गए। लंबी बातचीत के उपरांत सर्वसम्मति से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंदली में कार्यरत प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह चौहान को जिला अध्यक्ष, राजकीय उच्च विद्यालय दियोली में कार्यरत मुख्याध्यापक विवेक दत्ता को जिला महासचिव, राजकीय उच्च विद्यालय धलवाड़ी में कार्यरत मुख्याध्यापक सुधीर गौतम को जिला वरिष्ठ उपप्रधान एवं राजकीय उच्च विद्यालय धर्मशाला महंतां में कार्यरत मुख्याध्यापक अजय कुमार को संयुक्त सचिव चुना गया। इस अवसर पर सदन में दिलबाग सिंह, वजिंद्र, नरेश जसवाल, विवेक राणा, संजय धीमान,नरेश ठाकुर, सुधीर गौतम, सुरेश भारती, अनिल, बख्शी,अमर सिंह, अजय कुमार, विवेक दत्ता, अशोक धीमान, अश्विनी शर्मा,सुरेश, हरिकृष्ण, देवेंद्र चौहान सहित लगभग 45 मुख्याध्यापक एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे और सर्वसम्मति से सदन ने बाकी जिला कार्यकारिणी चुनने का अधिकार इन नवनियुक्त साथियों को सौंप दिया।

# टीसीपी विभाग के नियम चिंतपूर्णी के लोगों को नहीं आ रहे रास

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी

हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चिंतपूर्णी के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीसीपी) विभाग द्वारा लागू किए गए नए डेवलपमेंट प्लान के नियमों को लेकर स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अभाव में ग्रामीणों को नए बिजली मीटर और पानी के कनेक्शन लेने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार द्वारा नियम आम जनता के जीवन को सरल बनाने के लिए बनाए जाने चाहिए, न कि परेशानी का सबब।

टीसीपी विभाग ने चिंतपूर्णी क्षेत्र के लिए डेवलपमेंट प्लान तो लागू कर दिया है, लेकिन आम जनमानस, विशेषकर ग्रामीण इलाकों में रहने वालों को, इन नियमों की पर्याप्त जानकारी नहीं है। जागरूकता की कमी के कारण, लोग आवश्यक दस्तावेजीकरण और प्रक्रिया को समझे बिना आवेदन करते हैं, जिससे उन्हें निराशा हाथ लगती है। विभाग का मुख्य कार्यालय ऊना में स्थित है, जो ग्रामीणों के लिए एक अतिरिक्त परेशानी है। चिंतपूर्णी में विभाग का कोई स्थायी कार्यालय नहीं है; केवल शनिवार को एक जेई रैंक का अधिकारी यहां बैठता है। ऐसे में हफ्ते के बाकी दिन लोगों को अपने काम के लिए ऊना तक की यात्रा करनी पड़ती है। इससे भी बड़ी समस्या आर्किटेक्ट (वास्तुकारों) द्वारा ली जाने वाली फीस है। ग्रामीणों को टीसीपी अप्रूवल के लिए नक्शा बनवाने हेतु आर्किटेक्ट की मदद लेनी पड़ती है, लेकिन सरकार द्वारा फीस तय न होने के कारण आर्किटेक्ट मनमानी फीस वसूल रहे हैं, जिससे लोगों की जेब ढीली हो रही है।

### वास्तुकारों की फीस सरकार तय नहीं कर सकती: धर्माणी

**इस** विषय में टाउन कंट्री प्लानिंग मिनिस्टर राजेश धर्माणी से बात की गई, तो उन्होंने स्वीकार किया कि वास्तुकारों की फीस सरकार तय नहीं कर सकती। अगर किसी वास्तुकार का किसी अधिकारी के साथ नक्शा पास करने के लिए गठ जोड़ है तो आम लोग इसकी शिकायत उनके साथ करें तत्काल कार्रवाई की जाएगी अधिकारी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

**आयोजन** विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में मेडिटेशन पर आधारित व्याख्यान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# विश्व शांति, भाईचारा और जीवन मूल्यों को अपनाने का संदेश

अनंत ज्ञान, ऊना

संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय विश्व ध्यान दिवस घोषित किया गया है। इस उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ऊना केंद्र द्वारा स्थानीय बचत भवन के ऑडिटोरियम उपायुक्त कार्यालय के अधिकारियों व समस्त कर्मचारियों के लिए मेडिटेशन पर व्याख्यान आयोजन किया गया।

इसमें ब्रह्माकुमारीज की जिला प्रभारी आशा दीदी, मैहतपुर केंद्र की प्रभारी बबिता बहन, सह प्रभारी अवदेश भाई का उद्बोधन हुआ। जिला प्रशासन की ओर से सहायक आयुक्त वीरेंद्र शर्मा (एचएएस), उपमंडल दंडाधिकारी अभिषेक मित्तल (एचएएस), विनय मोदी (एचएएस) व ऊनकोफैड के चेयरमैन राजेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में उपायुक्त कार्यालय के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों व अधिकारियों ने भाग लिया। इस आयोजन का विधिवत उद्घाटन उपमंडल दंडाधिकारी अभिषेक मित्तल ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने ने ध्यान योग के ऊपर विचार रखते हुए कहा कि हम अपने लिए समय निकालना है। अपनी माईड, बॉडी व आत्मा में समजंस बनाकर एकाग्रता से अपने कार्यों को दक्षता से कर सकते हैं। इससे हम बेहतर जीवन व सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकते हैं। ब्रह्माकुमार अवदेश भाई ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आध्यात्मिक, शैक्षणिक, मौलिक, समाजिक सेवा एवंयोग प्रशिक्षण संस्थान है जोकि विश्व के 145 देशों मेंअपने हजारों सेवा केंद्रों के माध्यम से शांति, सद्भावना एंव चरित्र निर्माण के लिए सेवाएं दे रहे हैं। इसका अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान में स्थित है। संस्था युनिसेफ तथा यूनाइटेड नेशंस के आर्थिक एंव समाजिक परिषद में सलाहकार का दर्जा प्राप्त है। उन्होंने बताया कि मन को स्वस्थ रखने के लिए हमें तीन चीजों की आवश्यकता है। इसमें शुद्ध भोजन, आराम, एक्सरसाइज व चिंतन हैं। इन चीजों का सम्बंध हमारी मानसिक व आध्यात्मिक स्थिति से जुड़ा हैं। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ केंद्र की जिला प्रभारी आशा दीदी ने अपने संदेश में कहा कि विश्व ध्यान दिवस मानवता की सेवा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इसका थीम विश्व एकता एंव विश्वास से विश्व में शांति स्थापित करना हैं, ताकि पूरी मानव जाति सुखमय व आपसी भाईचारे से मानव मूल्यों को अपना सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में संघर्ष और तनाव बढ़ रहे हैं। ऐसे में विश्व ध्यान योग के माध्यम से हर व्यक्ति को आत्मचिंतन, आत्मबल और आंतरिक शांति प्राप्त करने की प्रेरणा मिलेगी और इस वैश्विक प्रयास से भारत के प्राचीन सिद्धांत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना समूचे विश्व में जागृत होगी। मैहतपुर केंद्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी बबिता बहन ने प्रभावी विचार सांझा करते हुए प्रार्थना और मैडीटेशन में अंतर की व्याख्या करते हुए बताया कि प्रार्थना से हम भगवान से अपनी बात प्रार्थना से मन्दिर में जाकर हाथ जोड़ कर अपनी बात कहते हैं, जबकि मैडीटेशन से हम भगवान से अपनी बातें करते हैं। अपनी बात भगवान को सुनाते हैं और उनकी बात को सुनते हैं। मैडीटेशन में हम साइलेंस में बैठते हैं तो कुछ हम कहते हैं और फिर साइलेंस हो कर हम भगवान को सुनते हैं कि वह क्या कह रहा है। राजयोग मैडीटेशन द्वारा सहनशक्ति समाने, प्रखरने, निर्णय, सहयोग, सामना करने आदि की सर्व शक्तियों की प्राप्ति होती है। इस कार्यक्रम का समापन सहायक आयुक्त वीरेंद्र शर्मा ने करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा विश्व में शांति, भाईचारे व सत् मार्ग के जीवन मूल्यों को अपनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अपनी जीवन शैली में आत्मिक संतुष्टि हर व्यक्ति की धारणा अलग अलग हैं, लेकिन विवेक से इसका निर्धारण कर जीवन मूल्यों को अपनाकर अच्छा व सफल जीवनयापन कर सकते हैं।



विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए।

# एंटी चिट्टा अभियान के बारे में जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** एसडीडब्ल्यूजी राजकीय महाविद्यालय, बीटन में चल रहे एनएसएस विशेष सात दिवसीय शिविर के छठे दिन का आयोजन 'नशा मुक्त युवा, उत्पीड़न मुक्त समाज' थीम के अंतर्गत किया गया। इस दिन का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों तथा यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुनील कुमार, एसएचओ हरोली ने विद्यार्थियों को एंटी चिट्टा अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने तथा समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने सामाजिक ढांचे एवं कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनों की जानकारी भी दी तथा ऐसे मामलों की रोकथाम, कानूनी प्रावधानों और शिकायत प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और सम्मानजनक वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान के उपरांत एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय के प्रवेश द्वार एवं मुख्य गेट क्षेत्र का सौंदर्यीकरण किया गया। स्वयंसेवकों ने सफाई एवं सजावट कर परिसर को आकर्षक रूप प्रदान किया।

# कुल्लू की देव संस्कृति का अद्भुत संगम

## नग्गर व बड़ाग्रां में 'गनेड़' उत्सव की धूम, रस्सा दौड़ में जाणा फाटी की जीत से सुख-समृद्धि की आस

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के धरोहर गांव नग्गर व बड़ाग्रां में प्राचीन देव परंपरा का निर्वहन करते हुए 'गनेड़' उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त किया।

नगर में आयोजित इस उत्सव का मुख्य आकर्षण नग्गर फाटी और जाणा फाटी के लोगों के बीच हुई ऐतिहासिक 'रस्सा दौड़' रही, जिसमें जाणा फाटी के लोगों ने विजय प्राप्त की। इस पारंपरिक दौड़ को लेकर मान्यता है कि जिस वर्ष जाणा फाटी की जीत होती है, उस साल फसलें लहलहाती हैं और क्षेत्र में सुख-समृद्धि का वास होता है। पिछले 300 वर्षों से भी अधिक समय से चली आ रही यह रीत महज एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अटूट धार्मिक आस्था का प्रतीक है। इस परंपरा को पूरा करने के लिए जाणा गांव के देवता जीव नारायण अपने हरियानों सहित विशेष रूप से नग्गर पहुंचे, क्योंकि देवता की उपस्थिति के बिना इस प्रथा को अधूरा माना जाता है।


उझी घाटी के नग्गर व बड़ाग्रां में गनेड़ उत्सव के दौरान परंपराओं का निर्वहन करते हुए।

### धार्मिक अनुष्ठान व अश्लील दोहों की अनोखी रीत

**नग्गर** गनेड़ में अधिष्ठात्री देवी माता त्रिपुरा सुंदरी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहती है। माता के कारदार जोगिंद्र आचार्य ने बताया कि इस प्राचीन उत्सव के दौरान माता के जठली के सिर पर 'रणका' नामक बकरे के सींग लगाए जाते हैं और उन्हें मूसल पर बैठाकर पारंपरिक 'अश्लील दोहे' बोले जाते हैं। हालांकि, सुनने में यह अजीब लग सकता है, लेकिन यह पूरी प्रक्रिया एक गहरी धार्मिक मर्यादा व प्राचीन रीत का हिस्सा है, जिसे आज भी उसी श्रद्धा के साथ निभाया जा रहा है। लोक मान्यताओं के अनुसार, इन अनुष्ठानों का उद्देश्य बुराइयों को दूर करना और प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना है।

### बड़ाग्रां में नाग पूजा और 'गुण' दौड़ का आयोजन

**बड़ाग्रां** गांव में भी देव परंपरा के अनुसार गनेड़ उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। स्थानीय निवासी संजय ठाकुर, लाल चंद कटोच और अन्य ने बताया कि यह उत्सव मूल रूप से प्राचीन 'कुलुत देश' में नाग देवताओं के साम्राज्य व उनकी पूजा पद्धति से जुड़ा है। यहां 'नागहेड़' के रूप में पराली से बने कई फीट लंबे सांप (नाग) के स्वरूप को, जिसे स्थानीय भाषा में 'गुण' कहा जाता है, उसे लेकर दो गांवों के बीच दौड़ लगाई जाती है। इस दौड़ में देवलु गिरते-पड़ते अपनी जीत सुनिश्चित करते हैं, जो नाग देवताओं के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा को दर्शाता है। नग्गर व बड़ाग्रां दोनों ही स्थानों पर एक ही दिन आयोजित होने वाले इन उत्सवों ने कुल्लू की समृद्ध देव संस्कृति की जीवंतता को एक बार फिर प्रमाणित किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएससी टेली लॉ से घर बैठे मुफ्त कानूनी सलाह

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू जिले में सीएससी टेली लॉ योजना के तहत अब ग्रामीण क्षेत्रों के लोग घर बैठे मुफ्त कानूनी सलाह ले सकते हैं। जिला प्रबंधक प्रवीण ठाकुर ने बताया कि जिले के सभी कॉमन सर्विस सेंटरों पर यह सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। योजना के तहत प्रशिक्षित वीएलई लाभार्थियों का पंजीकरण करेंगे और निर्धारित समय पर उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंस या फोन कॉल के माध्यम से पैनल वकील से जोड़ेंगे। इस सेवा में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, श्रम और रोजगार संबंधी मुद्दों सहित आपराधिक मामलों पर प्रारंभिक कानूनी सलाह दी जाएगी। इच्छुक लाभार्थी अपने नजदीकी सीएससी केंद्र पर आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र के साथ पंजीकरण कर सकते हैं। प्रवीण ठाकुर ने बताया कि योजना के तहत गरीब, महिलाएं, वृद्ध और दूरदराज के लोग न्यायिक व्यवस्था से जुड़कर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होंगे। पात्र लाभार्थियों के लिए सेवा पूर्णतः निशुल्क है।

### संस्था के आगामी कार्यक्रमों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सूत्रधार कला संगम कुल्लू की कार्यकारिणी बैठक सोमवार को सूत्रधार भवन में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नव-नामित सदस्यों कैप्टन रणधीर सल्लुरिया और धर्मेंद्र शर्मा का स्वागत किया गया। बैठक में संस्था के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई और वरिष्ठ सदस्य सुन्दर श्याम को प्रचार-प्रसार प्रभारी तथा धर्मेंद्र शर्मा को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया। अध्यक्ष दिनेश सेन ने जानकारी दी कि जून 2026 में संस्था अपना 49वां स्थापना वर्ष पूर्ण कर स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश करेगी। वर्ष भर सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव, गुरु पूर्णिमा महोत्सव, मल्हार उत्सव, होली संध्या, डासिंग डैफोडिल्स, नव संवत्सर समारोह सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में एक ऑडियो-वीडियो एलबम और सांस्कृतिक सफर पर आधारित डॉक्यूमेंटरी बनाने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, 3 जनवरी 2026 को कुल्लवी लोकनृत्य कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा खड़ीयात, तरास, बांठड़ा, ढीली नाटी, गोरखा नाटी, तिनकी एवं लालड़ी की शैलियों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

### कुराश प्रतियोगिता में हिमाचल का दमदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में 16 से 20 दिसंबर 2025 तक आयोजित कुराश राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया। हिमाचल की टीम ने दो स्वर्ण, तीन रजत और दस कांस्य पदक सहित कुल 15 पदक जीतकर प्रतियोगिता में अपनी श्रेष्ठता साबित की। प्रतियोगिता में अंडर-19, अंडर-17 और अंडर-14 आयु वर्ग के 48 खिलाड़ी (24 लड़के और 24 लड़कियां) शामिल थे। स्वर्ण पदक विजेता रहे आर्यन (माइनस 73 किग्रा) और पुलकित ठाकुर (25 किग्रा), जबकि कुनाल जे. नाथ, खुशबू और याचना ने रजत पदक जीत टीम को मजबूती दी। इशिता, दमिक्षा, नक्ष जसवाल, आरिशय नेगी, आरुषि, शिवांश, जैस्मिन, शुभम, शौर्य और वीर सिंह यादव ने कांस्य पदक हासिल किए। एचओडी एवं अंतरराष्ट्रीय रेफरी हरदेव सिंह ने बताया कि हिमाचल में कुराश खेल की शुरुआत पिछले वर्ष हुई थी, लेकिन बच्चों ने तकनीकी प्रशिक्षण और समर्पण के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रदेश शिक्षा विभाग के सहयोग की सराहना की और भविष्य में खिलाड़ियों से और उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

### मनरेगा मजदूरों का हक डकार गई कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** प्रदेश में मनरेगा योजना की जगह 'जी राम जी' योजना को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के बयान पर भाजपा ने कड़ा रुख अपनाया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि इस योजना का विरोध कांग्रेस की सनातन विरोधी मानसिकता और आर्थिक कुप्रबंधन को छिपाने का एक प्रयास है। कपूर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में मनरेगा योजना कांग्रेस सरकार की नाकामी के कारण पूरी तरह विफल हो चुकी है और लोग इसके लाभ से वंचित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा मजदूरों की 320 दिहाड़ी में से 247 का केंद्रीय हिस्सा तो मिल रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार का ₹73 का हिस्सा कई महीनों से खाते में नहीं आया। उन्होंने सवाल किया कि जो सरकार अपने जिम्मेदारियों में नाकाम है, वह 'जी राम जी' योजना का विरोध कैसे कर सकती है। उन्होंने बताया कि 'जी राम जी' योजना में 125 दिन का रोजगार और 7 दिन में भुगतान की गारंटी है, जबकि मनरेगा में 100 दिन रोजगार और 15 दिन में भुगतान होता है, जो वर्तमान सरकार की विफल व्यवस्था पर करारा तमाचा है। कपूर ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी 10 झूठी गारंटियों की विफलता और बाढ़ पीड़ितों की अनदेखी से जनता का ध्यान भटकाने के लिए राम नाम का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने सरकार से मजदूरों का रुका हुआ भुगतान तुरंत जारी करने और जनता को दिए वादे पूरे करने की मांग की।

### आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विचार-विमर्श किया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू स्थित गांधीनगर में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला कुल्लू की परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चंद्रा पदान ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील नेगी और विशेष अतिथि पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर रहे। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया और मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि का पारंपरिक खटक पहनाकर स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष चंद्रा पदान ने कहा कि बैठक का उद्देश्य संगठन को सशक्त करना और जनजातीय समाज के उत्थान के लिए पार्टी के कार्यों पर चर्चा करना है। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए मजबूत आधारशिला रखी। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, संचार और रोजगार जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पहलें बताईं। उन्होंने अटल जी द्वारा प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं की शुरुआत और मोदी सरकार द्वारा उन्हें और मजबूत करने की बात की। प्रदेश अध्यक्ष सुनील नेगी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाया जाए। बैठक में संगठनात्मक विषयों और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी नरोत्तम ठाकुर, महामंत्री भगवान दास नेगी सहित मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाजसेवा व पर्यावरण संरक्षण में मिसाल बने लोगों को किया सम्मानित


एसोसिएशन ने मनाली में आयोजित समारोह में समाजसेवियों को किया सम्मानित।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

समाज और पर्यावरण के क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को मनाली में आयोजित एक सादे समारोह में सम्मानित किया गया। यह सम्मान नॉर्थ इंडिया पत्रकार एसोसिएशन की ओर से दिया गया, जिसका उद्देश्य समाज में सकारात्मक कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करना और उनसे अन्य लोगों को प्रेरणा देना रहा। सम्मान समारोह में नॉर्थ इंडिया पत्रकार एसोसिएशन के ब्रांड एंबेसडर किशन लाल ने अपने समाजसेवियों को सम्मानित किया।

पर्यावरण संरक्षण व समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने वाले डीडी ठाकुर को नॉर्थ इंडिया पत्रकार एसोसिएशन अवार्ड से नवाजा गया। आपदा के कठिन समय में साथियों के साथ मिलकर मार्गों को खोलने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बुद्धि प्रकाश को भी इस सम्मान से सम्मानित किया गया। मेडिकल सेवाओं व पौधारोपण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले केवल राम को भी यह अवार्ड प्रदान किया गया। वहीं, गरीब व असहाय बच्चों की शिक्षा में निरंतर सहयोग करने के लिए मेंहदी रत्ता को सम्मानित किया गया। समाज के जरूरतमंद वर्ग की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले छेरिंग डदुप और रोटरी क्लब के प्रधान प्रेम चंद को भी इस अवसर पर सम्मान मिला। प्रेम चंद वर्षों से लाचार व मोहताज लोगों की सेवा में समर्पित हैं। किशन लाल ने कहा कि नॉर्थ इंडिया पत्रकार एसोसिएशन समाज व पर्यावरण के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित कर उनके हौसले को बढ़ाने का कार्य करती है। वहीं, नॉर्थ इंडिया पत्रकार एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष धनेश गौतम ने बताया कि यह अभियान पिछले चार वर्षों से लगातार चलाया जा रहा है।

# देह व्यापार में संलिप्त 3 महिलाओं सहित दो दलाल काबू

## मनाली में विंटर सीजन के गति पकड़ते ही तेजी से पनपने लगा देह व्यापार

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में पुलिस ने देर रात देह व्यापार के अवैध धंधे का खुलासा किया है। पुलिस ने मनाली के रामबाग चौक पर तीन महिलाओं और दो दलालों को पकड़ा है। यहां पर ये डील कर रहे थे, इस दौरान पुलिस ने इन्हें रंगेहाथ पकड़ लिया। पुलिस ने पंचों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। रात को थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक पुलिस टीम क्षेत्र में नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान रामबाग चौक, मनाली क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं। पुलिस ने तत्काल दबिश दी और सभी को धर दबोचा।

पुलिस ने मौके से सूरज निवासी कठुआ जम्मू कश्मीर व विश्वदेव जिला कुल्लू को देह व्यापार का संचालन करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इस मामले में पुलिस ने संतोष, संदीप कौर और कविता खान नामक तीन महिलाओं को भी आरोपित बनाया है, जो इस अवैध धंधे में सहयोगी पाई गईं। सभी आरोपितों को हिरासत में लेकर धारा 4 व 5 अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम तथा बीएनएस 2023 की धारा 143 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस ने चार पीड़ित महिलाओं को भी आरोपितों के चंगुल से रेस्क्यू किया है। पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल कौशल ने कहा कि जिला कुल्लू विशेष रूप से एक पर्यटन क्षेत्र है और यहां किसी भी प्रकार की अनैतिक या अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। देह व्यापार जैसे अपराध समाज के लिए गंभीर खतरा हैं। पुलिस ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। मामले में गहन जांच की जा रही है और यदि कोई अन्य व्यक्ति या गिरोह इसमें संलिप्त पाया गया तो उनके विरुद्ध भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन सीजन को देखते हुए जिले में निगरानी और गश्त को और तेज किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से अपील की कि यदि कहीं भी इस प्रकार की गतिविधियों की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित किया जाए। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।


देह व्यापार के आरोपियों को पकड़ने के बाद पुलिस टीम।

## कुल्लू घाटी के पर्यटन स्थलों व साहसिक पर्यटन स्थलों की जानकारी की साझा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



राष्ट्रीय सेवा योजना के 35 प्रशिक्षुओं एवं उनके अभिभावकों ने राष्ट्रीय एडवेंचर कोर्स के दूसरे दिन कुल्लू के अधिष्ठाता भगवान रघुनाथ जी के मंदिर में पैदल पदयात्रा कर शीश नवाया। तेलंगाना, केरल, पंजाब और चंडीगढ़ से आए छात्र एवं अभिभावक भगवान रघुनाथ जी और माता सीता के दर्शन कर उत्साहित हुए।

राफ्टिंग सेंटर पिरडी के प्रभारी गिमनर सिंह ने बताया कि बाहरी राज्यों के युवाओं ने पिरडी केंद्र से पदयात्रा करते हुए रघुनाथपुर तक पहुंचकर कुल्लू घाटी की प्राकृतिक सुंदरता, धार्मिक स्थलों और सांस्कृतिक धरोहर का अनुभव किया। इसके बाद ढालपुर के एतिहासिक ग्राउंड में जिला पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालय के योगराज कटोच ने प्रशिक्षुओं को कुल्लू घाटी के पर्यटन स्थलों और साहसिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। पदयात्रा के बाद सभी प्रशिक्षु राफ्टिंग शिविर पिरडी पहुंचे। प्रशिक्षण के दौरान तकनीकी कक्षा में रोप, नोट्स और इमरजेंसी रोप स्ट्रेचर बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। सायंकाल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सभी ने अपने-अपने राज्यों की लोक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी संस्कृति का परिचय दिया। अटल बिहारी वाजपेयी संस्थान के निदेशक अविनाश नेगी ने प्रशिक्षुओं और अभिभावकों का पिरडी केंद्र में स्वागत करते हुए बताया कि संस्थान और राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से अब तक लगभग एक हजार विद्यार्थियों को एडवेंचर ट्रेनिंग दी जा चुकी है। यह अनुभव सभी के लिए यादगार और शिक्षाप्रद रहा।

## छात्रों को स्टार्टअप की जानकारियां दीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में सोमवार को करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेल द्वारा राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के सहयोग से उद्यमिता एवं स्टार्टअप विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का स्वागत संयोजक प्रो. राजेश कुमार ने मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. राकेश राणा का किया। डॉ. राणा ने सरकारी नौकरियों के सीमित अवसरों के बीच युवाओं के लिए उद्यमिता और स्टार्टअप को आत्मनिर्भर बनने का सशक्त माध्यम बताते हुए नवाचार, परिश्रम और आत्मविश्वास से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लोकेश भाटिया ने स्टार्टअप की शुरुआत और सफल उद्यमी बनने की कुंजी साझा की। जिला उद्योग केंद्र कुल्लू के सोमेश कुमार ने सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में क्रारसू गांव के मधुमक्खी पालन के सफल उद्यमी दीन दयाल ने अपने अनुभव साझा किए। छात्रों और स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## कर्मचारी संघ का कैलेंडर विमोचित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ, जिला कुल्लू द्वारा प्रकाशित कैलेंडर-2026 का विधिवत विमोचन डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने डीसी कार्यालय परिसर में किया। इस अवसर पर उन्होंने कैलेंडर का अवलोकन करते हुए संघ के प्रयासों की सराहना की। विमोचन कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार, सहायक आयुक्त जयबंती ठाकुर, तहसीलदार सुरभी नेगी, संघ अध्यक्ष तापे राम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निशा वर्मा, महासचिव प्रणव ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। डीसी ने कहा कि इस प्रकार के कैलेंडर कार्यालयीन कार्यों को सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ कर्मचारियों के बीच समन्वय व संगठनात्मक एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कैलेंडर के आकर्षक प्रस्तुतीकरण व उपयोगी जानकारी के लिए कर्मचारी संघ को बधाई दी। संघ पदाधिकारियों ने डीसी का आभार व्यक्त किया और इसे कर्मचारियों के लिए उपयोगी बताया।

## हाथीथान की सत्या देवी पर सरकार व विभाग डालें सहानुभूति की दृष्टि: ओम

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

भुंतर के हाथीथान क्षेत्र की एक महिला पर अवैध कब्जे के मामले में लगाए गए 1 करोड़ 73 लाख रुपएके जुर्माने को लेकर भूमिहीन आवासहीन संगठन ने कड़ा विरोध जताया है। संगठन के अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को डीएफओ पार्वती प्रवीण ठाकुर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और महिला को राहत देने की मांग की।

डीएफओ पार्वती प्रवीण ठाकुर ने प्रतिनिधिमंडल को कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि कानून की लड़ाई कानून के माध्यम से ही लड़ी जानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन की मांगों को जिला प्रशासन व सरकार तक पहुंचाया जाएगा और यदि सरकार कोई नीति बनाती है तो उसी के अनुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर ओम प्रकाश शर्मा ने मीडिया को बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने 16 दिसंबर 2025 को हिमाचल प्रदेश में सभी अवैध कब्जों के मामलों में अवेक्षण के लिए स्टे आदेश दिया है, जिसके तहत फिलहाल किसी का भी अवैध कब्जा नहीं हटाया जा सकता। उन्होंने कहा कि संगठन पिछले 35 वर्षों से गरीबों के हक की लड़ाई लड़ रहा है, लेकिन कार्रवाई केवल गरीबों पर होती है जबकि बड़े और अमीर लोग खुलेआम अवैध कब्जे कर भारी कमाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार जब तक प्रदेश सरकार कोई स्पष्ट नीति नहीं बनाती, तब तक गरीबों को परेशान न किया जाए। यदि कहीं अवैध कब्जों से सड़क मार्ग अवरुद्ध हो रहा है, तो उस पर विभाग कार्रवाई कर सकता है। ओम प्रकाश शर्मा ने मांग की कि हाथीथान की विधवा सत्या देवी पर तहसीलदार भुंतर द्वारा पारित आदेश रद्द किए जाएं। उन्होंने कहा कि महिला पिछले 48 वर्षों से उसी स्थान पर रह रही थी और अब अचानक इतना बड़ा जुर्माना लगाना अन्यायपूर्ण है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं रोकी गई तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा।

## 200 से अधिक ग्रामीणों को मिला निशुल्क उपचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में रघुनाथ अस्पताल कुल्लू द्वारा रूपी वैली की गड़सा पंचायत में आयोजित निशुल्क मेगा हेल्थ चेक-अप कैंप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

यह शिविर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गड़सा में लगाया गया। इसमें 200 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच एवं उपचार का लाभ उठाया। शिविर के दौरान स्त्री रोग, हड्डी रोग, जनरल मेडिसिन, शल्य चिकित्सा सहित अन्य सामान्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों की निशुल्क जांच की गई। साथ ही आवश्यक दवाइयां भी मरीजों को बिना शुल्क उपलब्ध करवाई गईं। दूरदराज व ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने बड़ी संख्या में शिविर में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाया।


रघुनाथ अस्पताल कुल्लू की तरफ से की गई एक सराहनीय पहल।

### विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने दी सेवाएं

**मेगा** हेल्थ कैंप में रघुनाथ अस्पताल की अनुभवी मेडिकल टीम ने सेवाएं प्रदान कीं। इनमें डॉ. संजय सहाय (वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन), डॉ. ललिता बंसल (स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन), डॉ. नासिर अली (जनरल एवं एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जन), डॉ. गीता कौल (वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी) तथा डॉ. जतिन कश्यप (मेडिकल ऑफिसर) शामिल रहे।

### ग्रामीण स्वास्थ्य के लिए उपयोगी पहल

**कार्यक्रम** में ग्राम पंचायत भलाण के उपप्रधान श्याम सुंदर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने रघुनाथ अस्पताल द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर उपचार व स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

### आगे भी जारी रहेंगे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**रघुनाथ** अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि जरूरतमंद व दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकें। शिविर के सफल आयोजन पर स्थानीय लोगों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने अस्पताल प्रबंधन और मेडिकल टीम का आभार व्यक्त किया।

## कुल्लू की ग्राम पंचायतों के लिए ग्राम सभा की बैठकों का कैलेंडर जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला पंचायत अधिकारी कुल्लू दयाराम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 (संशोधित 2015) की धारा 5(1) के तहत वर्ष 2026 के लिए ग्राम सभा बैठकों की आधिकारिक समय-सारणी जारी कर दी है। आदेश के अनुसार जिले के सभी विकास खंड—कुल्लू, भुन्तर, नग्गर, बंजार, आनी और निरमण्ड—की समस्त ग्राम पंचायतों में बैठकें चार चरणों में आयोजित की जाएंगी। ये चरण जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्तूबर में होंगे।

विकास खंड कुल्लू की 10 ग्राम पंचायतों में 5 जनवरी, 4 अप्रैल, 6 जुलाई और 10 अक्तूबर को बैठकें होंगी, जबकि 9 ग्राम पंचायतों में 12 जनवरी, 11 अप्रैल, 13 जुलाई और 16 अक्तूबर को आयोजित की जाएंगी। इसी प्रकार अन्य ग्राम पंचायतों में 19 और 27 जनवरी, 18 और 25 अप्रैल, 20 और 27 जुलाई, तथा 24 और 31 अक्तूबर को बैठकें निर्धारित की गई हैं। भुंतर, नग्गर, बंजार, आनी और निरमंड खंडों की सभी ग्राम पंचायतों के लिए भी समान चार चरणों में तिथियां जारी की गई हैं। इस कैलेंडर का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा और योजना निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। सभी ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित तिथियों पर बैठकें समय पर आयोजित करें और उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। जिला पंचायत अधिकारी ने यह भी कहा कि ग्राम सभा के दौरान लिए गए निर्णयों और सुझावों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाएगा, ताकि विकास कार्यों की निगरानी और पारदर्शिता बनी रहे। इस विस्तृत कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि हर ग्राम पंचायत में विकास संबंधी गतिविधियों और योजनाओं में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी हो, जिससे स्थानीय स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया और विकास कार्य प्रभावी ढंग से संपन्न हों। डीम, गमोग, घाटू, खरगा, कुशवा, बडीधार, कोटी, जगातखाना (8 ग्राम पंचायतें) में 12 जनवरी, 11 अप्रैल, 13 जुलाई और 16 अक्तूबर। पोशना, राहणु, बखन, गडेज, तवार (8 ग्राम पंचायतें) में 19 जनवरी, 18 अप्रैल, 20 जुलाई और 24 अक्टूबर तथा बागासराहन, ब्रौ, नित्थर (8 ग्राम पंचायतें) में 27 जनवरी, 25 अप्रैल, 27 जुलाई और 31 अक्तूबर को ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा।

**पहल** आपदा से सबक लेकर मॉडल गांव बनाने उतरे स्वयंसेवक, आगजनी की त्रासदी बनी चेतावनी

## तीर्थन में बदलाव की बुनियाद, सरकार से पहले समाज मैदान में

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

जिला कुल्लू के सराज बंजार क्षेत्र में लगातार बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के बीच तीर्थन घाटी में गांवों को सुरक्षित व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ठोस पहल शुरू हुई है। विभिन्न सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों और स्थानीय वासिओं ने मिलकर मॉडल एवं स्मार्ट गांव विकसित करने का संकल्प लिया है। इसका उद्देश्य सिर्फ विकास नहीं, बल्कि आपदा प्रबंधन सतत आजीविका और सामुदायिक सुरक्षा को मजबूत करना है। स्थानीय लोगों, युवा स्वयंसेवकों और संस्थानों के साझा प्रयास से इस अभियान में सृष्टि को-ऑपरेटिव सोसायटी के प्रतिनिधि प्रताप ठाकुर व भोपाल ठाकुर, तीर्थन घाटी बिष्ट निवास के संचालक महिंदर बिष्ट तथा निफ्ट कांगड़ा के स्वयंसेवक आयशा, नमन व आरुषि सिंह सक्रिय रूप से जुड़े हैं। सभी का साझा उद्देश्य है, गांवों को आपदा के पहले तैयार करना।


झनियार गांव में आगजनी प्रभावितों को 2.55 लाख रुपए की राहत राशि प्रदान की।

### हिमालय के गांवों के लिए नई राह

**यह** पहल केवल एक गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे हिमालयी क्षेत्र के लिए एक रोडमैप बन सकती है। आपदा-तैयारी, पर्यावरण संतुलन, स्थानीय रोजगार और सामुदायिक भागीदारी को जोड़ती यह सोच भविष्य में अन्य पर्वतीय गांवों के लिए भी मिसाल बनने की क्षमता रखती है।

### ग्रामीणों से सीधा संवाद, राहत और भरोसा

**हिमालयन** वॉलंटियर टूरिज्म से जुड़े स्वयंसेवक प्रिक्षित क्राइस्ट यूनिवर्सिटी लवासा और आदीश थापर यूनिवर्सिटी पटियाला ने आगजनी से प्रभावित झनियार गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं जानीं और राहत सामग्री वितरित की। इस दौरान 17 प्रभावित परिवारों को 2 लाख 55 हजार रुपए की आर्थिक सहायता चेक के माध्यम से दी गई, जिससे आपदा के बाद सामान्य जीवन की ओर लौटने में मदद मिल सके। हाल ही में पेखड़ी गांव आगजनी की घटना ने सब की आंखें खोल दी है, यदि यह घटना दिन के समय होती, तो गांव का इतिहास मिट सकता था। ग्रामीणों की तत्परता, सड़क व जल स्रोतों की उपलब्धता तथा सामूहिक प्रयासों से बड़ा नुकसान टल गया। स्वयंसेवकों का कहना है कि यदि यह आग दिन के समय लगती, तो सदी पुराना गांव पूरी तरह तबाह हो सकता था। इससे पहले झनियार व तांदी गांवों में हुई भारी तबाही ने भी साफ कर दिया कि अब आपदा-सुरक्षित मॉडल गांव समय की जरूरत बन चुके हैं।

### एक साल में अनुकरणीय मॉडल गांव बनाने का लक्ष्य

**सनशाइन** हिमालयन कॉटेज के संस्थापक पंकी सूद ने कहा कि सामूहिक सोच, स्थानीय भागीदारी व विशेषज्ञों के सहयोग से एक वर्ष के भीतर एक प्रभावी मॉडल गांव विकसित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यदि जनिहार के लोग सहमत होते हैं, तो वहां मॉडल फार्म गांव की अवधारणा पर काम शुरू किया जाएगा। पंकी सूद ने स्पष्ट किया कि यह पूरा प्रोजेक्ट पूरी तरह स्वयंसेवकों द्वारा निशुल्क संचालित होगा। इसके लिए आवश्यक संसाधन फंडरेज़िंग और कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के माध्यम से जुटाए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य सरकार पर निर्भरता घटाते हुए स्थानीय क्षमता निर्माण करना है।

## 69वीं कुराश नेशनल स्कूल गेम्स में कुल्लू के युवाओं का दबदबा

**अनंत ज्ञान, भुंतर**




अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स ला मोंटेसरी स्कूल कलैहली के छात्रों ने 69वीं कुराश नेशनल स्कूल गेम्स में शानदार प्रदर्शन कर एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। 69वीं कुराश नेशनल स्कूल गेम्स का आयोजन 16 से 20 दिसंबर तक सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में किया गया। इस प्रतियोगिता में अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स ला मोंटेसरी स्कूल कलैहली के खिलाड़ियों ने पूरे समर्पण व अनुशासन के साथ भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता में आर्यन ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि जैस्मिन और दमिक्शा ने कांस्य पदक हासिल कर अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स ला मोंटेसरी स्कूल कलैहली और अपने कोच रणवीर ठाकुर का नाम रोशन किया। इन तीन पदकों के साथ अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स ला मोंटेसरी स्कूल कलैहली ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने 501 पदकों का गौरवपूर्ण लक्ष्य पूर्ण किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि की खुशी में ला मोंटेसरी स्कूल, कलैहली में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स ला मोंटेसरी स्कूल कलैहली के चेयरमैन किशन ठाकुर, एमडी ललिता कंवर व चेयरमैन उदय कंवर ने खिलाड़ियों को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। साथ ही ला मोंटेसरी स्कूल कलैहली की प्रधानाचार्या आरती शर्मा व ला मोंटेसरी स्कूल कुल्लू की प्रधानाचार्या निधि कांत ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। यह समारोह खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन व जुझारू भावना का प्रतीक रहा, जो निरंतर अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स ला मोंटेसरी स्कूल कलैहली का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं।

# सोलन में फसलों पर सूखे की मार, 30 प्रतिशत फसलें प्रभावित

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो



**सोलन।** प्रदेश में पिछले करीब दो महीनों से बारिश न होने से जिला सोलन में भी सूखे की स्थिति बन चुकी है। किसान लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे है। जिला सोलन में गेहूं की फसल सूखे की चपेट में आ गई है। जिला कृषि विभाग के अधिकारियों की माने तो एक रिपोर्ट के मुताबिक जिला में अब तक 30 प्रतिशत गेहूं की फसल सूखे के चलते प्रभावित हो चुकी है। यदि जनवरी माह में भी बारिश न हुई तो स्थिति गंभीर हो सकती है। गेहूं के अलावा इन दिनों मटर, शिमला मिर्च सहित अन्य फसलों पर भी बारिश न होने से प्रभाव पड़ रहा है। जिला सोलन में 15 दिसंबर तक किसान गेहूं की बिजाई का कार्य पूरा कर लेते है। इसके बाद सिंचाई की आवश्यकता होती है। यदि 15 दिसंबर के बाद बारिश हो जाए तो पैदावार अच्छी हो जाती है पर इस बार तो दिसंबर माह भी अभी तक बारिश नहीं हुई है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिला सोलन में 21300 हेक्टेयर पर गेहूं की खेती होती है। इसके लिए विभाग द्वारा प्रति वर्ष किसानों को बीज भी सब्सिडी पर उपलब्ध करवाया जाता है। इस सीजन में भी विभाग द्वारा 92 सौ क्विंटल गेहूं का बीज किसानों को सब्सिडी पर वितरित किया गया है। वहीं कृषि विभाग हर वर्ष गेहूं उत्पादन के लिए लक्ष्य भी निर्धारित करता है। लेकिन इस बार बारिश न होने से गेहूं उत्पादन का लक्ष्य पूरा करना विभाग के मुश्किल बन गया है।

> जिला सोलन में गेहूं सहित अन्य फसलें सूखे के चलते प्रभावित हो रही है। सोलन जिला में गेहूं की फसल सूखे की चपेट में आ गई है। जिला में गेहूं की खेती अधिकतर बारिश पर निर्भर है। बिजाई के बाद बारिश का होना जरूरी होता है।
> **डॉ. देवराज कश्यप, डिप्टी डायरेक्टर, सोलन।**

## 12 हजार हेक्टेयर क्षेत्र बारिश पर निर्भर

**जिला** सोलन में 21300 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की खेती होती है। इसमें से 12 हजार हेक्टेयर क्षेत्र बारिश पर निर्भर है, जबकि शेष क्षेत्र में सिंचाई की अच्छी सुविधा है। बीबीएन, धर्मपुर, कुनिहार, अर्की सहित अन्य क्षेत्रों में गेहूं की अच्छी पैदावार होती है। सिंचाई की सुविधा अधिकतर बीबीएन क्षेत्र में है। जिला में गेहूं की बिजाई 15 दिसंबर तक होती है। इसके बाद अगले 15 दिन तक सिंचाई के लिए बारिश की आवश्यकता होती है। सूखा पड़ने से गेहूं की फसल पर काफी प्रभाव पड़ता है। सूखा पड़ने से गेहूं का दाना विकसित नहीं हो पाता।

# आईजीएमसी में मरीज के साथ की गुंडागर्दी अति निंदनीय: मेला राम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला में कुछ डॉक्टरों द्वारा मरीज के साथ की गई गई गुंडागर्दी की सिरमौर जिला भाजपा नेताओं ने कड़े शब्दों में निंदा की है। सिरमौर जिला भाजपा महासचिव रणवीर ठाकुर और भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने एक संयुक्त बयान में कहा कि सुक्खू सरकार के राज में अब अस्पतालों में उपचाराधीन मरीज भी डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की गुंडागर्दी के शिकार हो रहे हैं और सरकार गहरी नींद में सोई हुई है। भाजपा नेताओं ने कहा कि अस्पताल में लोग अपनी जान बचाने के लिए जाते हैं लेकिन इस तरह की वारदात ने पूरे स्वास्थ्य व्यवस्था को शर्मसार कर दिया है। उन्होंने कहा कि मरीज के साथ की गई मारपीट के वायरल वीडियो से साफ जाहिर होता है कि अब चिकित्सक मरीजों की जान बचाने की अपेक्षा उनकी जान लेने पर उतारू हो रहे हैं। आईजीएमसी में भर्ती अर्जुन पवार नामक एक मरीज के साथ डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ मिलकर मारपीट कर रहे हैं और जिसे देखकर लगता है कि यह स्वास्थ्य व्यवस्था के मामले में एक अनोखी घटना है।

# कांग्रेस को श्रीराम के नाम से नफरत, राम से जुड़े हर कार्य का किया विरोध: बिंदल



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

बूथ संपर्क अभियान के दौरान खजूरना, कोटड़ी, मंझोली और गाडा बूथ में जनता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को भगवान श्रीराम के नाम से ही नफरत है और वह निरंतर ऐसे अवसर तलाशती रहती है, जिससे श्रीराम के नाम और उनसे जुड़े कार्यों का विरोध किया जा सके। डॉ. बिंदल ने कहा कि भारत के हृदय सम्राट, घट-घट में विराजमान, जन-जन के आराध्य देव भगवान श्रीराम के जन्मस्थान पर भव्य मंदिर निर्माण का कांग्रेस पार्टी ने वर्षों तक विरोध किया। विरोध की हद यह रही कि कांग्रेस ने करोड़ों-अरबों रुपए खर्च कर सर्वोच्च न्यायालय में वकीलों की फौज खड़ी कर राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का विरोध किया। उन्होंने कहा कि राम सेतु का विरोध हो या श्रीराम से जुड़े किसी भी कार्य का विरोध—यह कांग्रेस की स्थायी नीति बन चुकी है। डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि आज 'जी राम जी' योजना का जो विरोध किया जा रहा है, वह किसी नीति या जनहित के कारण नहीं, बल्कि सिर्फ इसलिए किया जा रहा है क्योंकि उस योजना में श्रीराम का नाम जुड़ा है। उन्होंने कहा कि जैसे ही श्रीराम का नाम आया, पूरी कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दल छाती पीट-पीटकर इस योजना के विरोध में जुट गए, जिससे उनकी सनातन विरोधी मानसिकता पूरी तरह उजागर हो गई है। डॉ. बिंदल ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री के व्यवहार को निरंतर सनातन विरोधी करार देते हुए कहा कि वर्ष 2022 में सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री का पहला बयान ही सनातन के विरुद्ध था, जिसमें उन्होंने 97 प्रतिशत हिंदुओं को हराकर सत्ता में आने जैसी टिप्पणी की।

# न्यूज ब्रीफ

## कंडाघाट में डायलिसिस सेंटर स्थापित करने की मांग

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** सिविल अस्पताल में डायलिसिस सेंटर न होने से क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने इस सेंटर को स्थापित करने की मांग उठाई है। यह सिविल अस्पताल कंडाघाट उपमंडल मुख्यालय में स्थित है। इस अस्पताल पर 20 पंचायत क्षेत्रों सहित करीब 50 हजार आबादी की स्वास्थ्य सेवा का जिम्मा है। क्षेत्र में किडनी और डायबिटीज के बहुत से मरीज हैं, जिन्हें ईलाज के लिए शिमला और चंडीगढ़ जाना पड़ता है। इससे परेशानी के साथ गरीब लोगों को पैसा ईलाज के लिए जुटाना मुश्किल होता है। इस सेंटर को स्थापित करने की मांग पिछले काफी समय से चली आ रही है। इसलिए पूर्व मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी राजन उप्पल ने निरीक्षण किया। अस्पताल में इसके लिए स्थान उपलब्ध है, जिसके बावजूद यह सेंटर अभी तक स्थापित नहीं हो सका। पूर्व प्रदेश कांग्रेस महासचिव हमिंद्र ठाकुर पूर्व प्रधान, नीशा शर्मा, पूर्व बीडीसी सदस्य दयाराम, अजय कुमार, पूर्व प्रधान प्रेम कश्यप, महेश कनौजिया, कलावती, कई दर्जन वर्तमान व पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है कि कंडाघाट अस्पताल में जल्द ही डायलिसिस सेंटर स्थापित किया जाए, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके।

## पनियाली में दुकान से भुक्की व चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ पुलिस ने सनौरा-नेरीपुल रोड के पनियाली में एक दुकान से मादक पदार्थ बरामद करने में सफलता हासिल की है। सूचना के आधार पर पुलिस ने विकास राणा, पुत्र नरेश कुमार, निवासी राणाघाट, तहसील राजगढ़, की दुकान पर छापा मारा। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 0.546 ग्राम भुक्की और 0.472 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विकास राणा को मौके से गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां अदालत ने उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह मादक पदार्थ कहां से लाता था, किन-किन को सप्लाई करता था और इस अवैध धंधे में कोई अन्य व्यक्ति शामिल तो नहीं।

## प्रदेश हेडमास्टर कैडर के प्रधान बने मोहनलाल

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** प्रदेश हेडमास्टर कैडर ऑफिसर एसोसिएशन जिला सोलन के त्रिवार्षिक चुनाव प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रतन वर्मा की अध्यक्षता में और चुनाव पर्यवेक्षक प्रधानाचार्य संजीव शर्मा की देखरेख में आयोजित किए गए। इस दौरान मुख्याध्यापक कुलदीप ठाकुर और मुख्य अध्यापक रमेश नेगी भी उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से हरीश गुप्ता मुख्याध्यापक राजकीय उच्च विद्यालय कराड़ाघाट को जिला प्रधान, मोहनलाल पंवर मुख्याध्यापक दंगील को महासचिव तथा लच्छी राम ठाकुर मुख्य अध्यापक राजकीय उच्च विद्यालय मंगरुड को वित्त सचिव चुना गया। इसके अतिरिक्त राज्य प्रतिनिधि और जिला कार्यकारिणी के गठन का अधिकार जिला प्रधान, महासचिव और वित्त सचिव को सर्वसम्मति से प्रदान किया गया।

## समाज के प्रत्येक वर्ग तक न्याय पहुंचाने पर जोर

**अनंत ज्ञान, कसौली।** उप-मंडलीय विधिक सेवा समिति कसौली द्वारा राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर में विधिक सेवाएं मेगा कैंप का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। मेगा कैंप की अध्यक्षता अध्यक्ष उप-मंडलीय विधिक सेवा समिति कसौली एवं वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश अशोक कुमार वत्सल ने की। कार्यक्रम में पुलिस उपअधीक्षक परवाणू अनिल शर्मा, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुनीता गोयल, बार एसोसिएशन अध्यक्ष अमित शर्मा, सचिव पंकज मंकोटिया, वरिष्ठ अधिवक्ता पीएस ओलख सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर नशा उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण तथा आपदा राहत एवं प्रबंधन जैसे विषयों पर चर्चा की गई। मेगा कैंप में 500 से अधिक लोगों ने भाग लिया। अध्यक्ष अशोक कुमार वत्सल ने कहा कि विधिक सेवा समितियों का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक न्याय और विधिक जागरूकता पहुंचाना है।

## विनोज शर्मा ने बच्चों को दिया सफलता का मंत्र

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राजकीय उच्च विद्यालय नलका का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी विनोज शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की विद्यालय पहुंचने पर स्थानीय निवासियों व एमसी प्रेसिडेंट की टीम ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना से हुआ। इसके उपरांत मुख्य अध्यापिका दीपाली अग्रवाल ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्यातिथि विनोज शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता और दृढ़ संकल्प व अनुशासन से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने गीतांजलि शर्मा द्वारा प्रदेश में 35वां स्थान प्राप्त करने की सराहना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

## नशे के खात्मे के लिए जय प्रकाश की सराहनीय पहल

**अनंत ज्ञान, शिलाई।** नशे की बढ़ती समस्या से चिंतित होकर शिलाई विधानसभा क्षेत्र के टिंबी क्षेत्र में युवाओं एवं बुद्धिजीवियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन सामाजिक रूप से सक्रिय युवा जय प्रकाश ठाकुर की अगुवाई में किया गया। इस दौरान नशे के सौदागरों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद करने पर जोर दिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है और इसके कारण अनेक परिवार उजड़ रहे हैं। जय प्रकाश ठाकुर ने बताया कि वे लंबे समय से सोशल मीडिया के माध्यम से नशे के सौदागरों को चेतावनी देते आ रहे हैं, जिसका सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिल रहा है। बैठक में पंचायत प्रधान सोहन सिंह चौहान, शिक्षक कपिल शंखवान, बहादुर सिंह चौहान सहित अनेक युवाओं व समाजसेवियों ने भाग लिया और इस मुहिम को हरसंभव सहयोग देने का संकल्प लिया।

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दाडला-ए बनी विजेता

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दाउटी में देवता मंडल युवक मंडल द्वारा एक दिवसीय अंडर 17 वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में नया सवेरा जन कल्याण समिति अर्की के अध्यक्ष एडवोकेट भीम सिंह ठाकुर और विशेष अतिथि हिमाचल प्रदेश उपभोक्ता एवं विपणन बोर्ड के निदेशक सुरेंद्र शामिल हुए। मुख्यातिथि ने युवा खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी टीमों व युवाओं द्वारा नशा विरोधी मुहिम में योगदान की भी प्रशंसा की। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला दाडला-ए और दाडला-बी टीम के बीच खेला गया। इसमें दाडला ए विजेता रही। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत उपप्रधान, पंचायत सदस्य और युवक मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## चाय, बिस्किट की निस्वार्थ लंगर सेवा दी

**अनंत ज्ञान, नालागढ़।** धर्म और देश के लिए हंसते हंसते कुर्बान होने वाले गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों की याद में बाबा बंदा सिंह बहादुर यूथ क्लब गगुवाल ने निस्वार्थ व श्रद्धाभाव से राहगीरों के लिए चाय व बिस्किट का लंगर लगाया। सुबह 6 बजे घनी धुंध व कड़ाके की ठंड के बीच यूथ क्लब के सदस्यों ने राहगीरों को चाय व बिस्किट वितरित किए। गांव गगुवाल में चार साहिबजादों की याद में सर्वप्रथम गुरुबाणी का पाठ किया गया और गांववासियों व क्लब के सदस्यों ने चार साहिबजादों की कुर्बानी से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्रनिर्माण और धर्म के पथ पर चलने का प्रण लिया। इसके उपरांत राहगीरों को धुंध व ठंड के बीच गर्मागर्म चाय व बिस्किट का प्रसाद वितरित किया गया। पैदल राहगीरों, उद्योगों में जाने वाले कामगारों और ठंड में दोपहिया वाहन पर सफर करने वाले के लिए सुबह सुबह जायकेदार चाय मानो अमृत से कम नहीं थी। वहीं, कार सवारों, चौपहिया वाहन चालकों व स्कूल बसों में सवार बच्चों ने कड़कती ठंड में चाय व बिस्किट का प्रसाद श्रद्धाभाव से ग्रहण किया।

## महिलाओं के अधिकारों के बारे में जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, अर्की।** नई चेतना राष्ट्रीय अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत अंबेडर भवन अर्की में लैंगिक समानता व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएलएफ अध्यक्ष रोशनी भारद्वाज ने की। कार्यक्रम में अधिवक्ता नीलम शर्मा ने महिलाओं के अधिकारों बारे जानकारी दी। थाना प्रभारी अर्की धनश्याम शर्मा ने सभी महिलाओं को नई चेतना 4.0 की शपथ दिलाई व नशे के बचाव व नशे से अपने बच्चों को व आसपास के माहौल पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रखने बारे जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग से डॉ प्रियंका चौधरी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर कन्या भ्रूण हत्या पर बताया, बच्चों के विकारों पर जागरूक किया व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना पर विस्तार में जानकारी दी। जिसमें बच्चों की निशुल्क जांच पर जानकारी दी। किशोर स्वास्थ्य काउंसलर सुरक्षा परमार ने लिंग समानता व महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा व पुरुषों पर होने वाले प्रभावों बारे जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष रोशनी भारद्वाज ने कहा कि एक महिला ही है जो मकान को घर बनाती है। उन्होंने सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर होने बारे कहा।

# नर्सिंग कॉलेज नाहन की जरूरतमंद छात्रा की फीस चुकाई

**अनंत ज्ञान, नाहन।** रोटरी क्लब नाहन द्वारा शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। इसी क्रम में स्कोटियाबैंक कनाडा की कस्टमर एक्सपीरियंस लीड रम्मी बाली नाहन पहुंचीं। रोटरी क्लब नाहन के अध्यक्ष मनीश जैन के प्रस्ताव पर उन्होंने एक अत्यंत गरीब एवं एकल अभिभावक परिवार से संबंधित छात्रा, जो नाहन स्थित नर्सिंग कॉलेज में जीएनएम नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है, उनकी तीन वर्षों की संपूर्ण फीस प्रायोजित करने की सहमति दी। छात्रा की वार्षिक फीस 95,250 है, जिसमें से प्रथम वर्ष की फीस का भुगतान तुरंत कर दिया गया। यह पहल आर्थिक अभावों के बावजूद आगे बढ़ने का सपना देख रही छात्रा के लिए नई आशा बनेगी और समाज में शिक्षा व महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश देगी।

# बीआरडी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव उत्साह, सांस्कृतिक समृद्धि के साथ संपन्न



वार्षिकोत्सव के दौरान मुख्यातिथि डिप्टी डायरेक्टर गोपाल चौहान स्कूल प्रबंधन के साथ।

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

बीआरडी पब्लिक स्कूल, कालूझंडा में वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष की थीम 'अभिव्यक्ति - विचारों की उड़ान' थी, जिसने यह संदेश दिया कि आत्म-अभिव्यक्ति केवल शब्दों तक सीमित नहीं, बल्कि नृत्य, संगीत, नाटक, योग और भावनाओं के माध्यम से भी संभव है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुआ, जिससे सभागार में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। प्रधानाचार्या पूजा ने बच्चों की रचनात्मकता, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। मुख्यातिथि गोपाल चौहान, उप-निदेशक उच्च शिक्षा और विशेष अतिथि राज कुमार प्रपाम, उप-डीईओ प्रारंभिक शिक्षा, सोलन ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि अभिव्यक्ति विचारों को दिशा देती है और व्यक्तित्व को आकार देती है। कार्यक्रम में छात्रों ने संगीत, नाटक, योग और विभिन्न लोकनृत्यों जैसे राजस्थानी, भांगड़ा, उत्तराखंड और हिमाचली नाटी के माध्यम से सांस्कृतिक समृद्धि का संदेश प्रस्तुत किया। समारोह के दौरान शैक्षणिक, खेलकूद और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कुलप्रेड छात्र-छात्राओं में ठाकुर, उमेश, मोनिका, कुसुम, लक्ष्मी, शिखा, कामना और मधु को विशेष सम्मान दिया गया।

# 13 साल के छोटे से राजनीतिक सफर में कांग्रेस का टिकट बांटने वाला बन गया हूं: विनय कुमार

बीआर चौहान, अनंत ज्ञान



रेणुका निर्वाचन क्षेत्र पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार।

**राजगढ़।** करीब 13 वर्ष पहले राजनीति में कदम रखने के दौरान मेरे लिए कांग्रेस का टिकट दिलवाने के लिए मुख्यरिफ सहित अनेक दिग्गज नेताओं ने वकालत की थी। इस छोटे से राजनीतिक सफर में अब मैं कांग्रेस का टिकट बांटने वाला बन चुका हूं। यह बात हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं रेणुका निर्वाचन के विधायक विनय कुमार ने गत सायं राजगढ़ पहुंचने पर पच्छाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने के उपरांत पहली बार राजगढ़ पहुंचने पर विनय कुमार का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया।

कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने तंज कसते हुए कहा कि सिरमौर में डॉ. वाईएस परमार के बाद वह पार्टी में यह पद प्राप्त करने वाले दूसरे व्यक्ति हैं, जबकि सिरमौर में अनेक धुरंधर कांग्रेस के नेता हैं, जो कि अपने निर्वाचन क्षेत्र से छह और सात बार विधानसभा पहुंचे हैं, लेकिन आजतक किसी को भी यह पद हासिल नहीं हो सका है। हालांकि, उन्होंने तुरंत इस बात पर कहा कि कोई कांग्रेस नेता इस बात को अन्यथा न लें। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद जब वह दिल्ली हाईकमान पहुंचे, तो उन्होंने राहुल गांधी के सवाल पर कहा कि रेणुका कांग्रेस के मॉडल को पूरे प्रदेश में प्रभावी ढंग से कार्यान्वित किया जाएगा। उनका मुख्य उद्देश्य वर्ष 2027 में प्रदेश में कांग्रेस को रिपीट करवाना है। इसके लिए वह बूथ स्तर तक स्वयं जाकर समिति के कार्यों की समीक्षा करेंगे। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि कमेटियां कागजों तक सीमित न रहें। इसके लिए पार्टी में कार्यकर्ताओं को अधिमान दिया जाएगा। विनय ने कहा कि ऑपरेशन लोटस के दौरान उन्हें भी भाजपा द्वारा अनेक प्रलोभन दिए गए, लेकिन मैंने अपने आदर्शों के साथ कोई समझौता नहीं किया।

# दाड़लाघाट बस स्टैंड में फैले कूड़ा-कर्कट से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

पंचायत दाड़लाघाट के बस स्टैंड क्षेत्र में जगह-जगह फैला कूड़ा-कर्कट इन दिनों स्थानीय लोगों व व्यापारियों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बना हुआ है। कचरे की अधिकता के चलते आसपास की नालियां भी पूरी तरह बंद हो चुकी हैं, जिससे गंदगी के साथ-साथ दुर्गंध और बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

स्थानीय व्यापारियों व लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार पंचायत प्रतिनिधियों से बस स्टैंड क्षेत्र की सफाई करवाने का आग्रह किया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। लोगों का आरोप है कि यह समस्या केवल बस स्टैंड तक सीमित नहीं है, बल्कि पंचायत दाड़लाघाट के अंबुजा चौक, स्यार, आईटीआई परिसर सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर यही हालात बने हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ वर्ष पहले सफाई कर्मचारी नियमित रूप से इन क्षेत्रों की सफाई करते थे, लेकिन अब सफाई व्यवस्था पूरी तरह राम भरोसे चल रही है। वर्तमान में सफाई कर्मचारी केवल डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने तक सीमित रह गए हैं, वह भी नियमित व सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों व व्यापारियों ने पंचायत प्रशासन से मांग की है कि सफाई व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त किया जाए, नियमित सफाई अभियान चलाया जाए और बस स्टैंड सहित सभी सार्वजनिक स्थानों को गंदगी से मुक्त किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

> **पंचायत** प्रधान दाड़लाघाट बंसी राम भाटिया का कहना है कि पंचायत द्वारा सफाई व्यवस्था के लिए जो गाड़ी लगाई गई है, वह नियमित रूप से कूड़ा-कर्कट उठा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाता पाया गया, तो उसके खिलाफ जुर्माना लगाया जाएगा।

# समावेशन व उद्देश्य का राष्ट्रीय संगम बना पाइनग्रोव स्कूल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में स्पेशल ओलंपिक्स भारत द्वारा आयोजित नेशनल यूथ लीडरशिप समिट 2025 का दूसरा दिन अनेक गतिविधियों, आत्ममंथन, नेतृत्व व भविष्य उन्मुख योजना पर केंद्रित रहा।

पहले दिन की सकारात्मक ऊर्जा को आगे बढ़ाते हुए, यह दिन नेतृत्व को सशक्त बनाने और विभिन्न राज्यों में समावेशन के मार्गों पर चर्चा तथा वास्तविकताओं पर आधारित रहा। दिन का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता ओजस्वी शर्मा की उपस्थिति से हुआ, जो कि भारत में समावेशी व सुलभ सिनेमा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य के लिए जाने जाते हैं। उन्हें अपनी डॉक्यूमेंट्री एडमिशन के लिए 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (2022) में रजत कमल से सम्मानित किया गया। उन्होंने मानवाधिकार, लैंगिक समानता, दिव्यांगजन समावेशन, शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषयों पर अपने कार्य के अनुभव साझा किए।



नेशनल यूथ लीडरशिप समिट 2025 कार्यक्रम में पहुंचे प्रतिभागी।

उनकी फीचर फिल्म रब दी आवाज को भारत में संयुक्त राष्ट्र और यूनेस्को द्वारा सिनेमा के माध्यम से सुलभता को बढ़ावा देने के लिए मान्यता प्राप्त हुई है। इसके बाद विकसित और विकासशील राज्यों की चुनौतियों पर संवाद हुआ, जिसमें प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव, संसाधन संबंधी सीमाएं और अनुकूलन रणनीतियां साझा कीं, जिससे आपसी सीख को बढ़ावा मिला।

अतिथि सत्र में अनुभवी सॉफ्टवेयर इंजीनियर और सामाजिक नेतृत्वकर्ता मनीष तोमर ने समावेशी मूल्यों पर आधारित नेतृत्व और उद्देश्य-प्रेरित टीमों के निर्माण पर अपने विचार प्रस्तुत किए। एससीईआरटी, एमएसएमई, सशस्त्र बलों, हिमाचल प्रदेश पुलिस और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के साथ उनके कार्य अनुभवों ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रदान किए। पीयर लर्निंग सत्र के अंतर्गत कर्नाटक, असम, झारखंड, केरल और पंजाब राज्यों द्वारा प्रस्तुति दी गई, जिसमें प्रभावी युवा एवं विद्यालय आधारित पहलों को प्रदर्शित किया गया। इसके पश्चात राज्य टीम प्रस्तुतियों के माध्यम से वर्ष 2026 के लिए प्रस्तावित कार्य योजना प्रस्तुत की गई। विभिन्न राज्य टीमों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने विविधता का उत्सव मनाया तथा दिन का समापन एकता और अभिव्यक्ति के साथ हुआ।

# अग्निवीर बनकर मातृभूमि की सेवा करेगा कार्तिक

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ ब्लॉक के हाब्बन गांव के कार्तिक का भारतीय सेना में बतौर अग्निवीर चयन हुआ है। इसके चयन से समूची हाब्बन पंचायत में प्रसन्नता का महौल है। एक साधारण परिवार से संबंध रखने वाले युवा कार्तिक ने काफी संघर्ष के बाद अग्निवीर परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कार्तिक के पिता चंद्रशेखर एक किसान हैं, जबकि माता कल्पना गृहिणी हैं। उन्होंने वर्ष 2022 में 12वीं कक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हाब्बन से उत्तीर्ण की है। कार्तिक ने बताया कि वर्दी पहनने के शौक ने उन्हें फौजी बना दिया। इसके लिए बीते तीन वर्षों से लगातार संघर्ष करते रहे। उन्होंने फिजिकल डिफेंस अकादमी सोलन से भी कोचिंग ली और वह अपने मिशन में सफल हो गया।

**रवानगी**

## शगुन नायक को जूनियर महिला कबड्डी टीम की कप्तान की जिम्मेदारी

# महिला कबड्डी चैंपियनशिप के लिए टीम रवाना



नेशनल चैंपियनशिप के लिए कोलकता रवाना होने से पहले हिमाचल की जूनियर कबड्डी टीम एसोसिएशन के साथ।

**ओम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**बीबीएन।** कोलकत्ता में 51वीं जूनियर नेशनल महिला कबड्डी चैम्पियनशिप के लिए हिमाचल प्रदेश की महिला कबड्डी टीम रवाना हुई। हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव कुलदीप राणा ने टीम को हरी झंडी देकर रवाना किया।

प्रदेश कबड्डी महासंघ के प्रधान राज कुमार ब्रान्टा ने टीम को अग्रिम जीत के लिए शुभकामनाएं दीं। 3 दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शगुन नायक बतौर कप्तान हिमाचल की टीम का प्रतिनिधित्व कर रही है। जबकि कोच सुखवीर सिंह व मैनेजर रंजना की अगुवाई में 25 से 28 दिसंबर तक आयोजित होने वाली नेशनल कबड्डी चैम्पियनशिप में टीम अपना दमखम दिखाएगी। हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव कुलदीप राणा व नेशनल कबड्डी कोच संजीव ठाकुर ने बताया के गुरु नानक पब्लिक स्कूल में आयोजित नेशनल कैंप में टीम का चयन किया गया था। एसोसिएशन के महासचिव कुलदीप राणा ने बताया कि जूनियर महिला कबड्डी चैंपियनशिप के लिए चयनित हिमाचल प्रदेश की टीम में बतौर कप्तान शगुन नायक टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। जबकि टीम में निकिता, शिवानी ठाकुर, साक्षी चंदेल, प्रीति ठाकुर, जसप्रीत कौर, दिया, श्रेया, एकता चंदेल, गुंजन, उर्वशी, सोमा देवी, कृतिका शर्मा व करीना का चयन किया गया है। नेशनल कैंप के दौरान कड़े प्रशिक्षण व ट्रायल के बाद नेशनल जूनियर महिला कबड्डी चैंपियनशिप के लिए टीम का चयन किया गया था। उन्होंने कहा के हिमाचल की जूनियर कबड्डी टीम पूरे दमखम के साथ 25 से 28 दिसंबर तक कोलकत्ता में आयोजित होने वाली 51वीं नेशनल जूनियर कबड्डी चैम्पियनशिप में उम्दा खेल का प्रदर्शन करेगी। उन्होंने सभी कबड्डी खिलाड़ियों को अग्रिम जीत के लिए शुभकामनाएं दीं।

# मनरेगा में करीब 20 वर्षों बाद किए जा रहे व्यापक सुधार: कश्यप

**अनंत ज्ञान, नाहन।** करीब दो दशकों के बाद केंद्र सरकार ने ग्रामीण रोजगार योजना में बड़ा बदलाव करते हुए मनरेगा के नए स्वरूप में लागू करने का निर्णय लिया है, अब मनरेगा को वीबी-जी राम जी यानी विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) के नाम से जाना जाएगा। इस बदलाव को लेकर सांसद सुरेश कश्यप ने इसे एक अहम और ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा में किया गया यह व्यापक सुधार करीब 20 वर्षों बाद हो रहा है, जिससे योजना को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सकेगा। सांसद सुरेश कश्यप ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष बेवजह इस मुद्दे को तूल दे रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस सरकार के दौरान ही नरेगा का नाम बदलकर मनरेगा किया गया था, इसलिए नाम परिवर्तन को लेकर अब राजनीति करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि नए वीबी-जी राम जी के तहत भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े पर सख्ती से लगाम लगेगी।

# विधिक साक्षरता आमजन को कानूनी रूप से बनाती है सशक्त: संगरौली

**अनंत ज्ञान, सोलन**



कंडाघाट में उपमंडलीय विधिक सेवाएं समिति द्वारा बाहरा विश्वविद्यालय में एक दिवसीय विशाल विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कंडाघाट एवं उपमंडल विधिक सेवाएं प्राधिकरण समिति की अध्यक्ष चुनौती संगरौली ने की।

उन्होंने कहा कि विधिक साक्षरता आम जन को न केवल कानूनी रूप से सशक्त बनाती है, बल्कि उन्हें जीवन में विधि के अनुसार सही मार्ग पर चलने में भी सहायता करती है। उन्होंने बताया कि आम लोगों को न्याय सुलभ कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनमें नालसा (डीएडब्ल्यूएन- ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया) योजना-2025 प्रमुख है, जिसका उद्देश्य कानूनी जागरूकता बढ़ाना तथा मादक द्रव्यों के सेवन से पीड़ित व्यक्तियों को सहायता प्रदान करना है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि नशे के अवैध व्यापार से जुड़े व्यक्तियों की सूचना नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन 1933 पर तथा नशे के आदि व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए हेल्पलाइन 14446 पर दें। उपमंडलाधिकारी कंडाघाट गोपाल शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया और कहा कि नशा मुक्त समाज, पर्यावरण सुरक्षा तथा आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए सभी नागरिकों को सामूहिक प्रयास करने चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने माता-पिता और बुजुर्गों से खुलकर संवाद करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता पी.सी. सूद, सहायक प्राध्यापक नितीश कुमार तथा पुलिस निरीक्षक हंसराज ने नशा निवारण पर विचार रखे। प्रियंका शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण व भू-रक्षण पर जानकारी दी। नुक्कड़ नाटक व प्रदर्शनी के माध्यम से भी जागरूकता फैलाई गई। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वयं सहायता समूह की सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत कर रही सरकार

## सीएम ने कहा, एमबीबीएस सीटों की संख्या 2014 में 700 थी, आज 2500 से भी अधिक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

इसी दिशा में हर जिला स्तर पर सभी प्रकार की सुविधाओं से सुसज्जित एक अस्पताल विकसित किया जा रहा है। अब तक 10 अस्पताल जनता को समर्पित किए जा चुके हैं। इनमें सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, एमआरआई व लैबोरेट्री सहित सभी सुविधाएं मिल रही हैं। अन्य 22 अस्पतालों पर कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री सोमवार को हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान प्रश्न काल में विधायक मामन खान द्वारा पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि पहले की सरकार ने कभी प्रदेश के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता नहीं की और न ही सुविधाएं बढ़ाने की तरफ ध्यान दिया। उन्होंने कभी विचार ही नहीं किया कि कैसे स्वास्थ्य सुविधाएं और बेहतर की जा सकती हैं। उस समय नागरिकों को प्राइवेट सेक्टर पर छोड़ दिया गया और किस प्रकार से लोगों का शोषण होता था, यह सब जानते हैं। वर्ष 2014 से पहले प्रदेश में हर वर्ष केवल 4 स्पेशलिस्ट डॉक्टर ही मिलते थे, जबकि आज यह संख्या लगभग 200 तक पहुंच चुकी है। इतना ही नहीं, वर्ष 2014 में एमबीबीएस सीटों की संख्या केवल 700 होती थी, जबकि आज राज्य सरकार के प्रयासों से एमबीबीएस सीटों की संख्या लगभग 2500 से अधिक हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के प्रयासों से आज सरकारी अस्पतालों में मरीजों को दवाइयां भी मिल रही है और हर प्रकार की टेस्ट की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। इसके अलावा, स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ करते हुए राज्य सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। 30 बैड के अस्पताल को 50 बैड, 50 बैड के अस्पताल को 100 बैड, 100 बैड के अस्पताल को 200 बैड और 200 बैड के अस्पतालों को 400 बैड में अपग्रेड किया गया है। साथ ही, प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या भी बढ़ाई है।

# हरियाणा विधानसभा में आठ विधेयक सर्वसम्मति से पारित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में आठ महत्वपूर्ण विधेयक सर्वसम्मति से पारित किए गए। इनमें हरियाणा विनियोग (संख्या 4) विधेयक 2025, हरियाणा तकनीकी शिक्षा अतिथि संकाय (सेवा की सुनिश्चितता) संशोधन विधेयक 2025, हरियाणा आवास बोर्ड (संशोधन) विधेयक 2025, हरियाणा निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2025 और हरियाणा आबादी देह (स्वामित्व अधिकारों का निहितीकरण, अभिलेखन और समाधान) विधेयक 2025 शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, हरियाणा दुकान और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान (संशोधन) विधेयक 2025, हरियाणा अनुसूचित सड़क और नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बंधन (संशोधन) विधेयक 2025 और हरियाणा जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक 2025 भी पारित किए। हरियाणा निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2025 के माध्यम से अब राज्य सरकार 26 निजी विश्वविद्यालयों में प्रशासक नियुक्त कर सकेगी। साथ ही, गुरुग्राम में 'डिजाइन, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय' स्थापित करने का प्रावधान भी शामिल है। हरियाणा तकनीकी शिक्षा अतिथि संकाय (सेवा की सुनिश्चितता) संशोधन विधेयक 2025 के अंतर्गत अब 240 कार्य दिवसों की गणना कैलेंडर वर्ष के बजाय किसी भी एक वर्ष की अवधि के आधार पर की जा सकेगी। हरियाणा आवास बोर्ड (संशोधन) विधेयक 2025 के तहत आवास बोर्ड को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण में विलय कर दिया गया है।

हरियाणा आबादी देह (स्वामित्व अधिकारों का निहितीकरण, अभिलेखन और समाधान) विधेयक 2025 गांवों की विरासत संरक्षण, नागरिक सुविधाओं और पर्यावरण उन्नयन को सुनिश्चित करता है। हरियाणा दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान (संशोधन) विधेयक 2025 में बड़े प्रतिष्ठानों में श्रमिक सुरक्षा और छोटे प्रतिष्ठानों के लिए सरल अनुपालन सुनिश्चित किया गया है। दैनिक कार्य घंटे 9 से बढ़ाकर 10 घंटे किए जाएंगे, जबकि साप्ताहिक कुल सीमा 48 घंटे ही रहेगी। ओवरटाइम की त्रैमासिक सीमा 50 घंटे से बढ़ाकर 156 घंटे की गई है।

# कौन बनेगा ज्ञानरत्न' पुस्तक का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** 'कौन बनेगा ज्ञानरत्न' पुस्तक के लोकार्पण एवं सम्मान समारोह का आयोजन अत्यंत भव्य, सफल एवं ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। यह पुस्तक राम परिवार जय मां सरस्वती एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा लिखित है, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में संस्कारों, ज्ञान एवं सकारात्मक परिवर्तन का प्रसार करना है। यह पुस्तक आध्यात्मिक एवं बौद्धिक मार्गदर्शन के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, सद्गुणों एवं जीवन मूल्यों का सशक्त संदेश देती है। यह कृति आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य धरोहर सिद्ध होगी, जो युवाओं को जीवन के उद्देश्य को समझने और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ओम प्रकाश धनखड़ (राष्ट्रीय सचिव, भारतीय जनता पार्टी) तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में राजेश जून (विधायक, बहादुरगढ़), ज्ञानचंद गुप्ता एवं कुलभूषण गोयल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने पुस्तक की सराहना करते हुए इसे संस्कारों और ज्ञान का सागर बताया।

# 'चलो जिएं' थीम पर आधारित नाटक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** मॉन्टेसरी कैम्ब्रिज स्कूल, डिफेंस रोड, पठानकोट ने अपने फाउंडर्स डे 2025 को बड़े उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया। कार्यक्रम प्रधानाचार्या रश्मि आहलुवालिया, चेयरमैन विनोद महाजन और वाइस चेयरमैन आकाश महाजन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

इस वर्ष का फाउंडर्स डे 'चलो जिएं' थीम पर आधारित था, जो आनंदमय शिक्षण, जागरूक जीवन और समग्र विकास के विद्यालय दर्शन को प्रकट करता है। समारोह का शुभारंभ ऑर्केस्ट्रा प्रदर्शन, पारंपरिक दीप प्रज्वलन, बांसुरी वादन और शांत प्रार्थना नृत्य से हुआ, जिससे कार्यक्रम में आध्यात्मिक गरिमा का संचार किया। प्रधानाचार्या रश्मि आहलुवालिया ने छात्रों को सहानुभूति, जिम्मेदारी और आशावाद के साथ जीवन जीने का आह्वान किया। चेयरमैन और वाइस चेयरमैन ने शिक्षकों के समर्पण और छात्रों की रचनात्मक ऊर्जा की सराहना की। शाम का मुख्य आकर्षण 'चलो जिएं' नामक आठ अंकों का नाटक रहा, जिसने जीवन के अर्थपूर्ण संदेश, सामाजिक जागरूकता और भावनात्मक संतुलन को उजागर किया। सांस्कृतिक खंड में योग, स्केटिंग, ताइक्वांडो, भांगड़ा, गिद्दा और विभिन्न क्षेत्रीय नृत्यों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता को प्रस्तुत किया गया। शिव स्तुति और शिव तांडव ने दर्शकों को भावविभोर किया। मुख्यातिथि मेजर डॉ. सुमित मुध ने छात्रों में अनुशासन, रचनात्मकता और सकारात्मक मूल्यों के विकास हेतु विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन वाइस चेयरमैन आकाश महाजन द्वारा मुख्यातिथि के सम्मान, धन्यवाद प्रस्ताव और राष्ट्रगान के साथ किया गया। फाउंडर्स डे ने शिक्षा, जीवन मूल्यों और सृजनात्मकता का प्रेरक संदेश प्रस्तुत किया।

## न्यूज ब्रीफ

### घर में की लाखों की चोरी, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पानीपत के सेक्टर 13-17 में एक प्रॉपर्टी सलाहकार के घर चोरी की वारदात हुई। चोरों ने घर से नकदी के साथ सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए। पुलिस के अनुसार यह घटना तब हुई जब परिवार पुणे में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। सेक्टर 13-17 निवासी विशाल चहल ने पुलिस को बताया कि वह 17 दिसंबर को परिवार के साथ पुणे में एक विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। 21 दिसंबर की रात जब वे वापस लौटे, तो घर के मुख्य दरवाजों के ताले टूटे हुए मिले। घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। विशाल के अनुसार, चोर अलमारी में रखी चार लाख 25 हजार रुपए की नकदी के साथ लगभग 199 ग्राम सोने के आभूषण व डेढ़ किलो चांदी के सामान सहित घर का कीमती सामान भी चुरा ले गए। चोर सबूत मिटाने के उद्देश्य से सीसीटीवी का डीवीआर (सीपी प्लस) भी अपने साथ ले गए।

### छह लाख की बरामदगी पर 3 कर्मचारी निलंबित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** राजस्थान के सिरसा में साइबर क्राइम पुलिस की गाड़ी से छह लाख रुपए बरामद होने पर एसपी दीपक सहारण ने तीन पुलिस कर्मचारियों- पीएसआई सुरेंद्र, हेड कॉन्स्टेबल वीरेंद्र और कॉन्स्टेबल जगजीत सिंह को तुरंत निलंबित कर दिया। उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू की गई है। घटना के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार कर सिरसा लाया जा रहा था, तभी अजमेर के कुचामन में नकदी बरामद हुई। सिरसा पुलिस ने साथ ही दो हेरोइन तस्करों चिराग और गुरपाल सिंह को भी गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से कुल साढ़े बारह ग्राम हेरोइन बरामद हुई। दोनों के खिलाफ संबंधित थानों में मामला दर्ज कर जांच जारी है।

# रुद्रा इकोवेशन ने टीएफआई प्रदर्शनी लुधियाना में मजबूत मौजूदगी दर्ज की

**अनंत ज्ञान, लुधियाना**

रुद्रा इकोवेशन लिमिटेड, एडवांस टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भविष्य पर केंद्रित कंपनी, ने 19 से 21दिसंबर 2025 तक लुधियाना में आयोजित टेक्सटाइल फेयर्स इंडिया (टीएफआई) प्रदर्शनी में मजबूत और उम्मीद भरी शुरुआत दर्ज की।

कंपनी ने यहां अपने इनोवेटिव अनीरा रेंज के विभिन्न ब्लेंड फैब्रिक्स प्रदर्शित किए। अनीरा, रुद्रा इकोवेशन की टेक्सटाइल एक्सीलेंस की विरासत से निकली लेटेस्ट इनोवेशन को दर्शाता है। एशिया की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी के सहयोग से कंपनी हर दिन 88 लाख प्लास्टिक बोतलों को रीसायकल कर उन्हें हाई क्वालिटी, इको फ्रेंडली टेक्सटाइल में बदलने की क्षमता रखती है। रुद्रा इकोवेशन रोजाना 3.2 लाख स्क्वेयर मीटर से अधिक अनीरा फैब्रिक का उत्पादन करने में सक्षम है। इंटरनेशनल बेंचमार्क को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए अनीरा फैब्रिक्स ग्लोबल ग्रेड क्वालिटी प्रदान करते हैं, जो आमतौर पर इम्पोर्ट के माध्यम से हासिल की जाती है। यह भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स को एक एडवांस, सस्टेनेबल और देश में ही निर्मित विकल्प देता है। अनीरा परफॉर्मेंस ड्रिवन फैब्रिक्स की तलाश करने वाले प्रमुख ब्रांड्स का भरोसा बन चुका है, जिनका उपयोग भारत और विदेशों में किया जा रहा है। टीएफआई लुधियाना में रुद्रा इकोवेशन के स्टॉल पर अच्छी खासी भीड़ और सार्थक संवाद देखने को मिला, जो क्वालिटी, सस्टेनेबिलिटी, इनोवेशन और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज पर इंडस्ट्री के बढ़ते फोकस को रेखांकित करता है।

# भव्य शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

**अनंत ज्ञान, राजपुरा**

राजपुरा में सीनियर पास्टर कंचन मित्तल के दूरदर्शी नेतृत्व में कंचन मित्तल मिनिस्ट्रीज द्वारा आयोजित एक जीवंत और आध्यात्मिक रूप से उत्साहवर्धक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।



यह पवित्र शोभायात्रा चंगेर चर्च से शुरू हुआ, बनूर से होकर राजपुरा की अनाज मंडी में समाप्त हुआ। इस शोभायात्रा का आध्यात्मिक नेतृत्व व मार्गदर्शन अपोस्टल अभिषेक मित्तल ने किया और इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं, चर्च नेताओं व क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम को सरकारी प्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति और समर्थन से और भी सम्मानित किया गया, जिसमें राजपुरा की विधायक नीना मित्तल भी शामिल हुईं, जिनके प्रोत्साहन ने इस अवसर को गरिमा और शक्ति प्रदान की। शोभायात्रा में शामिल प्रतिभागियों का चर्च और समर्पित स्वयंसेवकों द्वारा स्नेहपूर्वक व्यवस्थित किए गए नाश्ते और जलपान से गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जो भाईचारे, मेहमाननवाज़ी और सेवा की भावना को दर्शाता है। एक दयालु आउटरीच पहल के हिस्से के रूप में, फ्लेम्स ऑफ फायर मिनिस्ट्रीज के बैनर तले वंचितों को कंबल और कपड़े वितरित किए गए, जो सामाजिक कल्याण और सामुदायिक उत्थान के प्रति मिनिस्ट्रीस की मजबूत प्रतिबद्धता को उजागर करता है। इस प्रयास को पास्टर आशीष मित्तल द्वारा आशीष मित्तल फाउंडेशन के माध्यम से सक्रिय रूप से समर्थित और समन्वित किया गया।

फाउंडेशन ने रणनीतिक स्थानों पर कचरा डिब्बे लगाकर और पूरे रास्ते में स्वयंसेवकों को तैनात करके शोभा यात्रा के दौरान स्वच्छता और अनुशासन भी सुनिश्चित किया। यह भव्य शोभा यात्रा विश्वास, एकता, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का एक शक्तिशाली प्रमाण थी, जिसने राजपुरा के लोगों पर एक स्थायी आध्यात्मिक व मानवीय प्रभाव छोड़ा।

# पांच साल की बच्ची को टैंकर ने कुचला

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नेहरू कॉलोनी में मस्जिद चौक के पास सोमवार सुबह एक हादसे में पांच साल की बच्ची की पानी के टैंकर की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब बच्ची मदरसे में पढ़ाई के लिए पैदल जा रही थी। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों के अनुसार नेहरू कॉलोनी के अशफाक की पांच साल की बेटी रोज़ की तरह आज भी मदरसे जा रही थी। जैसे ही वह मस्जिद चौक के पास पहुंची, तभी पीछे की ओर बैक हो रहे एक पानी के टैंकर की चपेट में आ गई । बताया जा रहा है कि टैंकर का पहिया बच्ची के सिर पर चढ़ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के तुरंत बाद बच्ची को गंभीर हालत में नजदीक के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## देश-विदेश

# पीएम मोदी ने मनरेगा और लोकतंत्र दोनों पर बुलडोजर चला दिया : राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) को लेकर मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला है। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर ट्वीट कर आरोप लगाया कि सरकार ने बिना जनसंवाद, बिना संसद में चर्चा और बिना राज्यों की सहमति के मनरेगा और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं दोनों पर बुलडोजर चला दिया है।

उन्होंने इसे विकास नहीं, बल्कि विनाश करार देते हुए कहा कि इसकी कीमत करोड़ों मेहनतकश भारतीयों को अपनी रोजी-रोटी गंवाकर चुकानी पड़ेगी। राहुल गांधी ने अपने ट्वीट में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के लेख का हवाला देते हुए लोगों से इसे पढ़ने की अपील की।

उन्होंने कहा कि यह लेख मनरेगा से जुड़े इस गंभीर मुद्दे के हर पहलू का पर्दाफाश करता है। इससे पहले कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने 19 दिसंबर को विकसित भारत जी राम जी बिल को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला था। राहुल गांधी ने कहा था कि मोदी सरकार ने 20 साल के मनरेगा को एक दिन में खत्म कर दिया।

राहुल गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने विकसित भारत जी राम जी विधेयक को बिना ठीक से जांच पड़ताल किए संसद से पारित करवा दिया। (अनंत ज्ञान)

# बागडोगरा एयरपोर्ट पर यात्री के सामान से कारतूस बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी, सिलीगुड़ी।** बागडोगरा एयरपोर्ट पर एक विमान यात्री के सामान से देशी पिस्तौल का कारतूस बरामद होने से हड़कंप मच गया। यह घटना सोमवार को उस समय सामने आई, जब दिल्ली जाने वाले एक यात्री के बैग की सुरक्षा जांच की जा रही थी। सूत्रों के अनुसार, बागडोगरा एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ द्वारा सामान की स्कैनिंग के दौरान मोहम्मद जाहिर नामक यात्री के बैग से देसी पिस्तौल का कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के पास स्पाइसजेट की फ्लाइट एसजी 2241 से दिल्ली जाने का टिकट था। (अनंत ज्ञान)

# ममता बोलीं- सरकार को बिना बताए ऑब्जर्वर बना रहा चुनाव आयोग

**एजेंसी, कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि राज्य में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में गंभीर गलतियां हुई हैं।

वोटरों की मैपिंग में त्रुटियां हैं। चुनाव आयोग राज्य सरकार को बताए बिना ही ऑब्जर्वर अपॉइंट कर रहा है। यह पूरी प्रक्रिया भाजपा के हित में की जा रही है। सोमवार को कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में टीएमसी के बूथ लेवल एजेंटों की बैठक में पहुंची ममता ने कहा कि एसआईआर सुनवाई के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर के तौर पर नियुक्त केंद्रीय अधिकारियों को स्थानीय भाषा (बांग्ला) का बहुत कम ज्ञान है। ऐसे अधिकारी संशोधन अभ्यास के दूसरे फेज के दौरान वेरिफिकेशन करने के लिए अयोग्य हैं। दरअसल, चुनाव आयोग ने 19 दिसंबर को पश्चिम बंगाल में हुए एसआईआर की नई वोटर लिस्ट जारी की। ड्राफ्ट रोल के बाद कुल मतदाता 7.08 करोड़ हैं। पहले 7.66 करोड़ थे। कुल 58 लाख 20 हजार से ज्यादा नाम काटे गए हैं। नई लिस्ट जारी होने के बाद अब सुनवाई की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। पहले चरण में उन लगभग 30 लाख मतदाताओं को नोटिस भेजे जा सकते हैं, जिनके एन्यूमरेशन फॉर्म में प्रोजेनी मैपिंग (वंशावली मिलान) दर्ज नहीं पाई गई है। (अनंत ज्ञान)

# मॉस्को में कार बम विस्फोट में रूसी जनरल की मौत, यूक्रेन पर शक

**एजेंसी, मॉस्को**

**दक्षिणी** मॉस्को में सोमवार सुबह एक रूसी जनरल की कार के नीचे लगाए गए विस्फोटक उपकरण में धमाका हो गया, जिससे उनकी मौत हो गई7 जांचकर्ताओं ने कहा कि इस हमले के पीछे यूक्रेन का हाथ हो सकता है।

यह एक साल में किसी वरिष्ठ सैन्य अधिकारी की हत्या का ऐसा तीसरा मामला है। रूस की शीर्ष आपराधिक जांच एजेंसी 'इंवेस्टीगेटिव कमेटी' के आधिकारिक प्रवक्ता स्वेतलाना पेत्रेंको ने बताया कि रूस के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के परिचालन प्रशिक्षण निदेशालय के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फानिल सरवारोव की चोटों के कारण मौत हो गई। उन्होंने कहा, 'जांचकर्ता इस हत्या के संबंध में कई संभावित पहलुओं की जांच कर रहे हैं। इनमें से एक यह भी है कि इस अपराध की साजिश यूक्रेन की खुफिया सेवाओं द्वारा रची गई हो सकती है।' रूसी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को सरवारोव की हत्या की सूचना तुरंत दे दी गई है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सरवारोव ने पहले चेचन्या में लड़ चुके थे और सीरिया में मॉस्को के सैन्य अभियान में भी हिस्सा ले चुके थे। (अनंत ज्ञान)

# इंडोनेशिया में डिवाइडर से टकराई बस, 16 लोगों की मौत

**एजेंसी, द्वीप जावा**



**इंडोनेशिया** के मुख्य द्वीप जावा में रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात एक पैसेंजर बस की दुर्घटना में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। खोज और बचाव एजेंसी के प्रमुख बुडियोनो ने कहा कि 34 लोगों को ले जा रही बस ने एक टोल रोड पर नियंत्रण खो दिया और एक कंक्रीट बैरियर से टकरा गई।

उन्होंने बताया कि यह बस देश की राजधानी जकार्ता से देश के प्राचीन शाही शहर योग्यकार्ता जा रही थी। तभी मध्य जावा के सेमारंग शहर में क्रापयाक टोल मार्ग पर एक घुमावदार एग्जिट रैंप में प्रवेश करते समय यह पलट गई पुलिस और बचाव दल दुर्घटना के लगभग 40 मिनट बाद पहुंचे और छह यात्रियों के शव बरामद किए, जिनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी, अन्य 10 लोगों की अस्पताल ले जाते समय या इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि जिन 18 पीड़ितों का नजदीकी दो अस्पतालों में इलाज चल रहा है, उनमें पांच लोग बहुत गंभीर (क्रिटिकल कंडिशन) और 13 की हालत गंभीर है। (अनंत ज्ञान)


# धोखाधड़ी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कोकाटे की सजा पर लगाई रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के खेल मंत्री और एनसीपी नेता माणिकराव कोकाटे को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने 1995 के धोखाधड़ी मामले में सीनियर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता माणिकराव कोकाटे की सजा पर रोक लगा दी है, जिससे वह विधायक के तौर पर अयोग्य नहीं होंगे। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री और चार बार के विधायक माणिकराव कोकाटे को धोखाधड़ी मामले में बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई दोषसिद्धि पर रोक लगा दिया है, साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया है कि इस फैसले के चलते कोकाटे की विधानसभा सदस्यता खत्म नहीं होगी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी क्लियर कर दिया है कि इस राहत का मतलब यह नहीं है कि कोकाटे किसी भी 'ऑफिस ऑफ प्रॉफिट' यानी लाभ के पद पर बने रह सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 638 और निफ्टी 206 अंक की तेजी के साथ हुआ बंद

**एजेंसी, मुंबई**

**हफ्ते** के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 638 अंक चढ़कर 85,567 पर बंद हुआ है। निफ्टी में भी 206 अंक की तेजी रही, ये 26,172 पर बंद हुआ। आज के कारोबार में मेटल और आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी रही। इसके अलावा बैंक और फार्मा शेयर भी चढ़े हैं। एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 2.12% ऊपर 4,105 पर और जापान का निक्केई इंडेक्स



1.81% ऊपर 50,402 पर बंद हुआ है। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.43% चढ़कर 25,801 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.69% बढ़कर 3,917 पर बंद हुआ। 19 दिसंबर को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.38% ऊपर 48,134 पर बंद हुआ था। (अनंत ज्ञान)

# भारत से संघर्ष में अल्लाह की मदद मिली, नहीं तो हालात बिगड़ जाते : मुनीर

## पाक सेना प्रमुख बोले- मई में भारत ने किए थे 11 पाकिस्तानी एयरबेस तबाह

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तानी** सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भारत के साथ मई में हुए सैन्य संघर्ष में अल्लाह की मदद मिलने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि उस समय हमने इसे महसूस किया, जिसकी वजह से हालात पूरी तरह बिगड़ने से बच गए।

मुनीर ने यह बयान 10 दिसंबर को इस्लामाबाद में हुई नेशनल उलेमा कॉन्फ्रेंस में दिया। उनके भाषण के वीडियो क्लिप रविवार को लोकल टीवी चैनलों पर दिखाए गए। भारत ने 7 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे।

यह कार्रवाई 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच चार दिन तक भारी गोलीबारी और सैन्य टकराव हुआ, जो 10 मई को समझौते के बाद रुका। संघर्ष के दौरान भारत ने पाकिस्तान के 11 एयरबेस तबाह कर दिए थे। मुनीर ने धार्मिक बातों पर जोर देते हुए पाकिस्तान की तुलना 1400 साल पहले पैगंबर मोहम्मद द्वारा स्थापित इस्लामी राज्य से की। उन्होंने कुरान की आयतें पढ़ीं और कहा कि इस्लामी दुनिया में पाकिस्तान को खास दर्जा मिला है। (अनंत ज्ञान)

# हसीना बोलीं- यूनुस की शह से बांग्लादेशी हिंदुओं पर हमले

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहे हमले के लिए अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस को जिम्मेदार ठहराया है। हसीना के मुताबिक, कुछ कट्टरपंथी ताकतें खुलकर हिंसा कर रही हैं, जिन्होंने भारतीय दूतावास, मीडिया दफ्तरों और अल्पसंख्यकों पर हमले किए हैं। यूनुस सरकार ऐसे लोगों को संरक्षण दे रही है और यहां तक कि सजा पाए आतंकियों को भी रिहा किया गया है। उन्होंने बांग्लादेश में भारत विरोधी भावना के लिए भी मोहम्मद यूनुस को जिम्मेदार ठहराया है। एनएनआई न्यूज एजेंसी को दिए एक मेल इंटरव्यू में हसीना ने भारत को बांग्लादेश का सबसे भरोसेमंद दोस्त बताया। उन्होंने कहा कि यूनुस सरकार की नीतियों से दोनों देशों के रिश्तों में खटास आई है। अंतरिम सरकार भारत के खिलाफ बयान दे रही है और अल्पसंख्यकों की रक्षा करने में नाकाम रही है। (अनंत ज्ञान)

# उपग्रह को कक्षा में स्थापित नहीं कर सका जापान का एच3 रॉकेट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**जापान** का एच3 रॉकेट नेविगेशन सैटेलाइट को तय ऑर्बिट में भेजने में नाकाम रहा। यह देश के नए फ्लैगशिप रॉकेट और उसके स्पेस लॉन्च प्रोग्राम के लिए एक झटका है।

जापान के नए फ्लैगशिप रॉकेट के लिए यह दूसरी नाकामी है। 2023 में पहली बार उड़ान में गड़बड़ी के बाद यह छह सफल उड़ान भर चुका है। जापानी अंतरिक्ष अन्वेषण अधिकरण ने कहा कि मिचिबिकी 5 सैटेलाइट ले जाने वाला एच3 रॉकेट सोमवार को जापान के दक्षिण-पश्चिमी द्वीप पर तनेगाशिमा स्पेस सेंटर से लॉन्च हुआ। यह जापान की अपनी सटीक लोकेशन पोजिशनिंग सिस्टम बनाने की योजनाओं का हिस्सा था। लॉन्च डायरेक्टर मासाशी ओकाडा ने बताया कि रॉकेट के दूसरे स्टेज के इंजन में उम्मीद से पहले ही कटऑफ हो गया और उसके बाद सैटेलाइट के रॉकेट से अलग होने की पुष्टि नहीं हो पाई।

उन्होंने कहा कि यह पता नहीं चला है कि सैटेलाइट अंतरिक्ष में छोड़ा गया या नहीं और वह कहां पहुंचा। वे कारण और अन्य डिटेल्स का पता लगाने के लिए डेटा की जांच कर रहा है। शिक्षा, संस्कृति, खेल, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एक अधिकारी जुन कोंडो ने पत्रकारों से कहा कि यह नाकामी 'बेहद दुखद' है और सरकार ने कारण की जांच करने और 'विश्वसनीयता वापस पाने' के लिए जल्द से जल्द जरूरी कदम उठाने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया है। (अनंत ज्ञान)

# सोना-चांदी ऑल टाइम हाई पर, सोना 2,191 रुपए बढ़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम 22 दिसंबर को ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार सोना 2,191 रुपए बढ़कर 1,33,970 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। इससे पहले यह 1,31,779 रुपए पर था। वहीं, 1 किलो चांदी की कीमत 7,660 रुपए बढ़कर 2,07,727 रुपए पर पहुंच गई है। इससे इससे पहले ये 2,00,067 रुपए पर थी। इस साल अब तक सोना 57,808 रुपए और चांदी 1,21,710 रुपए महंगी हो चुकी है। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3% जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। (अनंत ज्ञान)

# न्यूजीलैंड ने तीसरा टेस्ट 323 रन से जीता

## वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज 2-0 से की अपने नाम, डब्ल्यूटीसी प्वॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंचा

**एजेंसी, माउंट माउंगानुई**

**न्यूजीलैंड** ने सोमवार को माउंट माउंगानुई में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को 323 रन से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही कीवी टीम ने सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है।

वहीं, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की प्वॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। इस मुकाबले में जैकब डफी की घातक गेंदबाजी निर्णायक साबित हुई, जिन्होंने दूसरी पारी में पांच विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के सामने 462 रनों का विशाल लक्ष्य रखा था, लेकिन मेहमान टीम महज 138 रन पर सिमट गई। लंच से पहले और बाद में वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई और चाय के तुरंत बाद, सिर्फ चार ओवर में पूरी टीम ऑलआउट हो गई। डफी ने 42 रन



देकर 5 विकेट झटके, जबकि स्पिनर अजाज पटेल ने 23 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए।

वेस्टइंडीज की ओर से दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग ने सर्वाधिक 67 रन बनाए। दरारों से भरी पिच पर असमान उछाल और मूवमेंट मिल रहा था, जिसका डफी और अजाज ने भरपूर फायदा उठाया। वेस्टइंडीज की टीम एक समय बिना विकेट खोए 87 रन पर थी, लेकिन इसके बाद 25 रन के भीतर 8 विकेट गंवा बैठी। दिन की शुरुआत वेस्टइंडीज ने 43/0 से की थी। ब्रैंडन किंग ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम के शुरुआती 59 में से 53 रन बनाए। हालांकि ड्रिंक्स ब्रेक के बाद न्यूजीलैंड ने फील्डिंग में आक्रामकता बढ़ाई और यहीं से मैच पलट गया। डफी ने 87 के स्कोर पर किंग को गली में ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच कराकर पहला झटका दिया। इसके बाद अजाज पटेल ने जॉन कैंपबेल (16) को आउट किया।

अजाज ने जल्द ही कावेम हॉज को खाता खोले बिना पवेलियन भेज दिया। डफी ने लगातार झटके देते हुए एलेक अथानाज (2), जस्टिन ग्रीव्स (0) और कप्तान रोस्टन चेज (5) को आउट किया। चेज के लिए यह सीरीज बेहद खराब रही, जिसमें उन्होंने तीन टेस्ट में सिर्फ 42 रन बनाए। अजाज पटेल ने शाई होप (3) को एलबीडब्ल्यू किया। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स ने चोटिल केमार रोच (4) को बोल्ड किया। अंतिम सत्र में रचिन रविंद्र ने एंडरसन फिलिप को आउट किया, जबकि जैकब डफी ने जेडन सील्स को बोल्ड कर वेस्टइंडीज की पारी और मैच का अंत कर दिया। इससे पहले न्यूजीलैंड के लिए दोनों पारियों में सलामी बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत दी। डेवोन कॉनवे ने दोनों पारियों में 227 और 100 रन की शानदार पारियां खेलीं, जबकि कप्तान टॉम लैथम ने 137 और 101 रन बनाए। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में यह पहला मौका है जब किसी सलामी जोड़ी ने एक ही मैच की दोनों पारियों में शतक लगाए। इन दोनों बल्लेबाजों की मदद से न्यूजीलैंड ने जहां पहली पारी में 8 विकेट पर 575 रन बनाए, वहीं दूसरी पारी 2 विकेट पर 306 रन बनाकर घोषित की थी। सीरीज की शुरुआत क्राइस्टचर्च टेस्ट ड्रॉ से हुई थी। इसके बाद न्यूजीलैंड ने वेलिंगटन में दूसरा टेस्ट जीता और अब तीसरे टेस्ट में शानदार जीत दर्ज कर सीरीज पर कब्जा जमा लिया। (अनंत ज्ञान)

## शाकिब के ऑलराउंड प्रदर्शन से डेजर्ट वाइपर्स को चार विकेट से हराया

**एजेंसी, दुबई।** शाकिब अल हसन के ऑलराउंड प्रदर्शन की मदद से एमआई एमिरेट्स ने तालिका में शीर्ष पर काबिज डेजर्ट वाइपर्स को चार विकेट से हराकर आईएलटी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। शाकिब (चार ओवर में 14 रन देकर दो विकेट) की कसी हुई गेंदबाजी की बदौलत एमआई एमिरेट्स ने वाइपर्स को सात विकेट पर 124 रन पर रोक दिया।

वाइपर्स की तरफ से डैन लॉरेंस ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। इसके जवाब में एमआई एमिरेट्स की टीम पावरप्ले में लड़खड़ा गई, लेकिन कीरोन पोलार्ड की 15 गेंदों पर खेली गई 26 रन की पारी ने मुकाबले का रुख निर्णायक रूप से पलट दिया। इसके बाद शाकिब (नाबाद 17) डटे रहे और उन्होंने विजयी चौका लगाकर टीम का स्कोर 17.3 ओवर में छह विकेट पर 128 रन पर पहुंचाया। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### पंजाब किंग्स के लिए किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार कॉनोली

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स की टीम से जुड़ने वाले ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कूपर कॉनोली ने कहा कि वह अगले साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बल्लेबाजी क्रम में किसी भी नंबर पर खेलने के लिए तैयार हैं। आक्रामक बल्लेबाज, चुस्त फील्डर और बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी करने वाले कॉनोली को पंजाब किंग्स ने इस महीने की शुरुआत में मिनी नीलामी में तीन करोड़ रुपए में खरीदा था। कॉनोली ने सोमवार को वर्चुअल मीडिया बातचीत में कहा कि मैं अपने खेल को इस तरह से ढालना पसंद करता हूं, जिससे मैं किसी भी स्थिति में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का पूरी तरह से उपयोग कर सकूं, इसलिए चाहे वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना हो या मध्यक्रम में खेलना हो, मैं किसी भी तरह की भूमिका निभाने के लिए तैयार हूं। यह 22 वर्षीय खिलाड़ी बिग बैश लीग में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने पर्थ स्कॉर्चर्स के लिए नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हुए दो अर्धशतक बनाए हैं। पंजाब किंग्स हालांकि उनका फिनिशर के रूप में उपयोग कर सकता है। इसके संकेत कप्तान श्रेयस अय्यर ने नीलामी के बाद दिए थे। कॉनोली ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं अभी (पर्थ) स्कॉर्चर्स के लिए नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने की भूमिका के बारे में सीख रहा हूं। यह एक ऐसी भूमिका है जिसका मैं आनंद लेता हूं। (अनंत ज्ञान)

### विजय हजारे ट्रॉफी में रोहित-विराट समेत कई बड़े खिलाड़ी मचाएंगे धमाल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े घरेलू वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 का आगाज 24 दिसंबर से होने जा रहा है। इस बार इस टूर्नामेंट में भारतीय युवा सितारों के साथ रोहित शर्मा और विराट कोहली समेत कई बड़े सितारे नजर आने वाले हैं। रोहित शर्मा जहां मुंबई के लिए खेलने उतरेंगे तो विराट कोहली दिल्ली के लिए खेलते नजर आएंगे। वीएचटी के इस सीजन में एलीट ग्रुप, प्लेट ग्रुप और नॉकआउट राउंड शामिल हैं, जो देशभर में न्यूट्रल वेन्यू पर सुबह 9 बजे से खेले जाएंगे। फाइनल मुकाबला 18 जनवरी को खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### पिंकाथॉन में रिकॉर्ड 115 दृष्टिबाधितों के साथ 5,300 से अधिक महिलाओं ने लिया भाग

**एजेंसी, मुंबई।** पिंकाथॉन के 10वें सत्र के विभिन्न श्रेणियों में रिकॉर्ड 115 दृष्टिबाधित महिलाओं के साथ 5,300 से अधिक महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह किसी दौड़ स्पर्धा में दृष्टिबाधित महिलाओं की विश्व रिकॉर्ड संख्या है। सभी आयु वर्ग के धावकों ने भाग लिया। इस आयोजन में तीन किमी, पांच किमी और 10 किमी की दौड़ शामिल थीं। पिंकाथॉन के संस्थापक मिलिंद सोमण ने कहा कि प्रतिभागियों की बढ़ती संख्या के साथ जो बात इस दौड़ को सबसे अलग बनाती है, वह इसमें भाग लेने वाली महिलाओं की विविधता है। दृष्टिबाधित धावकों से लेकर पहली बार भाग लेने वाली और प्रतिस्पर्धी धाविका की मौजूदगी से पिंकाथॉन लगातार यह दर्शाता है कि भारत में महिलाओं की दौड़ किस प्रकार विकसित हो रही है। पियुषा लोहार ने तीन किमी की दौड़ 12:23 मिनट में जीती, उनके बाद ओवी पाटिल (13:00) और ज्योति पंजाबी (14:16) दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। (अनंत ज्ञान)

### नतालिया पोगोनिना की खूबसूरत अदा

**नतालिया** पोगोनिना दुनिया की सबसे महान शतरंज खिलाड़ियों में से एक हैं और शतरंज ग्रैंडमास्टर हैं। उन्होंने नियमित रूप से शतरंज टूर्नामेंट में रूस का प्रतिनिधित्व किया है और अपने देश के लिए तीन ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते हैं।



## विजय हजारे ट्रॉफी के लिए एचपीसीए सीनियर पुरुष टीम का किया चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बीसीसीआई विजय हजारे ट्रॉफी के पहले तीन मैचों के लिए एचपीसीए ने सीनियर पुरुष टीम का चयन कर लिया है। बीसीसीआई विजय हजारे ट्रॉफी (वनडे) एलिट टूर्नामेंट 2025-26 का आयोजन जयपुर में किया जाएगा। चयनित 18 सदस्यीय टीम की कमान बतौर कप्तान मृदुल सरोच को सौंपी गई है। एचपीसीए सचिव मनुज शर्मा ने बताया कि टीम में एकांत सेन, रोहित कुमार, अभिषेक अविकास, आकाश वशिष्ट, इन्नेश महाजन, वैभव अरोड़ा, आयुष जंवाल, आर्यमन सिंह, पुखराज मान, कुशल पाल, मयंक डागर, मुकुल नेगी, विपिन शर्मा, अमनप्रीत सिंह, अंकित कल्सी, अंकुश बैंस व नितिन शर्मा शामिल हैं। इसके अलावा सपोर्टिंग सटाफ में हेड कोच विक्रम राजवीर सिंह, असिस्टेंट कोच शकुन सैनी, फिल्डिंग कोच अशीम नारंग, फिजियो सौरभ ठाकुर, ट्रेनर जरनैल सिंह, मेसर बज्रेश शर्मा, वीडियो अनालिस्ट अंकित अरोड़ा, पुनीत सैनी व भूवेश्वर साइड आर्म व मैनेजर राजेश पुरी शामिल हैं। सचिव मनुज शर्मा ने बताया कि 24 दिसंबर को एचपीसीए टीम उत्तराखंड, 26 को गोआ, 29 दिसंबर को महाराष्ट्र, 31 दिसंबर को पंजाब, 3 जनवरी को छत्तीसगढ़, 6 जनवरी को मुंबई और 8 जनवरी को सिक्किम के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

# वर्ल्ड कप टीम से बाहर गिल विजय हजारे ट्रॉफी में खेलेंगे

## पंजाब की टीम में अभिषेक और अर्शदीप के भी नाम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** के वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल विजय हजारे ट्रॉफी खेलेंगे। सोमवार को पंजाब ने टूर्नामेंट के लिए अपनी 18 सदस्यीय टीम का ऐलान किया, जिसमें गिल के साथ अभिषेक शर्मा और अर्शदीप सिंह जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं। पंजाब अपने अभियान की शुरुआत 24 दिसंबर को महाराष्ट्र के खिलाफ करेगा। हालांकि, गिल, अभिषेक और अर्शदीप कितने मैच खेल पाएंगे, इसे लेकर स्थिति साफ नहीं है, क्योंकि भारत को 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज खेलनी है। गिल का चयन इसलिए भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि उन्हें हाल ही में भारत की आगामी टी-20 वर्ल्ड कप टीम और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर कर दिया गया था। ऐसे में विजय हजारे ट्रॉफी गिल के लिए खुद को दोबारा साबित करने, फॉर्म में लौटने और व्हाइट-बॉल क्रिकेट में अपनी क्लास दिखाने का बड़ा मौका होगा। (अनंत ज्ञान)

### पंजाब के सभी मैच जयपुर होंगे

**पंजाब** अपने सभी सात लीग मुकाबले जयपुर में खेलेगी। पिछले सीजन में क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बावजूद इस बार टीम को खिताब का मजबूत दावेदार माना जा रहा है। बल्लेबाजी में शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा के अलावा प्रभसिमरन सिंह, अनमोलप्रीत सिंह, नमन धीर, रमनदीप सिंह, सनवीर सिंह और हरप्रीत ब्रार टीम को गहराई और मजबूती प्रदान करते हैं।

**अर्शदीप सिंह को बॉलिंग की कमान :** गेंदबाजी की जिम्मेदारी एक बार फिर अर्शदीप सिंह के कंधों पर होगी। वे 2024-25 सीजन में पंजाब के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। उनका साथ तेज गेंदबाज गुरनूर ब्रार और कृष्ण भगत निभाएंगे। नई गेंद से शुरुआती विकेट निकालना और डेथ ओवर्स में सटीक गेंदबाजी अर्शदीप को पंजाब की सबसे बड़ी ताकत बनाता है। हालांकि, शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा और अर्शदीप सिंह की उपलब्धता लीग चरण के बाद स्पष्ट नहीं है। भारत को 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे खेलने हैं, जिसके बाद 21 जनवरी से पांच टी-20 मैचों की सीरीज शुरू होगी।

# एस्टन विला ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर लगातार 10वीं जीत हासिल की



**एजेंसी, मैनचेस्टर (इंग्लैंड)**

मॉर्गन रोजर्स के दो गोल की मदद से एस्टन विला ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-1 से हराकर खुद को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबाल टूर्नामेंट के खिताब की दौड़ में बनाए रखा। एस्टन विला की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार दसवीं जीत है। वह ईपीएल की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है और शीर्ष पर काबिज आर्सेनल से केवल तीन अंक पीछे है। रोजर्स ने अपना पहला गोल 45वें और दूसरा गोल 57वें मिनट में किया। यूनाइटेड के लिए एकमात्र गोल मैथियस कुन्हा ने किया। इस तरह से एस्टन विला का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। उसने लीग में अपने पिछले 12 मैचों में से 11 में जीत हासिल की। यह हार यूनाइटेड के लिए एक और झटका है। वह अपने पिछले आठ मैचों में से केवल दो में जीत हासिल कर पाया है और वह तालिका में सातवें स्थान पर है। (अनंत ज्ञान)

## वर्ल्ड कप हार पर रोहित बोले- मैं पूरी तरह टूट चुका था, क्रिकेट छोड़ने का बना लिया था मन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पूर्व** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने एक कार्यक्रम में बताया कि 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल हारने के बाद वे मानसिक रूप से पूरी तरह टूट गए थे। उन्होंने कहा कि उस समय उन्होंने क्रिकेट छोड़ने तक का मन बना लिया था।



रोहित कहा कि फाइनल हारने के बाद लग रहा था कि मैं इस खेल को और नहीं खेलना चाहता, क्योंकि इसने मुझसे सब कुछ छीन लिया था। मेरे अंदर खेलने की ताकत ही नहीं बची थी। भारत ने रोहित की कप्तानी में वनडे वर्ल्ड कप 2023 में लगातार 10 मैच जीते थे और फाइनल तक पहुंचा था, लेकिन अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराकर खिताब जीता था। सब बहुत निराश थे रोहित ने आगे बताया कि यह हार उनके लिए बहुत निजी थी, क्योंकि 2022 में कप्तान बनने के बाद उन्होंने इस वर्ल्ड कप के लिए सब कुछ झोंक दिया था। उन्होंने कहा कि सब बहुत निराश थे। मुझे यकीन नहीं हो रहा था कि हम फाइनल हार गए। वह समय मेरे लिए बहुत मुश्किल था। जिंदगी यहीं खत्म नहीं होती रोहित ने बताया कि फाइनल में हार के बाद उनके शरीर में कोई एनर्जी नहीं बची थी और खुद को संभालने में कई महीने लग गए। लेकिन खुद से बात करके और क्रिकेट के लिए अपने प्यार को याद करके वे दोबारा लौटे। इसके बाद रोहित ने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप में भारत को चैंपियन बनाया।

उन्होंने कहा कि मुझे समझ आ गया था कि जिंदगी यहीं खत्म नहीं होती। यह सीखने का मौका था कि निराशा से कैसे उबरें और नई शुरुआत करें। उस समय यह बहुत कठिन था, अब समझ आता है। अब 38 साल के रोहित शर्मा टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और वनडे टीम के कप्तान भी नहीं हैं।

हालांकि, वे अभी वनडे क्रिकेट खेलते रहेंगे। अहमदाबाद में टीम इंडिया टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 240 रन पर ऑलआउट हो गई थी। 241 रन का टारगेट ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने 43 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ट्रैविस हेड ने 137 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि लाबुशेन ने नाबाद 58 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)

# श्रीलंका पर एक और बड़ी जीत हासिल करने उतरेगी भारतीय महिला टीम, फीलिंडग पर रहेगी सबकी नजर



**एजेंसी, विशाखापट्टनम**

**पहले** मैच में बड़ी जीत हासिल करने से उत्साहित भारतीय महिला क्रिकेट टीम जब श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले दूसरे महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मैदान पर उतरेगी तो वह फील्डिंग के स्तर को बेहतर करके अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी।

भारतीय टीम ने पिछले महीने विश्व कप जीतने के बाद बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया और श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। भारतीय टीम ने श्रीलंका को केवल छह विकेट पर 121 रन पर रोक दिया था, लेकिन इस बीच उसकी फील्डिंग अपेक्षानुरूप नहीं रही और उसने कुछ कैच छोड़े। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा कि हम अपनी फील्डिंग पर काम कर रहे हैं। पता नहीं क्यों हम बार-बार कैच छोड़ रहे हैं। मैदान गीला था, लेकिन यह कोई बहाना नहीं है। यह एक ऐसी चीज है जिस पर हमें गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। अगले मैच में हम बेहतर रणनीति के साथ उतरेंगे। विश्व कप की सफलता के बाद भारतीय टीम को छह सप्ताह का ब्रेक मिला। इसके बाद भारतीय टीम ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एक सप्ताह के शिविर में भाग लिया था। फील्डिंग में थोड़ी बहुत कमी आना लगभग अपेक्षित था और कप्तान को लगता है कि टीम बहुत जल्द लय में आ जाएगी। हरमनप्रीत ने कहा कि हम एक महीने बाद खेल रहे हैं। हम खुद को बेवजह चुनौती नहीं देना चाहते। हम बस टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। कागजों पर भी भारतीय टीम मजबूत नजर आती है। उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों काफी मजबूत हैं। सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में चल रही जेमिमा रोड्रिग्स ने विश्व कप के अपने शानदार प्रदर्शन को यहां भी जारी रखा। भारत के लिए सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू 20 वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा का टीम में शामिल होना रहा, जिन्हें हाल ही में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में नजरअंदाज कर दिया गया था। (अनंत ज्ञान)

### संभावित टीमें

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।

## एशिया कप जीतने वाली पाकिस्तानी टीम के हर खिलाड़ी को एक-एक करोड़ रुपए का पुरस्कार

**एजेंसी, कराची**

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने देश की अंडर-19 एशिया कप विजेता टीम के प्रत्येक खिलाड़ी के लिए एक करोड़ रुपए के विशेष नकद पुरस्कार की घोषणा की।

पाकिस्तान की युवा टीम ने रविवार को दुबई में खेले गए फाइनल में भारत को 191 रन से हराकर खिताब जीता था। शरीफ ने इस्लामाबाद में टीम और उसके सहयोगी स्टाफ के लिए आयोजित किए गए स्वागत समारोह में यह घोषणा की। टीम के मेंटोर (मार्गदर्शक) और मैनेजर सरफराज अहमद ने स्वागत समारोह के बाद मीडिया को बताया कि प्रधानमंत्री ने प्रत्येक खिलाड़ी को एक करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। इससे पहले रिपोर्टों के अनुसार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने एशिया कप जीतने वाली जूनियर टीम के खिलाड़ियों के लिए 50-50 लाख रुपए के पुरस्कार की घोषणा की है। (अनंत ज्ञान)

## एबॉट की वापसी पर नजर, हैमस्ट्रिंग चोट से उबरकर बॉक्सिंग डे पर खेलने की उम्मीद

**एजेंसी, सिडनी**

**सिडनी** सिक्सर्स के अनुभवी तेज गेंदबाज सीन एबॉट ने हैमस्ट्रिंग चोट के बाद वापसी को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। एबॉट ने कहा कि पिछले छह हफ्ते उनके लिए काफी 'निराशाजनक' रहे, लेकिन अब वह बॉक्सिंग डे पर बिग बैश लीग में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार होने की दिशा में बढ़ रहे हैं। 33 वर्षीय एबॉट शुरुआती नवंबर में शेफील्ड शील्ड मुकाबले के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट का शिकार हो गए थे। इस चोट के चलते वह एशेज सीरीज की शुरुआत से बाहर हो गए, जबकि उन्हें पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड में शामिल किया गया था। चोट लगने से पहले उन्होंने न्यू साउथ वेल्स की ओर से विक्टोरिया के खिलाफ पांच विकेट झटके थे। इसी दिन ऑस्ट्रेलिया के सीनियर तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भी हैमस्ट्रिंग चोट से जूझ गए थे, जिसके कारण उनका एशेज अभियान समाप्त हो गया। (अनंत ज्ञान)

# राफिन्हा और यामल ने दिलाई बार्सिलोना को आसान जीत

## विलारियल टीम को 2-0 से हराकर फुटबाल लीग लालिगा में शीर्ष पर अपनी स्थिति की मजबूत



**एजेंसी, मैड्रिड**

**राफिन्हा** और लामिन यामल के गोल की बदौलत बार्सिलोना ने विलारियल की टीम को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग लालिगा में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। बार्सिलोना ने इस जीत से अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बनाए रखी। राफिन्हा ने 12वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके करके बार्सिलोना को बढ़त दिलाई। यह उनका लीग में इस सत्र का सातवां गोल था।

इसके बाद यामल ने 63वें मिनट में बार्सिलोना की तरफ से दूसरा गोल किया। उनका भी यह इस सत्र का सातवां गोल है। इस तरह से बार्सिलोना ने सभी प्रतियोगिताओं में लगातार सातवीं जीत दर्ज की। विलारियल की हार के कारण एटलेटिको मैड्रिड ने तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। उसने एक अन्य मैच में गिरोना को 3-0 से हराया।

एटलेटिको ने विलारियल से दो मैच ज्यादा खेले हैं। रविवार को खेले गए अन्य मैचों में एल्ची ने रायो वैलेकानो को 4-0 से जबकि रियाल बेटिस ने गेटाफे को इसी अंतर से हराया। (अनंत ज्ञान)

## चोट के चलते तीन माह तक क्रिकेट से दूर रहेगी ओपनर बल्लेबाज सुजी बेट्स

**एजेंसी, वेलिंगटन**



न्यूजीलैंड की अनुभवी ओपनर बल्लेबाज सुजी बेट्स चोट के चलते अगले तीन महीनों तक क्रिकेट से दूर रहेंगी। उन्हें क्वाड्रिसेप मसल में गंभीर खिंचाव (टियर) हुआ है, जिसके कारण वह घरेलू समर सीजन से लेकर मार्च तक मैदान पर नहीं उतर पाएंगी।

यह चोट सुजी बेट्स को पिछले महीने एक शील्ड मुकाबले के दौरान फील्डिंग करते समय लगी थी। इसके बाद कराए गए स्कैन में पुष्टि हुई कि मांसपेशी में गंभीर टियर है, जिसके चलते पूर्व कप्तान को करीब तीन महीने के रिहैबिलिटेशन की आवश्यकता होगी। चोट की वजह से सुजी बेट्स ओटागो की घरेलू समर सीज़न के शेष मुकाबलों के साथ-साथ फरवरी में जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज़ में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगी। अब उनकी निगाहें मार्च में साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाली व्हाइट-बॉल सीरीज के जरिए वापसी पर टिकी हैं। सुजी बेट्स ने कहा कि इस समर सीजन को मिस करना मेरे लिए बेहद निराशाजनक है। मैं स्पार्क्स के साथ एक और सीजन, खासकर सुपर स्मैश खेलने को लेकर काफी उत्साहित थी।

अब मेरा पूरा ध्यान मार्च में व्हाइट फर्न्स के लिए मैदान पर वापसी करने पर है। न्यूजीलैंड टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि बेट्स पूरी तरह फिट होकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में टीम को मजबूती प्रदान करेंगी। (अनंत ज्ञान)